श्रावण कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 30 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 126, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

2025 में एशिया कप की मेजबानी करेगा भारत 17

जाह्नवी कपूर की उलझ का म्यूजिक एल्बम रिलीज 18

केजरीवाल के खिलाफ अंतिम चार्जशीट दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने आबकारी नीति घोटाला मामले में जांच पूरी करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पांच अन्य के खिलाफ सोमवार को अंतिम चार्जशीट दाखिल किया। इससे पहले एक मुख्य आरोपपत्र और चार पूरक आरोपपत्र दाखिल किए थे, जिनमें दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, तेलंगाना की विधायक के. कविता और 15 अन्य को आरोपी बनाया गया था। सीबीआई ने केजरीवाल, विधायक दुर्गेश पाठक, अरबिंदो फार्मा के गैर-कार्यकारी निदेशक पी सरथचंद्र रेड्डी, बडी रिटेल प्रालि के निदेशक अमित अरोड़ा, कारोबारी विनोद चौहान और आशीष माथुर को आरोपी बनाया है।

आबकारी नीति मामला

सिसोदिया की जमानत पर जवाब दाखिल

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में आरोपी पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सीबीआई ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है और ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। अगली सुनवाई पांच अगस्त को होगी।

सरकार ने अभिमन्यु की तरह देश को चक्रव्यूह में फंसाया

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा को घेरा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्र सरकार पर देश को अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में फंसाने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन इस चक्रव्यूह को तोड़ेगा।

उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह दावा किया कि बजट में चंद पूंजीपतियों के एकाधिकार और लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट करने वाले राजनीतिक एकाधिकार को मजबूती प्रदान की गई है, जबकि युवाओं, किसानों तथा मध्य वर्ग को नजरअंदाज कर दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र में अभिमन्यु को चक्रव्यूह में छह लोगों ने फंसा कर मारा था... चक्रव्यूह का दूसरा नाम है 'पद्मव्यूह', जो कमल के फूल के आकार का होता है। कहा कि अभिमन्यु को चक्रव्यूह में छह लोगों द्रोणाचार्य, कर्ण, अश्वत्थामा, कृपाचार्य, कृतवर्मा और शकुनी ने मारा था। आज भी चक्रव्यूह रचने वाले छह लोग हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा चार अन्य लोगों का नाम लिया, जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपत्ति जताई। कहा कि आप नेता प्रतिपक्ष हैं...आपकी पार्टी के उपनेता (गौरव गोगोई) ने लिखकर दिया है कि जो सदन का सदस्य नहीं है, उसका नाम नहीं लिया जाना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने देश के प्रमुख उद्योगपतियों को ए 1 और ए 2 कहकर संबोधित किया। कहा कि यह देश शिवजी की बारात पसंद करता है जिसमें सभी शामिल हो सकते हैं।

इंटर्नशिप कार्यक्रम युवाओं के साथ मजाक

राहुल गांधी ने कहा कि बजट में इंटर्नशिप कार्यक्रम की बात मजाक है, क्योंकि इंटर्नशिप कार्यक्रम देश की 500 बड़ी कंपनियों में होगा। 99 प्रतिशत युवाओं का इससे लेना-देना नहीं है। पेपर लीक का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने बेरोजगारी और पेपर लीक का चक्रव्यूह बना दिया है। युवाओं के लिए पेपरलीक बड़ा मुद्दा है, लेकिन इसकी बात नहीं की गई। राहुल गांधी ने अग्निपथ' योजना का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सेना के जवानों को अग्निपथ के चक्रव्यूह में फंसाया गया। बजट में अग्निवीरों को पेंशन के लिए रुपया नहीं दिया गया।

- कहा-बजट में चंद पूंजीपतियों और राजनीतिक एकाधिकार को प्रदान की गई मजबूती
- सदन में नामौजूद लोगों का भाषण में नाम लेने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जताई आपत्ति

राहुल गांधी ने गुमराह करने की कोशिश की

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वक्तव्य का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने अग्निवीरों को लेकर देश को गुमराह करने का प्रयास किया और बजट पर भ्रांति पैदा की है। रक्षा मंत्री ने कहा, नेता प्रतिपक्ष ने बजट से संबंधित जो भी भ्रांतियां पैदा की हैं, उस पर वित्त मंत्री जवाब देते समय बात करेंगी। देश की सुरक्षा का मुद्दा संवेदनशील मुद्दा है। राहुल गांधी के भाषण के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को सदन के नियमों के बारे में पता होना चाहिए और उन्हें सदन की कार्य प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए।

एक नजर

नीट-यूजी काउंसलिंग 14 अगस्त से शुरू होगी

नई दिल्ली। नीट-यूजी 2024 के लिए काउंसलिंग 14 अगस्त से शुरू होगी। सोमवार को जारी एमसीसी के नोटिस में यह जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के सचिव डॉ. बी श्रीनिवास ने कहा कि काउंसलिंग की प्रक्रिया के लिए पंजीकरण अगस्त के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है।

पुंछ में जंग लगा मोर्टार का गोला बरामद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक गांव में सोमवार को जंग लगा हुआ, मोर्टार का एक गोला मिला, जिसे बाद में निष्क्रिय कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मोर्टार का गोला सुरनकोट इलाके के द्राबा गांव में घास के मैदान में पड़ा हुआ था। इसे देखने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पास के एक सैन्य शिविर को दी।

अब तक 4.65 लाख ने किया अमरनाथ का दर्शन

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में इस साल शिवलिंग का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 4.65 लाख से अधिक हो गई है, जो पिछले वर्ष के तीर्थयात्रियों की कुल संख्या से अधिक है। अधिकारियों के अनुसार सोमवार को 7,500 से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए।

मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा में जमकर हंगामा

कानून-व्यवस्था, बिजली और बाढ़ के मुद्दे पर सरकार को घेरा

समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने वेल में जाकर जताया विरोध, की नारेबाजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। मुख्य विपक्षी दल सपा के सदस्यों ने कानून-व्यवस्था, बाढ़ व बिजली समस्या के मुद्दे पर सरकार को घेरा और वेल में आकर विरोध जताया। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सभी समस्याओं पर चर्चा कराने के आश्वासन पर सदस्य शांत हुए। विधान परिषद में भी विपक्ष ने इन मुद्दों पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

विधानसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिमंडल के चार नए सदस्यों ओपी राजभर, अनिल कुमार, दारा सिंह चौहान और सुनील शर्मा का सदन के सदस्यों से परिचय कराया। इसके बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने कानून-व्यवस्था, बाढ़, बिजली कटौती समेत अन्य मुद्दों को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि इस समय पूरा प्रदेश कानून-व्यवस्था, बाढ़, बेरोजगारी, बिजली कटौती की समस्या जैसे गंभीर मुद्दों का सामना कर रहा है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को इस पर नोटिस देने का अधिकार है, इन मुद्दों पर सदन में चर्चा कराई जाएगी, लेकिन सपा के सदस्य उनकी व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हुए और नाराजगी जताते हुए वेल में पहुंच गए। बाद में अध्यक्ष ने उन्हें किसी तरह समझाकर शांत कराया।



मानसून सत्र के दौरान विधानसभा के वेल में विरोध प्रदर्शन करते विपक्ष के विधायक। ● एजेंसी

आज पेश होगा अनुपूरक बजट

विधानसभा में 30 जुलाई को करीब 25 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उनके आवास पर कैबिनेट की बैठक होगी, जिसमें सदन में प्रस्तुत होने वाले अनुपुरक बजट को मंजूरी दी जाएगी। बैठक सुबह साढ़े नौ बजे बुलाई गई है।

रचनात्मक मुद्दों के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपक्षी सदस्य जिन रचनात्मक मुद्दों को लेकर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहेंगे, प्रदेश के विकास और जनता-जनार्दन से जुड़ी उन हर समस्याओं के समाधान के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्ध है। सोमवार को मानसून सत्र शुरू होने के पहले विधान भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने फरवरी में ही अपना बजट पास किया था। प्रदेश की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पहली अनुपूरक मांग सदन में प्रस्तुत होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश पिछले सात वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में जिन ऊंचाइयों को प्राप्त किया है, वह अभूतपूर्व, अविस्मरणीय व अनुकरणीय है।

लव जिहाद पर होगी उम्रकैद, बनेगा कानून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विधानसभा में उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक पेश
- पेश हुए राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण समेत 12 अध्यादेश

अमृत विचार : राज्य सरकार अब जबरन धर्म परिवर्तन व लव जिहाद को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने जा रही है। इससे संबंधित उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक-2024 सोमवार को विधानसभा में पेश कर दिया गया। इसमें पहले से परिभाषित अपराधों में सजा जहां दोगुनी करने का प्रावधान है। वहीं, नाबालिग का लव जिहाद के लिए अपहरण करने व उसे बेचने पर उम्रकैद का भी प्रावधान किया गया है।

सोमवार को राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण समेत 12 अध्यादेश सदन में पेश हुए। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश इस विधेयक में कहा गया है कि विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन के अपराध की संवेदनशीलता, धर्म परिवर्तन जनसांख्यिकी परिवर्तन में विदेशी और राष्ट्र विरोधी तत्वों की योजना के चलते 2021 के इस अधिनियम में जुर्माने व दंड की राशि में वृद्धि करना जरूरी हो गया है।

विदेशी फंडिंग पर 7 से 14 वर्ष की सजा और 10 लाख जुर्माने का प्रावधान है। विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन के लिए फंडिंग को भी इस कानून के तहत अपराध के दायरे में लाया गया है। इसमें विदेशी संस्थाओं या किसी भी अवैध संस्था से हुई फंडिंग भी शामिल है।

सजा व जुर्माना बढ़ेगा

पेश अध्यादेश में कहा गया है कि धर्म परिवर्तन करने के आशय से किसी के जीवन या संपत्ति को भय में डालने, विवाह का वचन या षड्यंत्र करने या प्रलोभन देकर नाबालिग लड़की का अपहरण करने पर कम से कम 20 वर्ष की सजा या उम्रकैद होगी। बहला-फुसला कर धर्म परिवर्तन पर 10 साल की सजा। धोखे, कपट से शादी करने पर 3 से 10 साल जेल होगी, 25 हजार जुर्माना देना होगा। अवैध ढंग से सामूहिक धर्म परिवर्तन कराने पर 7-14 साल तक जेल हो सकती है जबकि जुर्माना अधिकतम एक लाख रुपया होगा।

जेई बर्खास्त, सहायक इंजीनियर निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोचिंग सेंटर हादसे में एमसीडी ने की कार्रवाई
- दोनों करोलबाग जोन के रखरखाव विभाग में तैनात थे

दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर की इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने के कारण तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कड़ी कार्रवाई करते हुए एक अधिकारी को बर्खास्त और एक अन्य अधिकारी को निलंबित कर दिया है। एमसीडी ने सोमवार को यहां ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में अतिक्रमण रोधी अभियान भी चलाया। नगर निगम ने रविवार को इस इलाके में 13 अवैध कोचिंग सेंटर को सील कर दिया था। पुलिस ने 'राव आईएएस स्टडी सर्किल' को पहले ही सील कर दिया है, जिसके 'बेसमेंट' में पानी भर जाने के कारण शनिवार को तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत हो गई थी। एमसीडी आयुक्त अश्वनी कुमार ने कहा कि कोचिंग सेंटर में अभ्यर्थियों की मौत के संबंध में एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया गया है और एक सहायक इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया है। दोनों करोल बाग जोन के रखरखाव विभाग में तैनात थे। आधिकारिक आदेश में कहा गया कि जूनियर इंजीनियर का अनुबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है, जबकि सहायक इंजीनियर को निलंबन किया जाता है।

इस बीच, एमसीडी ने ओल्ड राजेंद्र नगर में बरसाती नालों पर बने अवैध ढांचों को हटाने के लिए इलाके में अतिक्रमण रोधी अभियान शुरू किया है। इस अतिक्रमण के कारण इलाके में जलभराव हो गया था। 'राव आईएएस स्टडी सर्किल' के पास कुछ बुलडोजर भी कार्रवाई करते हुए देखे गए। एमसीडी आयुक्त ने पहले बताया था कि इलाके में अतिक्रमणकर्ताओं ने बरसाती नालों को ढक दिया था और इससे जलभराव हुआ।

अभ्यर्थियों की मौत मामले में पांच और गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग संस्थान की चार मंजिला इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने के कारण तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत होने के मामले में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में 'बेसमेंट' का मालिक भी शामिल है। इसी के साथ इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या सात हो गई है। दिल्ली पुलिस ने 'राव आईएएस स्टडी सर्किल' के मालिक और समन्वयक को रविवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस उपायुक्त (मध्य) एम. हर्षवर्धन ने बताया कि इमारत की प्रत्येक मंजिल का मालिक अलग-अलग व्यक्ति है। उन्होंने कहा कि पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें 'बेसमेंट' का मालिक और उस वाहन का चालक भी शामिल है, संभवत: जिसके कारण इमारत का गेट क्षतिग्रस्त हो गया था।

पुष्पेंद्र हत्याकांड में दो बाबुओं समेत नौ लोगों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नौ साल पहले कपूर कपंनी पर हुई थी पुष्पेंद्र यादव की हत्या

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में नौ साल पहले हुए पुष्पेंद्र यादव हत्याकांड में कोर्ट ने महिला कल्याण विभाग के दो बाबुओं समेत नौ हत्यारोपियों को दोषी ठहराते हुए सभी को उम्रकैद सुनाई और दो-दो लाख जुर्माना लगाया।

थाना कटघर के गोविंद नगर निवासी पुष्पेंद्र यादव महिला कल्याण विभाग में संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर था। हत्या से एक साल पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। वो विभाग के दो बाबुओं चुन्नीलाल और मुकुट लाल के कारनामों को जान गया था। पुष्पेंद्र आरटीआई डालकर दोनों बाबुओं से विभाग में हुए लगभग 20 करोड़ के गबन के बारे में जानकारी मांग रहा था। राज के खुलने के डर से दोनों बाबुओं ने तीन लाख की सुपारी देकर पुष्पेंद्र की हत्या करा दी थी। एडीजीसी मनीष भटनागर ने बताया कि बीती 25 जुलाई को सुनवाई के बाद एडीजे तीन सरोज कुमार यादव ने आरोपियों चुन्नीलाल, मुकुटलाल उर्फ मुकुट सिंह, शादाब उर्फ शहजाद उर्फ भूरा, जौहर अली, फिरासत, शहजाद, जलील उर्फ खलील, सलमान और आसिफ को पुष्पेंद्र की हत्या का दोषी करार दिया था।

सोशल मीडिया से हटाएं कोरोनिल से संबंधित सामग्री

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को योग गुरु रामदेव को कोविड-19 के इलाज के लिए 'कोरोनिल' के इस्तेमाल से संबंधित कुछ आपत्तिजनक बातें सोशल मीडिया पोस्ट हटाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि प्रतिवादी को तीन दिनों में उन ट्वीट को हटाने होंगे। अगर निर्देश का पालन नहीं किया जाता है, तो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' इस सामग्री को हटा देगा। यह याचिका रामदेव, उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ चिकित्सक संघों द्वारा दायर 2021 के मुकदमे का एक हिस्सा है।

- दिल्ली हाईकोर्ट ने योग गुरु रामदेव को दिया निर्देश

पतंजलि आयुर्वेद पर चार करोड़ जुर्माना : मुंबई। बंबई हाईकोर्ट ने 2023 के एक अंतरिम आदेश की अवहेलना के लिए सोमवार को पतंजलि आयुर्वेद पर चार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आदेश में मंगलम ऑर्गेनिक्स द्वारा दायर 'ट्रेडमार्क' उल्लंघन मामले में पतंजलि के कपूर उत्पाद बेचने पर रोक लगाई गई थी।

पत्नी का गला रेतने के बाद खुद की गर्दन काटकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, अगवानपुर(मुरादाबाद)

- गृह क्लेश के चलते उठाया आत्मघाती कदम, घायल पत्नी का हो रहा अस्पताल में उपचार

अमृत विचार : पति ने पत्नी की गर्दन रेतकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में खुद की गर्दन काटकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार सुबह घरेलू कलह के चलते हुई। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पति के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अगवानपुर नगर पंचायत के मोहल्ला तारावाला कुंआ निवासी सलीम अहमद (50) पुत्र छिद्दन खां और उसकी पत्नी नरगिस जहां में काफी समय से विवाद चल रहा था। सलीम की तीन बेटियां हैं। दो की शादी हो चुकी है। सलीम तीसरी बेटी की शादी मकान बेचकर करना चाहता था, लेकिन पत्नी मकान बेचने के लिए मना कर रही थी। इसी को लेकर दोनों में आए दिन विवाद होता रहता था। सोमवार को विवाद इतना बढ़ गया कि सलीम ने गत्ता काटने वाले ब्लेड से नरगिस की गर्दन पर वार कर दिया। जिस पर वह घर से बाहर शोर मचाती हुई भागी। पड़ोसियों ने उसकी हालत देखकर तुरंत अस्पताल (टीएमयू) में भर्ती कराया। इसके बाद सलीम ने अपनी गर्दन भी काटकर आत्महत्या कर ली। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने मौका मुआयना किया।

सपा सांसद अफजाल अंसारी की सजा रद

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी को कृष्णानंद राय हत्याकांड में गाज़ीपुर एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा दी गई 4 साल की सजा रद कर दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने पारित किया। कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष राय और राज्य सरकार ने अंसारी की सजा बढ़ाने की अपील दाखिल की थी। अफजाल की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगाते हुए अंसारी को हाईकोर्ट जाने की सलाह दी।

सेहत का खयाल | प्रदेश में संचालित हो रहे हैं 101 आश्रम पद्धति विद्यालय, 33 हजार छात्र-छात्राएं ले रहे हैं शिक्षा

तन-मन होगा तंदुरुस्त जब मिलेगा पौष्टिक आहार

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- अभी तक एक समय की 75 रुपये के हिसाब से खाने की खुराक दी जा रही थी, अब दर बढ़ाकर 114 रुपये करने की सिफारिश
- छह दिन इन बच्चों को अलग-अलग तरह की दालों के साथ दलिया और चने भी खाने में दिए जाएंगे

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्र-छात्राओं की शिक्षा के साथ अब उनकी सेहत पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। छात्रों की खुराक को और अच्छा किया जाएगा। इसके लिए खुराक की दरें बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। बढ़ाई जाने वाली दर एक समय की होगी।

प्रदेश में 101 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें 33 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। इनको बेहतर शिक्षा देने के लिए विषय विशेषज्ञ रखे गए हैं। छात्रों को बेहतर नाश्ता और भोजन मिल सके इसके लिए विद्यार्थियों के एक समय के खाने की खुराक की दर 75 रुपये से बढ़ाकर 114 रुपये करने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। शासन से स्वीकृति मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा। छात्र-छात्राओं को छह दिन अलग-अलग दालों के साथ दलिया और चने भी खाने में दिए जाएंगे।

आहार में शामिल रहेंगे मौसमी फल

छात्र-छात्राओं को शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत करने के लिए प्रतिदिन एक केला दिया जाएगा। साथ ही मौसमी फल भी देना जरूरी होगा। इसके अलावा नमकीन दलिया, हलवा, मीठी दलिया, उबला चना, ब्रेड मक्खन, पोहा और फ्राइड चना शामिल किया गया है।

मटर पनीर के साथ मिलेगी खीर, शेड्यूल तय

रविवार को छात्र-छात्राओं को विशेष भोजन परोसा जाएगा। सुबह नाश्ते में ब्रेड पकौड़ा और चाय दी जाएगी। उनके लिए रसोई में मटर पनीर के साथ पूड़ी, जीरा राइस और मिठाई या खीर परोसी जाएगी। सलाद अनिवार्य रूप से रहेगा। जबकि रात के भोजन में तहरी या खिचड़ी दी जाएगी। नाश्ता, दोपहर का खाना, शाम का नाश्ता और रात्रि भोजन का पूरा शेड्यूल सोमवार से रविवार तक का बनाया गया है। बुधवार को छोला-भटूरा, पुलाव और गुलाब जामुन रात के खाने में मिलेगा।

"शासन की मंशा के अनुरूप छात्र-छात्राओं को पूरी सुविधा दी जा रही है। उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहतर और गुणवत्तायुक्त नाश्ता-भोजन दिया जा रहा है। भोजन की राशि बढ़ाने की सिफारिश की गई है।

– कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

एक नजर

राशन कार्ड नहीं बनने से लोग हो रहे परेशान

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां ने जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड नहीं बनने से पात्र लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिन लोगों ने चुनाव से पूर्व आवेदन किए थे, आदर्श आचार संहिता लगने के कारण उनके आवेदन प्रतीक्षारत थे। आचार संहिता हटने के बाद भी उनके कार्ड नहीं बन रहे हैं। लोग कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर है। जिला पूर्ति अधिकारी ने कार्ड बनवाने का आश्वासन दिया है।

आचार संहिता मामले में सात अगस्त को होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : सपा नेता आजम खां से जुड़े आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में सात अगस्त को सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां ने 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में उनके खिलाफ गंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही थी। सोमवार को इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई के लिए सात अगस्त की तारीख निर्धारित की गई है।

चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : बिलासपुर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। सोमवार को बिलासपुर पुलिस ने माटखेडा पुल के नीचे से बाइक सवार दो युवकों को संदेह होने पर रोक लिया। दोनों बाइक के बारे में सही जानकारी नहीं दे सके। इंस्पेक्टर बलवान सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी राजेश कुमार ने स्वीकार किया कि यह बाइक उसने अपने साथी मनीष के साथ मिलकर दिल्ली से चोरी की थी। दोनों आरोपी दिल्ली के रहने वाले हैं।

शादी की जिद पर प्रेमी ने की थी हत्या

एक माह पूर्व हुई कमलेश की हत्या में पुलिस ने दो हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

पुलिस लाइन में घटना का खुलासा करते एसपी देहात। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जनपद के बिलारी थाना क्षेत्र में एक माह से लापता युवती की हत्या उसके प्रेमी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर कर दी थी। वारदात के बाद शव रामपुर के सैफनी के जंगल में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी प्रेमी और उसके साथी को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा है।

सोमवार को पुलिस लाइन में एसपी देहात संदीप कुमार मीणा और सीओ बिलारी राजेश कुमार तिवारी ने प्रेसवार्ता कर बिलारी क्षेत्र में एक माह पूर्व अपहरण के बाद हत्या की वारदात का खुलासा किया। एसपी देहात ने बताया कि बिलारी के गांव मल्हपुर जन्नू निवासी माया पत्नी स्वर्गीय महिपाल ने 27 जून 2024 को बेटी कमलेश (20) को बहला फुसला कर अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया था कि गांव के ही राम सिंह ने अपने अज्ञात साथी के साथ मिलकर कमलेश को अगवा कर लिया है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद से पुलिस टीम आरोपी राम सिंह की तलाश में जुटी थी। रविवार को एसएचओ बिलारी रवींद्र प्रताप सिंह की टीम ने सर्विलांस टीम की मदद से आरोपी राम सिंह और उसके साथी जयवीर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने मिलकर कमलेश की हत्या करने की बात स्वीकार की।

एसपी देहात के अनुसार पूछताछ में पता चला कि राम सिंह पहले से शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे भी हैं। उसका कमलेश से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कमलेश राम सिंह पर शादी करने के लिए दबाव बना रही थी। इसी कारण उससे पीछा छुड़ाने के लिए 21 जून की रात राम सिंह ने अपने दोस्त जयवीर के साथ मिलकर अपने ही घर में कमलेश की तकिया से मुंह दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद सुबह होने पर सभी लोग जाग गए थे। इसलिए शव को कमरे में रख कर दोनों चले गए थे। अगले दिन रात को राम सिंह अपने दोस्त को लेकर दोबारा घर में आया और कमलेश के शव को बाइक पर बीच में रखकर रामपुर के सैफनी थाना क्षेत्र में गांव बिचपुरी के पास सड़क किनारे फेंक दिया। आरोपी ने कमलेश के चेहरे पर तेजाब भी डाल दिया जिससे उसकी पहचान न हो सके। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस टीम ने सैफनी जाकर वहां थाना पुलिस से जानकारी की तो पता चला कि 24 जून को बिचपुरी के पास एक लड़की का शव सड़ी गली अवस्था में मिला था। शिनाख्त न होने पर उसका पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार कर दिया गया था। बिलारी एसएचओ ने कमलेश के परिजनों को बुलाया और उन्हें लेकर सैफनी थाने पर पहुंच गए। वहां कमलेश की मां माया देवी और भाई बबलू ने कपड़े, चूड़ी, कलावा, माला, नथ व शव बरामदगी के समय लिए गए फोटो से उसकी शिनाख्त कमलेश के रूप में की। बाद में पुलिस ने आरोपी राम सिंह की निशानदेही पर उसके घर से कमलेश की चप्पल व मोबाइल फोन बरामद कर लिया। आरोपी जयवीर के घर से कमलेश का आधार कार्ड भी मिला। एसपी देहात ने बताया कि पूर्व में दर्ज अपहरण के मामले में हत्या और शव गायब कर साक्ष्य छिपाने की धारा बढ़ाई गई है।

छुट्टी न मिलने पर महिला सिपाही का सुसाइड नोट हुआ वायरल, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, संभल

● सुसाइड नोट में लिखा बीमारी पर नहीं दी छुट्टी, ऊपर से लगा दी ड्यूटी

अमृत विचार : आत्महत्या कर जान दे रही हूं,कार्यवाहक प्रभारी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। कुछ ऐसी ही शब्दावली के साथ जनपद संभल की गुन्नौर कोतवाली में तैनात महिला मुख्य आरक्षी के नाम से सुसाइड नोट वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया। इस पत्र में कहा गया है कि बीमारी के चलते छुट्टी मांगी तो छुट्टी से इंकार कर उसकी ड्यूटी लगा दी गई। बड़े पुलिस अधिकारी मामले की जानकारी से मना कर रहे हैं।

गुन्नौर कोतवाली में तैनात महिला मुख्य आरक्षी राधा रानी के नाम से से पुलिस अधीक्षक को लिखे गये पत्र में कहा गया है कि 28 जुलाई को उसकी तबीयत खराब हुई तो एक दिवसीय आकस्मिक अवकाश के लिए डाक मुंशी के जरिये कोतवाल को प्रार्थना पत्र दिया। बाद में मुंशी ने बताया कि कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक ने छुट्टी देने से इंकार कर दिया है। इसके बाद रवि कुमार नाम के सिपाही ने फोन कर बताया कि तुम्हारी मुल्जिम ड्यूटी लगाई गई है। जब सिपाही से कहा कि मुझे.तेज बुखार है तो कोतवाल ने गैर हाजिरी दर्ज करा दी। पत्र में राधा रानी के हवाले से आगे लिखा गया कि उसने अधिकारियों के आदेशों,निर्देशों की अवहेलना नहीं की। वह बुखार में कैसे ड्यूटी कर सकती थी। उल्टे कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक ने बीमारी के बावजूद उसे छुट्टी न देकर अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की है। अंत में लिखा कि अब वह आत्महत्या करने जा रही है। मैं तो आत्महत्या कर जान दे रही हूं,कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये।

जानकारी करने पर यह बात साफ हो गई कि गुन्नौर कोतवाली में राधा रानी नाम की महिला मुख्य आरक्षी तैनात है। वायरल पत्र की हकीकत बताने को राधा रानी सामने नहीं आई। वहीं पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि उन्हें इस तरह का कोई पत्र नहीं दिया गया है और यह मामला भी उनके संज्ञान में नहीं है।

ग्रामीण को छत से धक्का देने के आरोपी गिरफ्तार

मिलक, अमृत विचार : छत से धक्का देकर ग्रामीण को मौत के घाट उतारने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

क्षेत्र के ग्राम क्योरार निवासी चेतराम छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने हालत को गंभीर बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। घायल के पुत्र ऋषि पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उनके पिता को गांव निवासी मोहन लाल और मोहर सिंह ने अपने घर बुलाया था। आरोपियों ने रंजिश के चलते उन्हें छत से धक्का दे दिया था। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। तहरीर पर पुलिस ने 25 जुलाई को दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। उधर इलाज के दौरान 27 जुलाई को चेतराम की मौत हो गई थी। पुलिस ने सोमवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके विरोध में गांव के सैकड़ों लोग कोतवाली पहुंचे और दोनों आरोपियों को निर्दोष बताया।

दंपति ने कोतवाल व दरोगा बनकर ठगे 40 हजार रुपये

संवाददाता, मिलक

● पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

अमृत विचार : दहेज उत्पीड़न के मुकदमे का झांसा देकर दंपति ने ग्रामीण से 40 हजार रुपये ठग लिए। असलियत का पता चलने पर पीड़ित के पैरों तले से जमीन खिसक गई। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

क्षेत्र के हरदासपुर गांव निवासी नन्हे ने पुलिस अधीक्षक को भेजे शिकायती पत्र में लिखा है कि उसकी पुत्रवधू ने नाराज होकर एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। भरण पोषण का मुकदमा परिवार न्यायालय में लम्बित है। एक अन्य शिकायती पत्र उसके पुत्र व परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ भी दिया था। पीड़ित के अनुसार उसके गांव में बरेली जिला निवासी युवक की दुकान है। युवक ने कहा कि उसके व उसके परिवार वालों के खिलाफ थाना मिलक में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज हैं। वह उसे खत्म करा देगा। कहा कि कोतवाल उसका रिश्तेदार है। मुकदमा खत्म कराने के नाम पर युवक ने 15 अप्रैल को 9,900 रुपये फोन पे पर ट्रांसफर करा लिए तथा 15,000 रुपये नकद ले लिए। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को कोतवाल बताते हुए कहा कि वह उसका मुकदमा खत्म कर देगा। 17 अप्रैल को 16,000 रुपये बुलाकर ले लिए। एक महिला भी फोन पर बात करती थी। वह खुद को कोतवाली मिलक की दरोगा बताती थी। बाद में पीड़ित को पता चला कि फोन पर बात करने वाला कोतवाल और महिला दरोगा कोई और नहीं बल्कि पडोस के गांव निवासी एक दंपति हैं।

अचानक काम से लौटकर आया सलीम और कमरे में जाकर पत्नी पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● मृतका की बेटियां बोलीं-मां ने पिता को अपने हाथ से बनाकर दिया था नाश्ता, फिर क्या हुआ पता नहीं

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर निवासी राजमिस्त्री सलीम अहमद सुबह नाश्ता करके काम पर चला गया था, लेकिन कुछ देर बाद ही वह वापस और सीधे कमरे में जाकर पत्नी पर पेपर कटर (ब्लेड) से हमला कर दिया। इस दौरान उसकी बेटी ने उससे पेपर कटर छीनने की कोशिश की थी, जिसमें उसकी उंगली भी कट गई।

पत्नी पर हमला कर खुद की गर्दन काट कर जान देने वाले राजमिस्त्री सलीम के परिवार में पत्नी नरगिस और तीन बेटियां हैं। दो बेटियों रायमीन और महक का निकाह हो चुका है। जबकि छोटी बेटी अल्फिया माता-पिता के साथ ही रहती है। अल्फिया ने बताया कि रविवार रात वह माता-पिता के साथ आंगन में सो रही थी। जबकि घर पर आई बड़ी बहन कमरे में सोई थी। सुबह लगभग सात बजे मां नरगिस उठी और पिता को नाश्ता बनाकर दिया। इसके बाद वह काम पर चले गए। लेकिन थोड़ी देर बाद ही वह वापस आया और कमरे में चला गया। कुछ समय बाद कमरे से मां के चीखने की आवाज आई। इस पर वह बहन के साथ मां के कमरे की ओर भागी। खून से लथपथ पिता हाथ में पेपर कटर लेकर कमरे से बाहर आ रहा है। उसने पिता के हाथ से पेपर कटर छीनने का प्रयास किया तो उसकी उंगली कट गई। बाद में पिता पेपर कटर लेकर गेट बैठ गया। बेटियां अंदर गईं तो मां नरगिस चारपाई पर तड़प रही थी। उसके गले से खून की धार बह रही थी।

बेटियों की चीखपुकार सुन लोग एकत्र हो गए। सभी सलीम और नरगिस की खून से लथपथ गर्दन कटी हालत में देख सन्न रह गए। घटना की सूचना पर अगवानपुर चौकी प्रभारी मेघराज सिंह तुरंत मौके पर पहुंच गए। बाद में एसपी सिटी, सीओ और एसएचओ भी आ गए। पुलिस ने जब परिवार वालों से पूछताछ की तो बेटियां घटना का कारण नहीं बता पा रहीं थी। बेटियों ने यही कहा कि सुबह सब कुछ ठीक था मां ने खुद नाश्ता बताकर पिता को दिया था। फिर अचानक ऐसा क्या हुआ इसका पता नहीं है।

अयोध्या एक्सप्रेस में गूंजी किलकारी मां-बेटे को अस्पताल में कराया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

जिला महिला अस्पताल में भर्ती मां-बेटा।

अमृत विचार : अयोध्या एक्सप्रेस में महिला ने बच्चे को जन्म दिया है। सूचना पर पहुंचे रेलवे के कर्मचारियों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया।

संतान पैदा होने पर परिवार में खुशी है। दिल्ली से अयोध्या रामलला के दर्शन करने के लिए रामकुमार अपनी गर्भवती पत्नी मीना के साथ जा रहे थे। रामकुमार ने बताया कि रविवार की रात करीब 11 बजे ट्रेन जब रामपुर रेलवे स्टेशन पर रुकी तो मीना को प्रसव पीड़ा होने लगी। पति ने ट्रेन में मौजूद लोगों से मदद की गुहार लगाई। तभी ट्रेन में सवार एक महिला मदद को आगे आई। उस महिला की मदद से मीना ने ट्रेन में ही बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद रेलवे कर्मचारियों को सूचना दी गई। उन्होंने 108 एम्बुलेंस को बुलाया और दोनों को जिला महिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.अनवर सादात ने बताया कि महिला और उसका नवजात शिशु पूर्ण रूप से स्वस्थ है। दोनों को 48 घंटे तक अस्पताल में रखा जाएगा।बअ

उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें: डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

बैठक में मौजूद उद्यमी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि जिन विभागों के स्तर पर अनापत्ति प्रमाण पत्र लंबित हैं, तत्काल निस्तारित कराएं। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को संबंधित विभागों के साथ समन्वय बना कर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग एवं व्यापारी बंधुओं की बैठक हुई। इसमें उद्योग से जुड़ी समस्याओं को रखा गया। इस दौरान काफी समय से लंबित स्वार क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया की समस्या का समाधान हो गया। रोशन बाग इंडस्ट्रियल एरिया की सुरक्षा, कैपिटल सब्सिडी, इंडियन टोनर्स की सड़क निर्माण, स्वाति मेंथोल एवं शशिकांता मेटल की विद्युत संबंधी, नीरू मेंथोल की आरटीओ विभाग से संबंधित समस्याओं का तुरंत समाधान जिलाधिकारी ने किया। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। बैठक में शैलेन्द्र शर्मा, आदर्श अग्रवाल, मनोज गुप्ता, अंकित अग्रवाल, अमित कपूर, अनिलेश अग्रवाल, मनोज तिवारी, रामकुमार अग्रवाल आदि उद्योगपति व उपायुक्त उद्योग सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

रुपया हड़पने वाले मां-बेटे को किसानों ने बंधक बनाया

संवाददाता, बिलासपुर

● दोपहर से शाम तक चलता रहा वार्ता का दौर, नहीं हुई कार्रवाई

अमृत विचार : क्षेत्र के 50 से अधिक किसानों को ठगी का शिकार बनाकर आढ़ती मां-बेटे ने 1.08 करोड़ रुपये हड़पने लिए। किसानों ने आढ़ती मां-बेटे को बंधक बना लिया। हंगामे के दौरान किसानों ने उनसे अपना रुपया वापस करने की मांग की। फिलहाल दोनों पक्षों में वार्ता का दौर चल रहा है।

नैनीताल हाईवे स्थित नवीन मंडी में घूमने आए हरियाणा के आढ़ती मां-बेटे को अचानक बंधक बना लिया गया। इसके बाद मंडी के आढ़तियों और किसानों ने हंगामा करना शुरु कर दिया। जानकारी पर पुलिस और ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आक्रोशित किसानों और आढ़तियों से वार्ता की। दोनों को बंधक बनाने का कारण जाना। किसानों ने बताया कि कुछ माह पूर्व यह मां-बेटे स्थानीय मंडी में हरियाणा के आढ़ती बनकर आए थे। दोनों ने झांसा देकर स्थानीय आढ़ती की जमानत पर 50 से अधिक किसानों का अनाज खरीद लिया था। उन्होंने जल्द ही अनाज का भुगतान करने का आश्वासन दिया था। मगर अनाज खरीद कर यह दोनों वापस नहीं आए। रुपयों के लिए झांसा देते रहे। सोमवार की दोपहर दोनों वेशभूषा बदल कर मंडी पहुंच गए। मगर किसानों ने उन्हें पहचान लिया और बंधक बना लिया गया। व्यापारी नेताओं ने बताया कि अभी दोनों पक्षों में वार्ता चल रही है। अगर यह लोग किसानों का पैसा नहीं देते हैं तो इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. यतीन्द्र कटारिया को केरल के राज्यपाल ने किया सम्मानित

संवाददाता, मंडी धनौरा

डॉ. यतीन्द्र कटारिया को राज्यपाल ने राजभवन में किया सम्मानित।

अमृत विचार : राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने डॉ. यतीन्द्र कटारिया की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी में दिए गए योगदान की प्रशंसा की और उन्हें सम्मानित भी किया। डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने केरल की राजधानी तिरुवन्तपुरम में आयकर मुख्यालय व पावर ग्रिड तथा आरईसी में हिन्दी कार्यशालाओं को संबोधित कर किया।

देश-विदेश में हिंदी के संवर्धन व साहित्य सृजन में निरंतर कार्य कर रहे नगर निवासी शिक्षक डॉ. यतींद्र कटारिया आजादी के अमृत काल में देश भर में हिंदी अपनाओ, व्यवहार में लाओ अभियान के तहत हिंदी के प्रति अलख जागते हुए हिंदी तथा भारतीय भाषाओं की महिमा से अवगत करा रहे हैं। हाल ही में पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न नगरों व संस्थानों में हिंदी कार्यशाला तथा राजभाषा संवाद कार्यक्रम के बाद केरल की राजधानी तिरुवंतपुरम पहुंचे थे।

डॉ. कटारिया ने कहा कि अब हिंदी भारत ही नहीं विश्व पटल पर देश का गौरव बढ़ा रही है। दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा हिंदी संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा बनने की दहलीज पर है तथा मॉरीशस स्थित विश्व हिंदी सचिवालय व फिजी स्थित शब्द प्रयोगशाला हिंदी के संवर्धन में अंतर्राष्ट्रीय पटल पर योगदान दे रहे हैं।

धनौरा आएंगे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान

केरल के राज्यपाल तथा प्रखर वक्ता आरिफ मोहम्मद खान शीघ्र ही धनौरा आएंगे। वह यहां विश्व हिन्दी मंच सरदार पटेल मंच व संस्कार भारती के संयुक्त कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान क्षेत्र के गांव मोहदीनपुर भी जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने बताया कि इस अवसर धनौरा का इतिहास धन्य धनौरा व कई अन्य पुस्तकों का विमोचन व विचार गोष्ठी व कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।

संविदा कर्मचारी संघ के शादाब हसन प्रभारी जिलाध्यक्ष मनोनीत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

शादाब हसन को मनोनयन पत्र सौंपते सीएमएस। ● अमृत विचार

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती की संस्तुति पर शादाब हसन को प्रभारी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। शादाब हसन ने कहा कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे मैं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाऊंगा। संगठन की नीतियों का प्रचार प्रसार करने के लिए अन्य लोगों को भी सदस्यता दिलाई जाएगी।

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रभारी शादाब हसन को बनाने पर सीएमएस डॉ. एचके मित्रा व चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश ने उन्हें गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। प्रेमप्रकाश ने कहा कि संविदा कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर जो प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन चल रहा है, उसमें संघ भरपूर समर्थन करेगा। इस अवसर पर जिला मंत्री शाकिर अली, कार्यवाहक अध्यक्ष हरिभजन, प्रचार मंत्री शाहिद अली समेत संघ के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

देर शाम तक रूट डायवर्जन से गुजरते रहे भारी वाहन

रामपुर, अमृत विचार : शुक्रवार की शाम कांवड़ियों के लिए रूट डायवर्जन कर दिया गया था। इसके चलते सोमवार देर शाम तक शाहबाद-पटवाई के रास्ते से भारी वाहन गुजरते रहें। इस दौरान पुलिस तैनात रही।

सावन का पवित्र माह शुरू हो चुका है। इस माह में भक्त भगवान शिव की पूजा करने और अपनी मनोकमना पूर्ण करने के लिए कामना करते हैं। मनोकामना पूर्ण होने पर तमाम शिव भक्त बृजघाट और हरिद्वार से कांवड़ लाकर भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक करते हैं। इस मौके पर काफी संख्या में भक्त कांवड़ लाते हैं। इसके देखते हुए शुक्रवार की शाम से भारी वाहनों के लिए सोमवार की शाम तक रूट डायवर्जन कर दिया गया था। टीआई बिजेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किया गया था। देर शाम तक वाहन बदले मार्ग से ही गुजरते रहे।

हादी एकेडमी स्कूल में खड़ी छात्राएं। ● अमृत विचार

हेड गर्ल रिफा नूर व वाइस बनीं आलिमा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : माला रोड स्थित हादी एकेडमी में इस वर्ष की स्टूडेंट काउंसिल का परिणाम घोषित किया गया। इसमें रिफा को हेड गर्ल रिफा नूर को चुना गया। वाइस हेड गर्ल आलिमा को नियुक्त किया गया। काउंसिल का परिणाम घोषित होने पर बच्चों में खुशी छा गई।

स्पोर्ट्स कैप्टन के पद पर हानिया को चुना गया है। हानिया ने खेल के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को सिद्ध किया है। हानिया ने कहा कि वह स्कूल की खेल प्रतिभाओं को निखारने और नए अवसर प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। छात्र परिषद के सेकेट्री के पद पर जमजम, रिफा, हुरीन, मारिया, वाजिहा, अफान को नियुक्त किया गया है। इन ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह सम्मान प्राप्त किया है। सेकेट्री के पद पर यह सभी छात्र विद्यालय की प्रशासनिक गतिविधियों और कार्यक्रमों को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर प्रधानाचार्य मश्शू उर्फ जमा खां ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद को बधाई दी। उनसे उम्मीद जताई कि वह स्कूल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

नहाते समय गंगा में डूबे चार दोस्त, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में गांव शाहजहांनाबाद के कच्चे घाट पर नहाने समय चार दोस्त गंगा में डूब गए। आसपास के लोगों ने तीन दोस्तों को बचा लिया जबकि एक बालक की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव केवलपुर तिपेड़ा निवासी रोहित (11) सोमवार की दोपहर दोस्त सचिन, जतिन व अजीत के साथ कच्चे घाट पर गंगा नहाने पहुंचा। चारों दोस्त गंगा में नहाने लगे। तभी चारों डूब गए। शोर मचा तो आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके की तरफ दौड़ पड़े। उन्होंने गंगा में उतरकर कड़ी मशक्कत कर तीन दोस्तों को बाहर निकाल लिया जबकि रोहित गहरे पानी में जाने के कारण डूब गया। लोगों ने जब तक रोहित को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत को चुकी थी। वह प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था।

सब्जी विक्रेता ने गंगा में लगाई छलांग, धार में बहा

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में अनूपशहर पुल से सब्जी विक्रेता ने गंगा में छलांग लगा दी। वह गंगा की तेज धार में बह गया। कस्बा रजपुरा निवासी खेमकरन (28) ठेले पर सब्जी बेचता था। सोमवार की शाम करीब 7:50 बजे वह अनूपशहर पुल पर पहुंचा। उसने पुल से गुजर रहे दो लोगों को अपना मोबाइल दिया और गंगा में छलांग लगा दी। इस बीच लोग उसे रोकते हुए रह गए। सूचना मिलने पर रजपुरा टी प्वाइंट पुलिस और अनूपशहर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तलाश शुरू की लेकिन तब तक खेमकरन गंगा की तेज धार में बह चुका था।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration • Society Registration • Trust Registration • Section 8 Company Registration • Project Report • Audit Report • Annual Report
ISO Registration
• 12A Registration • 80G Registration • Nielit Registration • Niti Ayog Registration (NGO Darpan) • E-Anudan, FCRA & MHRD • One Person Company Registration • Labour Department Registration
• Private Limited Company Registration • MSME Registration & CSR • Service Tax & DSC • 35AC Registration • Pan Card for Ngo • PAN Registration • Trade Mark Registration
• Copy Right Registration • Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

आज का मौसम
उमस भरी गर्मी रहेगी। छिटपुट बारिश का अनुमान है।
34.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:34
सूर्यास्त 07:08

श्री माधव आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
A healthy heart is the main source of your strength.

डॉ.अपूर्व मित्तल
एम.डी.(मेडिसिन), डी.एन.बी. (कार्डियोलॉजी)
चीफ इण्टरवेंशनल कार्डियोलाजिस्ट, कॉसमास हास्पिटल, मुरादाबाद
ओ.पी.डी.समय
12बजे से सायं 4 बजे-कॉसमास हॉस्पिटल
प्रातः 10 से 11 बजे तक व 6 बजे से 8 बजे तक
श्री माधव आई एण्ड हॉर्ट सेन्टर, मुरादाबाद
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टीकल्स
पता- MIG14, आशियाना फेज-1, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें
Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

अवैध रूप से लगे विज्ञापन के होर्डिंग्स हटाए

कांप्लेक्स की पार्किंग में पहुंचकर निगम के अधिकारियों ने की जांच, जुर्माना वसूला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नगर निगम की संपत्ति अनुभाग व प्रवर्तन दल की टीम सोमवार को बुध बाजार, सिविल लाइंस कांठ रोड पर कांप्लेक्स व प्रतिष्ठानों में जांच के लिए पहुंची। कई जगह प्रचार के लिए अवैध होर्डिंग्स को टीम ने जेसीबी से तोड़कर ध्वस्त करा दिया। इनके प्रतिष्ठान स्वामियों से जुर्माना वसूला। साथ ही जनरेटर संचालन कर ध्वनि व वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई कर जुर्माना वसूला।

निगम की टीम अपर नगर आयुक्त व अतिक्रमण हटाओ अभियान के नोडल अजीत कुमार के नेतृत्व में महानगर में निकली। टीम ने बुध बाजार, सिविल लाइंस में बने स्मार्ट रोड पर भवन व प्रतिष्ठान स्वामियों द्वारा सार्वजनिक फुटपाथ पर रखे जनरेटर संचालकों, लेक्मे सैलून व जुल्फी सैलून के संचालकों से 30,000 रुपये का जुर्माना वसूला। विज्ञापन प्रचार के लिए अवैध तरीके से लगे होर्डिंग्स को भी जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के पार्किंग में बेसमेंट में भी लगे प्रचार सामग्री को जब्त किया। टीम ने लोगों को चेतावनी दी कि फुटपाथ पर कतई अतिक्रमण न करें। नियमों की अनदेखी करने पर कार्रवाई होगी। इस दौरान उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही सहित निगम के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं, जीआईएस सर्वे की आपत्तियों के निस्तारण व कर वसूली के लिए शिविर लगाया गया। हर जोन में लगे शिविरों में कुल 187 आपत्तियां आईं जिसमें 115 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव, जोनल कार्यालय के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

अवैध तरीके से लगे होर्डिंग्स को ध्वस्त करती निगम की जेसीबी व उपस्थित प्रवर्तन दल का सदस्य।

शिविर में शिकायतों का निस्तारण करते नगर निगम के कर्मचारी।

पाइप लाइन में लीकेज की कराई मरम्मत

नगर निगम के जलकल अनुभाग की टीम ने जन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई। टीम ने वार्ड 2, 12, 15, 18, 25, 31, 32, 44, 58, 60 और 66 में पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई। वार्ड 26, 45, 48, 50, 56,62, 64 में सीवर की सफाई कराई गई। वार्ड नंबर 2 में गंदा पानी आने की शिकायत दूर कराई गई।

महानगर में अवैध निर्माण करने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

सख्ती
- एमडीए चिह्नित कर रहा बिना नक्शा पास कराए गए निर्माण
- ध्वस्तीकरण के साथ-साथ होगी सीलिंग की भी कार्रवाई

अमृत विचार: मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा महानगर में अवैध निर्माण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जो लोग बिना नक्शा पास कराए निर्माण कराएंगे तो उनके खिलाफ ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्रवाई के साथ-साथ संबंधित थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। एमडीए ने महानगर के एक कारोबारी के खिलाफ इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने सख्त आदेश दिया है कि महानगर में कहीं भी बिना नक्शा पास कराए निर्माण नहीं होना चाहिए। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले जेई को उपाध्यक्ष ने कुछ दिन पहले इधर से उधर कर दिया था। लेकिन उसके बाद भी महानगर के कई ऐसे स्थान हैं, जहां प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराए निर्माण कराए जा रहे हैं।

ऐसे में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त निर्णय लिया है। जिसके बाद एमडीए की टीम महानगर में चोरी-छिपे हो रहे अवैध निर्माणों को चिह्नित कर रही है। जिसके बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

एमडीए के उपाध्यक्ष ने बताया कि जो लोग प्राधिकरण से नक्शा पास कराए बिना ही निर्माण करा रहे हैं, वह पूरी तरह गलत है। ऐसे लोगों को प्राधिकरण की ओर से नोटिस भेजकर निर्माण रोकने के लिए कहा जा रहा है। जिसके बाद वह लोग प्राधिकरण से नक्शा पास कराकर अपना निर्माण पूरा कर सकते हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे जो हैं जो नोटिस भेजने और सील करने की कार्रवाई के बाद भी चोरी छिपे निर्माण कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस हर साल 29 जुलाई को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य विश्व में बाघों को संरक्षण और प्रबंधन को बढ़ाने के लिए जागरूक करना है। बोनी एनी स्कूल में फेस पेंटिंग के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया। ● अमृत विचार

माटीकला सेमिनार व टूल किट वितरण आज

मुरादाबाद, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा 30 जुलाई मंगलवार को मंडल स्तरीय एक दिवसीय सेमिनार व टूल किट्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन पंचायत भवन में 11.00 बजे से किया गया है। परिक्षेत्र के ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह हैं। इसमें मंडल के 200 लाभार्थियों को निशुल्क टूल किट्स वितरित किया जाएगा। जिसमें मुरादाबाद के 25, रामपुर के 40, बिजनौर के 50, सम्भल के 40 और अमरोहा के 45 लाभार्थी चयनित हैं।

हाउस व वाटर टैक्स की कमियां दूर कराने के लिए नगर आयुक्त से मिले निर्यातक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जीआईएस सर्वे द्वारा निर्धारित किए गए हाउस टैक्स व वाटर टैक्स को सही कराने के लिए महानगर के निर्यातकों ने सोमवार को नगर आयुक्त से मुलाकात की। जिस पर नगर आयुक्त ने कहा कि जो कोई भी हाउस व वाटर टैक्स के लिए आपत्ति देना चाहता है तो 15 अगस्त दर्ज करा दे। वहीं हाउस व वाटर टैक्स में 30 सितंबर तक छूट मिलेगी।

सोमवार को मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदुर्रहमान व महासचिव अवधेश अग्रवाल के नेतृत्व में महानगर के सभी निर्यातकों ने नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह से नगर निगम कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान अवधेश अग्रवाल ने कहा कि जीआईएस द्वारा निर्धारित किए गए हाउस टैक्स में अभी कुछ कमियां रह गई हैं। इसके अलावा जहां वाटर टैक्स नहीं लगाना चाहिए था, वहां भी लगा दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पुनः सर्वे कराकर टैक्स निर्धारित किया जाए। जिस पर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कहा कि जिन लोगों को हाउस व वाटर टैक्स में आपत्ति है तो वो लोग 15 अगस्त तक अपनी आपत्ति डाक द्वारा व कार्यालय आकर दर्ज करा दे। उन्होंने कहा कि हाउस व वाटर टैक्स में मिलने वाली छूट 30 सितंबर तक ही मिलेगी। निर्यातकों ने सुझाव दिया कि महानगर को स्वच्छ बनाने के लिए व्हाट्सएप पर एक ग्रुप बनाया जाए, जिसमें समस्या को पोस्ट कर तुरंत उसका समाधान हो जाए। जिस पर नगर आयुक्त ने स्वीकृति दी। इस मौके पर निर्यातक नदीम खान, हस्नेन अख्तर, जेपी सिंह, पुनीत आर्य, मोहम्मद सुब्हान शामिल रहे।

हाउस टैक्स के मामले में नगर आयोग से मुलाकात करते महानगर के निर्यातक।

● 15 अगस्त तक हाउस व वाटर टैक्स के लिए दे सकते हैं आपत्ति

सुपरवाइजर का सिर फोड़ने पर दो के खिलाफ रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत निर्यात फर्म में काम करने वाले दो सगे भाइयों ने रॉड से हमला कर सुपरवाइजर का सिर फोड़ दिया। शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मझोला के मोहल्ला शिवनगर जयंतीपुर रोड निवासी सचिन शर्मा दिल्ली रोड स्थित एक निर्यातक फर्म में सुपरवाइजर हैं। सचिन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि थाना गलशहीद क्षेत्र के असालतपुरा कटा बाग नाले के पास रहने वाला फैजान और उसका भाई रहीस फर्म में कारीगर हैं। दोनों सचिन के अधीन काम करते हैं। सचिन का आरोप है कि बीती 25 जुलाई को दोनों फर्म में आने के बाद खाली घूम रहे थे। जब सचिन ने उनसे काम पूरा करने के लिए कहा तो आनाकानी करने लगे। दोबारा टोका तो आरोपियों ने रॉड से वार कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा ने बताया कि दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

एक नजर

टाउनहॉल और ताड़ीखाना में बाधित रहेगी बिजली

मुरादाबाद, अमृत विचार : बिजली विभाग की ओर से मंगलवार को टाउनहॉल बिजलीघर क्षेत्र में कार्य किया जाना है। जिसके चलते सुबह छह से सुबह नौ बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। साथ ही ताड़ीखाना क्षेत्र में भी सुबह सात से नौ बजे तक बिजली गुल रहेगी।

एमएलसी ने मार्ग निर्माण का मुद्दा उठाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कुंदरकी से डींगरपुर जाने वाले मार्ग की हालत है खस्ता
- डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने की जल्द निर्माण शुरू कराने की मांग

अमृत विचार: अमृत विचार: कुंदरकी से डींगरपुर जाने वाले 9 किलोमीटर लंबे मार्ग की खस्ता हालत का मुद्दा सदस्य विधान परिषद डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने सदन में रखा है।

प्रमुख सचिव विधान परिषद से सदन में इस मामले पर वक्तव्य दिलाए जाने की मांग की।

उन्होंने सदन का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए 9 किलोमीटर लंबे कुंदकरी से डींगरपुर जाने वाले मार्ग पर रहने वाले हजारों परिवारों की परेशानी को उठाया है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग के निर्माण के लिए बजट स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।

सदस्य विधान परिषद ने प्रमुख सचिव विधान परिषद से जल्द ही मार्ग के लिए स्वीकृत हुए बजट को रिलीज कर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

आरोप लगाने वाले खुद घोटाले में निलंबित हैं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद डिपो के क्षेत्रीय कार्यशाला के कर्मचारियों ने सोमवार को बैठक कर कर्मचारी नेताओं द्वारा लगाए गए घोटाले के आरोपों को गलत बताया। कहा कि जो लोग आरोप लगा रहे हैं वह खुद घोटाले में निलंबित हैं।

बैठक में कर्मचारियों ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी जगवीर सिंह व निलंबित अनिल कुमार द्वारा चुनाव ड्यूटी में गई बसों में लाखों का घोटाला, डीजल चोरी, बीएस-6 बसों में घोटाला आदि के आरोप पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने कहा कि टुल्लू पंप की मोटर से डीजल चोरी कैसी हुई यह तो आरोप लगाने वाले ही बता सकते हैं। कहा कि आरोप लगाने वाले खुद ही घोटाले में निलंबित किए गए हैं। बैठक में मो. मरगूब, राजीव गुप्ता, इंतजार, उदयभान, मुकेश, अजय प्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

> जो लोग आरोप लगा रहे हैं वो पहले से ही घोटालों में निलंबित हैं। मेरे कार्यकाल में क्षेत्रीय कार्यशाला में काफी काम हुए हैं। इसी कारण उच्चाधिकारियों द्वारा मुझे एआरएम का चार्ज भी दिया जा चुका है। –**सोमपाल सिंह**, सीनियर फोरमैन

> सभी आरोप गलत हैं। हमारे सेवा प्रबंधक व सीनियर फोरमैन पूरी ईमानदारी से काम करते हैं। जो लोग आरोप लगा रहे हैं, वो हमारी और अधिकारियों की छवि खराब करना चाहते हैं। –**मुकेश कुमार**, मैकेनिक

> जो भी आरोप लग रहे हैं। पूरी तरह से निराधार हैं। आरोप लगाने वाले पहले अपने को देखे। इन सभी की जांच होनी चाहिए। जांच में जो भी दोषी हो उनके खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए। यहीं हमारी मांग है। –**अजय प्रकाश त्रिपाठी**, मैकेनिक

> सभी आरोप पूरी तरह से झूठे हैं। जिन लोगों ने आरोप लगाए हैं, उन्हे यहीं पता नहीं कि क्या कहना है। उन्हें गाड़ी की कोई जानकारी नहीं है। यह सिर्फ बौखलाकर बयानबाजी कर रहे हैं। –**उदयभान सिंह**, मैकेनिक

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को कार्यक्षेत्र सौंपा गया

मुरादाबाद, अमृत विचार: खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी व कई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के गैर जनपद तबादले के बाद उनकी जगह आने वालों को कार्यक्षेत्र का वितरण किया गया। इसमें स्थानांतरित बागीश मणि त्रिपाठी की जगह इंद्र बहादुर यादव को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बनाया गया है। जबकि प्रजन सिंह को मुरादाबाद सदर तहसील क्षेत्र का खाद्य सुरक्षा अधिकारी का दायित्व मिला है।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि इंद्र बहादुर यादव को मुख्य खाद्य सुरक्षा बनाया गया है। जबकि प्रजन सिंह सदर तहसील व जोन 4 के खाद्य सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके अलावा ओमपाल सिंह ठाकुरद्वारा, धर्मपाल सिंह कांठ, अनिल कुमार सिंह बिलारी व जोन 7 के खाद्य सुरक्षा अधिकारी हैं।

तैयारियां | फाउंडेशन के बाद पुल के लिए रखे जाएंगे गर्डर, जनवरी तक तैयार होगा कपूर कंपनी का नया पुल

कपूर कंपनी पुल का फाउंडेशन बनाने का कार्य शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर को लाइनपार से जोड़ने वाले कपूर कंपनी पर नए पुल के निर्माण में लगने वाले गर्डर पहुंच गए हैं। जिसके बाद नया पुल तैयार कर रही रेलवे की टीम ने पुल का फाउंडेशन बनाने का काम तेजी से शुरू कर दिया है। जल्द पुल के गर्डर रखे जाएंगे।

लाइनपार को महानगर से जोड़ने के लिए रेल लाइनों पर कपूर कंपनी का पुल ही साधन है। महानगर की ओर आने जाने के लिए लाइनपार की बड़ी आबादी इस पुल का प्रयोग करती थी। लेकिन रेलवे ने कपूर कंपनी के पुराने पुल को कमजोर बताकर दो पहिया वाहनों की आवाजाही बंद कर दी। जिसके बाद रेलवे नया पुल बनाने में जुट गया। इसके लिए इस साल मार्च-अप्रैल तक समय तय माना जा रहा था लेकिन पुल के गर्डर बनने और स्थानीय स्तर पर टेंडर प्रक्रिया में देरी से निर्माण प्रभावित हो गया। पुल के गर्डर पहुंचने के बाद रेलवे का इंजीनियरिंग स्टाफ सक्रिय हुआ। जेसीबी के साथ जेई बलजीत सिंह, एसएसई डीके गुप्ता आदि इंजीनियर फाउंडेशन के काम में जुट गए हैं। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि पुल के गर्डर लखनऊ वर्कशॉप से बनकर आए हैं। पुल के लिए फाउंडेशन तैयार की जा रही है। अगले साल जनवरी में नया पुल बनकर तैयार होने की उम्मीद है।

कपूर कंपनी पुल का चल रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

चार लाख की आबादी को मिलेगी सहूलियत

मुरादाबाद, अमृत विचार : कपूर कंपनी का पुल लाइनपार में रहने वाली एक बड़ी आबादी और महानगर के लिए महत्वपूर्ण है। लेकिन पिछले डेढ़ साल से रेलवे ने पुराने पुल पर दो पहिया वाहनों का आगमन बंद कर रखा है। जिससे लाइनपार में रहने वाले लगभग चार लाख लोग लोकोशेड से लंबा रास्ता पार करके महानगर में आते हैं। इसको देखते हुए लाइनपार के लोगों ने जन प्रतिनिधियों से नया पुल बनवाने की मांग रखी थी। जिस पर रेल प्रशासन ने नया पुल बनाने का निर्णय लिया। इस पुल के बनने से लाइनपार क्षेत्र की लगभग चार लाख की आबादी को सहूलियत मिलेगी।

शहर में आज

☞ राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा कावड़ यात्रा मार्ग टूटी होने के विरोध में प्रदर्शन लाल धाम मंदिर रामपुर दोराहा व जीरो प्वाइंट के बीच 11:30 बजे

☞ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा हज यात्रा कर लौटने वाले कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में 1:30 बजे

☞ रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस द्वारा पौधरोपण अभियान अगवानपुर पेपर मिल चौराहा सुबह 9:00 बजे

एक नजर

झारखंडी मंदिर में सफाई कार्य का निरीक्षण करते नगर स्वास्थ्य अधिकारी।

मंदिरों के गेट पर बनवाई रंगोली, सफाई कराई

मुरादाबाद, अमृत विचार : नगर निगम की टीम ने सावन के दूसरे सोमवार को महानगर के मंदिरों के आसपास सफाई कर चूने का छिड़काव कराया। मंदिरों के बाहर रंगोली बनाई गई। नगर निगम के कर्मचारियों ने महानगर के चौरासी घंटा, झारखंडी मंदिर व आसपास के अन्य मंदिरों व उसके संपर्क मार्ग की सफाई की। इस कार्य का निरीक्षण नगर स्वास्थ्य अधिकारी सुनील कुमार दोहरे ने किया।

शिव शक्ति मंदिर रामगंगा विहार में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

ढाप वाले मंदिर में पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

शिवालयों में जयकारों के साथ किया जलाभिषेक

मंदिरों में भक्तों ने की भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना, मांगा आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सावन के दूसरे सोमवार को महानगर के शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। मंदिरों में तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। साथ ही बेलपत्र, फल-फूल आदि अर्पित किए। कावंड़ियों ने भी गंगाजल से जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

रविवार देर शाम से ही हरिद्वार व बृजघाट से गंगाजल लेकर कांवड़िये महानगर आने लगे थे। बरेली, बदायूं, संभल, रामपुर, मिलक के कांवड़िये भी महानगर से होकर गुजरे। देर रात तक महानगर की सड़कों पर बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। पैरों में घुंघरू, होठों पर भोलेनाथ के जयकारे और भगवा पोशाक पहने भोले के भक्त श्रद्धाभाव से देर रात मंदिरों में पहुंचे। सोमवार भोर में जब मंदिरों के कपाट खुले तो बम भोले का जयकारा गूंजने लगा। इसके बाद कांवड़ियों ने गंगाजल से भोलेनाथ का अभिषेक कर पूजा की। प्राचीन शिव मंदिर, चौरासी घंटा मंदिर, झारखंडी महादेव मंदिर, पुलिस लाइन शिव मंदिर, मनोकामना मंदिर, झांझनपुर स्थित शिव मंदिर, ढाप वाला मंदिर, श्री शिवहरि मंदिर, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, लाइनपार स्थित माता मंदिर, श्री सत्यशिव मंदिर आदि में भगवान आशुतोष की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही जलाभिषेक कर उपवास रखा गया।

शाम को हुई महाआरती : शाम को मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया और महाआरती हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था से लेकर सफाई का भी ध्यान रखा गया था।

चौरासी घंटा मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

दिल्ली रोड पर दुकानों पर लहरा रहे भगवा झंडे।

मंदिरों व अन्य प्रमख स्थानों पर तैनात रहे पुलिसकर्मी

मुरादाबाद, अमृत विचार : सावन माह में पुलिस भी मुस्तैद दिखाई दी। महानगर में जगह-जगह लगाए गए शिविरों व प्रमुख मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। इस दौरान कई जगह रूट भी डायवर्ट किया गया। पुलिस के उच्चाधिकारी भी पल-पल की जानकारी जुटाने में लगे रहे।

हर ओर बस भगवा ही भगवा दिखाई दिया

सावन माह भगवान भोलेनाथ को प्रिय है। इस माह को यादगार बनाने में भोलेनाथ भक्त भी कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। पूरा महानगर भगवामय हो गया है। दुकानों से लेकर सड़कों तक बस हर ओर भगवा रंग ही देखने को मिल रहा है।

व्रत रखकर भोलेनाथ से मांगी मन्नत

सोमवार को एकतरफ जहां कांवड़ियों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। वहीं दूसरी ओर अन्य भक्तों ने भी भोलेनाथ का व्रत रखा। सुबह मंदिर जाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की और मन्नत मांगी। ढाप वाले मंदिर पर पूजा करने आई सरिता ने बताया कि सावन माह में भोलेनाथ का व्रत रखने का अपना विशेष महत्व है। भोलेनाथ सबकी मनोकामना पूरी करते हैं। वहीं राखी ने कहा कि बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने से सभी की मन्नत पूरी होती हैं। भोलेबाबा अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते।

झारखंडी मंदिर में शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कांठ रोड से कांवड़ लेकर गुजरते कांवड़िये। ● अमृत विचार

देर शाम तक आते रहे कांवड़िये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सोमवार को भी महानगर की सड़कों पर देर शाम तक कांवड़ियों के आने और जाने का सिलसिला चलता रहा। एक तरफ जहां शिवालियों में जलाभिषेक हो रहा था। वहीं दूसरी ओर कांवड़िये अपनी मंजिल की ओर कूच कर रहे थे।

महानगर के शिवालियों में शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। वहीं दूसरी ओर दूर दराज के कांवड़िये हरिद्वार व बृजघाट से गंगाजल लेकर लौटते रहे। देर शाम तक कांठ व दिल्ली रोड पर कांवड़ियों के जत्थे दिखे। बरेली, बदायूं, रामपुर, मिलक आदि के जत्थे डीजे पर भगवान भोलेनाथ के भजन बजाते हुए महानगर से गुजरे, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। वहीं दूसरी ओर बाइक पर शिवभक्त गंगाजल लाए। यह सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलता रहा।

नगर निगम की बोर्ड बैठक कराने के लिए महापौर से मिले नेता प्रतिपक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

मुलाकात

- नेता प्रतिपक्ष ने महापौर को बताई जनता की समस्याएं
- महापौर ने 21 अगस्त को बैठक बुलाने का आश्वासन दिया

अमृत विचार: कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष व नगर निगम बोर्ड में नेता प्रतिपक्ष अनुभव मेहरोत्रा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद महापौर विनोद अग्रवाल से उनके कार्यालय में मिले। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नगर निगम के सदन की बोर्ड बैठक लंबे समय से नहीं हुई है।

4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना समाप्त होने और परिणाम आने के बाद आदर्श आचार संहिता समाप्त हुए भी करीब दो महीने होने को हैं। महानगर के विकास से संबंधित कई समस्याएं है जिनका नगर निगम स्तर से कोई निराकरण नहीं हुआ है। इन सबको देखते हुए बोर्ड की बैठक जल्द कराई जाए। उन्होंने बताया कि महापौर ने 21 अगस्त को सदन की बोर्ड बैठक कराने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य नदीम अंसारी, कार्यकारिणी सदस्य व पार्षद वार्ड 56 शमशेर अली, वार्ड 62 के पार्षद नदीमुद्दीन, वार्ड 63 पार्षद के प्रतिनिधि काशिफ, वार्ड 40 के पार्षद भारतीय परवेज इस्लाम आदि पार्षद मौजूद रहे।

तीज महोत्सव व स्थापना दिवस आयोजन पर चर्चा

मुरादाबाद, अमृत विचार: यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब की बैठक दिल्ली रोड स्थित एक होटल में हुई। इसमें आगामी तीज त्योहार पर होने वाले महोत्सव और संगठन के स्थापना दिवस समारोह के आयोजन व तैयारियों पर चर्चा की गई।

आयोजन को सफल, आकर्षक बनाने के लिए विचार साझा किए। अध्यक्षता नेहा मेहरोत्रा और संचालन वीनू आहूजा ने की। बैठक में मिली सिक्का, भावना गुप्ता, कविता, अर्चिता संजना, प्रियंका अवस्थी, सोनिया, दिव्या अग्रवाल, पूजा गोयल, रूपम, पूनम भटनागर, रजनी, रश्मि माथुर, मानसी टंडन, सारिका वर्मा, काव्या मित्तल,सारिका, वाशी भटनागर, रविन्द्र कौर सहित अन्य मौजूद रहीं।

सावन के दूसरे सोमवार पर आरती करते पुजारी परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

सभी की मनोकामना पूरी करते हैं भोलेनाथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से संचालित हिंदू संस्कार केंद्र शिव मंदिर जयंतीपुर में महाआरती का आयोजन हुआ। साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हिंदू संस्कार केंद्र के बच्चों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि श्रावण मास में जो कोई व्यक्ति शिव का पूजन और अभिषेक करता है। भगवान शिव उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। कार्यक्रम में पं. विनोद शर्मा, पुजारी महेंद्र, संदीप त्रिवेदी, विशेष शर्मा, धर्मवीर सैनी, पंकज राठौर, राम औतार राठौर, सुभाष रस्तोगी, मुकेश रस्तोगी, सोनू आदि मौजूद रहे।

आयोजन गोकुलदास कालेज में स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना में बांटे गए टैबलेट

टैबलेट, स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सोमवार को महानगर के गोकुलदास हिंदू गर्ल्स डिग्री कालेज में स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत परा स्नातक छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए।

कार्यक्रम में प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कहा कि छात्राओं को टैबलेट से तकनीकी कौशल का विकास करने में मदद मिलेगी। इस तकनीकी शक्ति के माध्यम से छात्राएं अपने शिक्षण संबंधी कार्य सुचारू रूप से कर सकेंगी। क्योंकि मौजूदा समय में ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण में छात्र-छात्राओं के पास स्मार्ट फोन या टैबलेट का होना आवश्यक है। जिसके द्वारा छात्राओं का डिजिटल सशक्तीकरण हो सके और वह बौद्धिक व तकनीकी रूप से संपन्न हो सकें।

उन्होंने छात्राओं को स्मार्टफोन का सदुपयोग करने तथा साइबर क्राइम जैसे अपराधों से बचने की सलाह दी गई। उन्होंने छात्राओं को टैबलेट के माध्यम से कौशल विकास करने तथा उसके माध्यम से आय का साधन बनाने के लिए भी प्रेरित किया। बताया कि अब तक महाविद्यालय में 700 से भी अधिक स्मार्ट फोन और टैबलेट का वितरण किया जा चुका हैं। कार्यक्रम का संयोजन नोडल अधिकारी डॉ. रेनू शर्मा ने किया। इस मौके पर प्रोफेसर अनुराधा सिंह, डॉ. सविता अग्रवाल, डॉ. प्रज्ञा मित्तल, शिवानी गुप्ता और अमित कौशिक शामिल रहे।

गोकुलदास डिग्री कॉलेज में टैबलेट व स्मार्ट फोन वितरण के दौरान मौजूद छात्राएं व शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

आरएसडी एकेडमी कालेज ऑफ फार्मेसी में स्मार्ट फोन व टैबलेट लिए छात्र-छात्राएं।

विद्यार्थियों को बांटे गए स्मार्ट फोन

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

अमृत विचार: स्वामी विवेकानंद योजना के अंतर्गत बी.फार्मा व डी.फार्मा के विद्यार्थियों को आरएसडी एकेडमी कालेज ऑफ फार्मेसी में टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किए गए। संचालन मयंक शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के बारे में 8जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि योजना द्वारा विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान कर उनका डिजिटल उन्नयन करना सरकार का उद्देश्य है। बी फार्मा के 19 व डी फार्मा के 75 विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन व टैबलेट आरएसडी समूह के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी कुमार ने वितरित किए। इस दौरान प्राचार्य सुप्रियो मैती व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल

RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC

यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)

द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है

Immunotherapy & Chemotherapy

Dedicated Cancer Modular OT's

आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज

हमारे विशेषज्ञ

डॉ. अर्जुन अग्रवाल
(सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)

डॉ. लक्ष्मण पांडे
(रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)

डॉ. आमिर मलिक
(हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)

डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा
(क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)

डॉ. संदीप
(मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)

डॉ. चीना गर्ग
(ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)

डॉ. अंकित कुमार
(न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें -
92581 16087, 78912 35003

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस,
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

एक नजर

अधिशासी व अवर अभियंता के बीच विवाद समाप्त

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोक निर्माण विभाग के नव नियुक्त अधिशासी अभियंता, अवर अभियंताओं व अन्य कर्मचारियों के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था। इस बीच दोनों पक्षों में वार्ता के बाद मामला शांत हो गया। अवर अभियंता व कर्मचारियों का अधिशासी अभियंता कुलदीप कुमार संत से उनके व्यवहार को लेकर विवाद हो गया था। मामला कांठ रोड को गड्ढा मुक्त कराने की बात पर बिगड़ा था। जिस पर अवर अभियंता व कर्मचारी एक साथ आ गए। इससे विभाग का कार्य प्रभावित होने लगा। सोमवार को कर्मचारियों व अवर अभियंताओं ने अधिशासी अभियंता कुलदीप कुमार संत के पास जाकर अपनी बात रखी। जिस पर अधिशासी अभियंता ने सहमति जताई। जिस पर दोनों पक्षों में सुलह हो गई। हालांकि अधिशासी अभियंता विवाद होने की बात से अनभिज्ञता जता रहे हैं।

किशोरी से छेड़छाड़ की वीडियो वायरल

मैनाठेर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव का अधेड़ व्यक्ति किशोरी से अश्लील हरकतें करता नजर आ रहा है। जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। घटना किसी खेत की है। वायरल वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो पर क्षेत्र के लोग तरह-तरह की प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। इस संबंध में मैनाठेर प्रभारी किरनपाल सिंह का कहना है कि मामले की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

संगीता बनीं प्रधानाचार्य

मुरादाबाद, अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग से संचालित जयप्रकाश नारायण राजकीय सर्वोदय विद्यालय में संगीता को प्रधानाचार्य बनाया गया है। संगीता ने इससे पहले विद्यालय के प्रभारी के रूप में 11 महीने कार्यभार संभाला था। अब तक प्रधानाचार्य रहे नरेंद्र सिंह को निदेशालय ने रामपुर जिले के जय प्रकाश नारायण राजकीय सर्वोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य के पद पर स्थानांतरण किया है। नरेंद्र सिंह के कार्यकाल में संगीता काफी समय से प्रवक्ता के रूप में सेवाएं दे रही थी। सोमवार को निदेशालय के निर्देश पर संगीता ने जयप्रकाश नारायण राजकीय सर्वोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य के पद का कार्यभार ग्रहण किया है।

लापरवाही: छजलैट ब्लॉक में सफल नहीं हो रहा संचारी रोग अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

छजलैट ब्लॉक की ग्राम पंचायत पचोकरा में सड़क पर पसरी गंदगी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: संचारी रोग की रोकथाम का अभियान छजलैट ब्लॉक में सफल नहीं हो पा रहा है। गांव पचोकरा में फैली गंदगी से ग्रामीणों में संचारी रोग फैलने की संभावना है। जबकि मुख्य विकास अधिकारी ने मूंढापांडे ब्लॉक में संचारी रोग के अभियान में लापरवाही बरतने वाले एक ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित किया है।

छजलैट ब्लॉक के गांव पचोकरा में संचारी रोग की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जो सफाईकर्मियों की लापरवाही के कारण दम तोड़ रहा है। गांव के रहने चौधरी अशोक ने बताया कि गांव में प्रधान से सफाई कराने के लिए कहा गया। लेकिन अनसुना कर दिया गया। बारिश से गांव के तालाब में भरा गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। जिसकी बदबू भी हवा के साथ फैल रही है। इससे गांव वालों को सांस लेने में परेशानी होने लगी है। सड़कों पर पसरी गंदगी से आवागमन में परेशानी हो रही है। आरोप लगाया कि पंचायत सचिव मोहन सिंह रावत महीने में एक या दो बार आते हैं। सफाई कर्मचारी भी महीने में चार या पांच बार आता है। ऐसे में गांव में संचारी रोग फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने कहा कि संचारी रोग अभियान में लापरवाही करने वाले ग्राम सचिव व सफाई कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

शैलेंद्र बने सपा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य

मुरादाबाद, अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की संस्तुति से प्रदेश अध्यक्ष ने मुरादाबाद के शैलेंद्र यादव को पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य की जिम्मेदारी दी है। इससे जिले के कार्यकर्ताओं में खुशी है। शैलेंद्र 14 वर्ष पूर्व एक वर्ष के लिए जिला महासचिव के पद पर भी रहे।

महानगर के लाइनपार प्रेम नगर के रहने शैलेंद्र यादव को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य बनाया है। वह पार्टी के संस्थापक और कई बार मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के बेहद करीब थे। पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने बताया कि मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री रहते हुए जब भी मुरादाबाद आए तो इनके घर पर ही भोजन करते थे।

सोनकपुर स्टेडियम में दम तोड़ रही प्रतिभाएं, दूसरे शहरों में जा रहे खिलाड़ी

पर्याप्त सुविधाओं को तरसे महानगर के एथलीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रैक पर दौड़ते धावक। ● अमृत विचार

अमृत विचार: एक तरफ जहां पूरा देश पेरिस ओलंपिक में देश के खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद रखे हुए है। तो वहीं महानगर के एथलीट पर्याप्त सुविधा न मिलने के कारण परेशान हैं। स्टेडियम के रनिंग ट्रैक की हालत खराब है। अन्य एथलीटों को भी अभ्यास करने के लिए स्टेडियम में पर्याप्त जगह नहीं मिल रही है। ऐसे में खिलाड़ियों को दूसरे शहर जाकर अपना खेल निखारना पड़ रहा है। लेकिन, स्टेडियम के जिम्मेदार अधिकारी इसकी अनदेखी कर रहे हैं।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में पूरे मंडल के खिलाड़ी अभ्यास करने के लिए आते हैं। यहां दस से भी ज्यादा खेलों के खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। इनमें क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल, बॉस्केटबाल, हैंडबाल, एथलेटिक्स, कबड्डी समेत अन्य खेल शामिल हैं। इस समय पेरिस ओलंपिक में पूरा देश अपने खिलाड़ियों को सपोर्ट कर रहा है। लेकिन, 130 करोड़ से भी ज्यादा आबादी वाला देश कभी भी किसी ओलंपिक में दस पदक भी प्राप्त नहीं कर सका है। इसकी टीस देशवासियों को सताती है। वहीं छोटे शहरों में खिलाड़ियों को पर्याप्त सुविधा नहीं मिलती है। जिससे उनका खेल निखर नहीं पाता साथ ही वह अपने खेल पर पूरी तरह ध्यान नहीं दे पाते। कुछ यहीं हाल मंडल के स्पोर्ट्स स्टेडियम का है। यहां रनिंग ट्रैक पर गड्ढों की भरमार है। हॉकी खिलाड़ियों के लिए एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड तो छोड़िए, एक घास वाले मैदान में खेलने के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं है। खिलाड़ियों की हमेशा शिकायत रहती है कि यहां विभिन्न खेलों के खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। जिस वजह से उन्हें अभ्यास के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिलता। स्थिति यह है कि अब खिलाड़ी दूसरे शहरों में अभ्यास के लिए जाने लगे हैं। एथलीट अभय ने बताया कि वह पहले स्टेडियम में अभ्यास कर ते थे। लेकिन, अब बेहतर भविष्य बनाने के लिए लखनऊ चले गए हैं। ऐसे कई खिलाड़ी हैं, जिन्होंने स्टेडियम से दूरी बना ली है।

> स्टेडियम की ओर से खिलाड़ियों को सभी सुविधा देना का प्रयास रहता है। स्मार्ट सिटी के तहत भी खिलाड़ियों के लिए बहुत काम किया गया है। अगर फिर भी कहीं कुछ कमी है। तो उसे दूर किया जाएगा। जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बेहतर वातावरण दे सकें।
> **-प्रेम कुमार,** जिला क्रीड़ा अधिकारी

आशा व आंगनबाड़ी कर्मियों की कार्यशैली की समय-समय पर मानीटरिंग करें अधिकारी

मुख्य विकास अधिकारी ने की विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते सीडीओ सुमित यादव, साथ में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह व अन्य।

अमृत विचार: मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान (द्वितीय चरण) की तीसरी जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें आशा व आंगनबाड़ी कर्मियों के होम विजिट पर चर्चा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने आशा और आंगनबाड़ी कर्मियों की कार्यशैली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आभा आईडी के संबंध में चिकित्साधिकारियों से जानकारी ली। अधिकारियों को कार्ययोजना के अनुसार गम्भीरता से कार्य करने के लिए कहा। सभी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की साप्ताहिक रिपोर्ट की समीक्षा की गई। नगर निकायों के अधिकारियों को नियमित रूप से फागिंग और एंटी लार्वा स्प्रे का छिड़काव कराने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने दिया।

उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। बैठक में पंचायतीराज विभाग, नगरीय विकास, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग सहित संबंधित विभागों की संचारी रोग नियंत्रण संबंधी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कंसल, जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक, एसीएमओ, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील दोहरे, डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक, यूनिसेफ के प्रतिनिधि रोहित सिंह, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी, स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी आदि मौजूद रहे।

आरोपी के घर कराई कुर्की की मुनादी

मुरादाबाद, अमृत विचार: मुगलपुरा थाना पुलिस ने फरार चल रहे धोखाधड़ी के आरोपी के घर जाकर कुर्की की मुनादी कराई। थाना मुगलपुरा की पीरगैब पुलिस चौकी इंचार्ज अरफान अली ने बताया कि धारा 419, 420, 304, 506 में फरार आरोपी डॉ. मुदस्सिर आफताब निवासी मुगलपुरा के खिलाफ कोर्ट से जारी धारा 82 की उद्घोषणा हो चुकी है। अब अगर आरोपी निर्धारित समय से पूर्व कोर्ट में पेश नहीं होता है तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

मंडी परिसर में कांवड़ियों के लिए लगाया भंडारा

मुरादाबाद, अमृत विचार: सावन के दूसरे सोमवार को नवीन फल सब्जी मंडी समिति में सब्जी आढ़ती वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह से ही सैकड़ों शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही मंडी में आने वाले किसानों व व्यापारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को मंडी के गेट पर लगी दुकानों पर प्रसाद का वितरण किया गया।

बारिश न होने से उमस व तपती गर्मी ने लोगों को किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

दिक्कत

- अधिकतम तापमान 36 के पार लोग पसीने से तरबतर हुए
- लो वोल्टेज के चलते बेमतलब साबित हो रहे पंखे व कूलर

गर्मी में कुछ इस तरह जाते स्कूटी सवार।

अमृत विचार: सावन में भीषण गर्मी और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है। सोमवार सुबह धूप हल्की होने के बाद भी उमस तेज रही। लेकिन 10 बजे के बाद कड़ी धूप ने लोगों को पसीने से तरबतर कर दिया। वहीं उमस से लोग परेशान रहे। लो वोल्टेज के चलते बिजली के उपकरण भी राहत देने में नाकाम रहे। कूलर, पंखा बेमतलब साबित हो रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक अभी और गर्मी पड़ने का अनुमान जता रहे हैं।

सोमवार को भी अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। आर्द्रता 76 प्रतिशत रही। तेज धूप के चलते लोग पसीने से तरबतर होते रहे। घरों में भी उमस से लोग बेहाल रहे। हवा न चलने से बाहर भी लोगों को राहत नहीं मिल रही थी। बिजली की अघोषित कटौती और फाल्ट ने लोगों की परेशानी और बढ़ाई। लो वोल्टेज से कूलर और पंखे बेमतलब साबित हुए। बारिश न होने से लोग परेशान हो गए। सबकी नजरें बारिश के लिए टिकी रही। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर आरके सिंह ने बताया कि अभी गर्मी और उमस और बढ़ सकती है। तेज धूप से तापमान बढ़ रहा है।

युवती के परिजनों के प्रेमी को बंधक बनाने की सूचना पर पहुंची पुलिस

संवाददाता, पाकबड़ा

- परिजनों में दोनों के साथ रहने पर बनी सहमति

अमृत विचार: प्रेमी को बंधक बनाने की सूचना पर गांव में पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने जाकर देखा तो प्रेमी-प्रेमिका के घर पर बैठा था। परिजन प्रेमी के साथ प्रेमिका को भेजने की जिद पर अड़े थे। इसी बात को लेकर हंगामा बढ़ गया। किसी ने पुलिस को सूचना दी कि लड़के को कुछ लोगों ने बंधक बना रखा है। परिजन दोनों को लेकर थाने पहुंचे। प्रेमी से प्रेमिका को साथ ले जाने की सहमति में आपस में समझौता हुआ। प्रेमी जोड़े को थाने से भेज दिया गया।

एक गांव में प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर जाया करता था। दोनों ने लगभग आठ माह पहले कोर्ट मैरिज कर ली। इसकी भनक दोनों के परिजनों को नहीं लगी। दोनों अपने-अपने घर रह रहे थे। सोमवार को जैसे ही कोर्ट मैरिज की भनक लड़की के परिजनों को लगी तो उन्होंने लड़की से पूछताछ की। साथ ही लड़के को घर बुलाया। लड़की के परिजन लड़के से उसे अपने साथ ले जाने की जिद पर अड़ गए। साथ ही लड़के को घर में ही बैठा लिया। इस पर किसी ने पुलिस को सूचना दी कि लड़के को बंधक बना रखा है। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले आई। बाद में दोनों के परिजनों में लड़की को ले जाने पर सहमति बनी।

79 सी ग्रेड स्कूलों की होगी मानीटरिंग

मुरादाबाद, अमृत विचार: मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने बेसिक शिक्षा विभाग के जिले के 79 सी ग्रेड स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने को प्रभावी मानीटरिंग करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी है। सीडीओ ने नगर क्षेत्र के अलावा कुंदरकी व अन्य विकास खंडों के स्कूलों की सूची के हिसाब से अधिकारियों की ड्यूटी मानीटरिंग के लिए तय की है। जिसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, जिला समन्वयक निर्माण व प्रशिक्षण के अलावा अन्य अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की है।

पति ने कुवैत से दिया तीन तलाक ससुराल वालों ने घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पति पहले से ही था शादीशुदा फुफेरी बहन ने कराई थी शादी

अमृत विचार: पहले से शादीशुदा पति ने दहेज की खातिर कुवैत से फोन पर तीन तलाक दे दिया। जिसके बाद ससुरालियों ने घर से निकाल दिया। एसएसपी के आदेश पर कटघर थाना पुलिस ने आरोपी पति व अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना कटघर क्षेत्र के बरवारा मझरा निवासी महिला नाजरा परवीन ने बताया कि बीती दो फरवरी को उसकी शादी जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा स्थित मोहल्ला इस्लाम नगर निवासी रिजवान हुसैन से फुफेरी बहन तमन्ना ने कराई थी। शादी में मिले दहेज से पति रिजवान, ससुर वाजिद, सास सितारा व फुफेरी बहन तमन्ना खुश नहीं थे। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही पति व अन्य ससुरालियों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। महिला ने बताया कि पांच मार्च को पति व ससुरालवालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया और पति कुवैत चला गया। इस बीच उसे पता चला कि उसका पति रिजवान पहले से ही शादीशुदा है और उसका एक बेटा भी है। फुफेरी बहन तमन्ना ने धोखाधड़ी करके उसकी शादी कराई थी। 20 मई को पति ने फोन पर महिला को तीन तलाक दे दिया। कटघर थाना पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रोटरी क्लब ने मनाया अधिष्ठापन समारोह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अधिष्ठापन समारोह को संबोधित करते रोटेरियन विदुर गर्ग। ● अमृत विचार

अमृत विचार: रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टार्स का अधिष्ठापन समारोह सोमवार को रामगंगा विहार स्थित रेस्टोरेंट में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंडलाअध्यक्ष 2024-25 दीपा खन्ना व रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 के प्रथम जेंटलमैन अनिल खन्ना रहे। सभी को रोटरी के फोर वे टेस्ट की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीगणेश के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन से हुई। इंटरैक्ट क्लब शिशु वाटिका के बच्चों ने स्वागत नृत्य किया। अनुभव रस्तोगी ने अपने वर्ष भर के कार्य के बारे में बताया। विदुर गर्ग ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि दीपा खन्ना ने विदुर गर्ग को कालर पहनाकर क्लब अध्यक्ष 24-25 का कार्यभार सौंपा। साथ ही क्लब के अध्यक्ष विदुर गर्ग ने सबसे अपने बोर्ड का परिचय कराया।

क्लब की ओर से सचिव भरत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सागर जैन, अनुभव रस्तोगी, अरुण दीक्षित, दिलीप रस्तोगी, अनुज अग्रवाल, भारती अग्रवाल, क्षितिज रस्तोगी, दीपाली रस्तोगी, अंकुर अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

आयोजन आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में हुई जनपद स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता

शतरंज में युवा खिलाड़ियों ने की दिमागी कसरत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में शतरंज खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- अंडर 14 में श्लोक वशिष्ठ और अंडर 17 में वरुण रहे अव्वल

अमृत विचार: आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में सोमवार को युवा शतरंज खिलाड़ियों ने खूब दिमागी घोड़े दौड़ाए। कॉलेज में जनपद स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। अंडर 14 में श्लोक वशिष्ठ और अंडर 17 में वरुण ने पहला स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु यादव ने छात्रों से परिचय प्राप्त कर की। इसमें महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज, एसएस इंटर कॉलेज, एचएसवी इंटर कॉलेज, आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, पारकर इंटर कॉलेज समेत अन्य इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

इसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ी 27 अगस्त को अमरोहा में होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इसमें दिनेश सिंह, भास्कर राघव, वीर सिंह, विपिन कुमार, सुमित कुमार, अनुज त्यागी, निशित वी दास, हरिनाथ यादव का सहयोग रहा।

इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी

अंडर 14 में आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज के श्लोक वशिष्ठ ने पहला, अंबिका प्रसाद इंटर कालेज के यश कुमार ने दूसरा और चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के मो. सुफियान ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर 17 में महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के वरुण ने पहला, एचएसवी इंटर कॉलेज के गुरुदेव शर्मा ने दूसरा और चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के कृष्णा सैनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 में एसएस इंटर कॉलेज के शिखर गौर ने पहला, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के अमन ने दूसरा और मुरादाबाद इंटर कॉलेज पीयूष ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

मैनाठेर थाने का निरीक्षण करते एसएसपी सतपाल अंतिल।

एसएसपी ने किया मैनाठेर थाने का औचक निरीक्षण

मैनाठेर, अमृत विचार: एसएसपी सतपाल अंतिल ने सोमवार की शाम थाना मैनाठेर का औचक निरीक्षण। इस दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाओं को जाना व अभिलेखों की भी जांच की। उन्होंने इंस्पेक्टर व उपनिरीक्षकों को मुकदमों की लंबित विवेचनाओं के तत्परता से गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

एसएसपी शाम को अचानक मैनाठेर थाने पहुंच गए। उन्होंने सबसे पहले थाने के आवासीय परिसर को देखा। जिसके बाद हवालात भोजनालय व कार्यालय का निरीक्षण किया। एसएसपी सफाई व्यवस्था को लेकर संतुष्ट नजर आए। इसके बाद उन्होंने एक-एक कर अभिलेखों की जांच की। उन्होंने इंस्पेक्टर किरणपाल सिंह को सभी वांछितों की गिरफ्तारी एवं मुकदमों की विवेचना तत्परता से कराने के निर्देश दिए।

एक नजर

गाली देने से मना करने पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

बिलारी, अमृत विचार : गांव रुस्तमनगर सहसपुर की अफसरी ने मोहल्ले के ही उस्मान, रिजवान व हाफिज पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके घर के सामने बारिश के पानी को लेकर आरोपी गाली गलौज कर रहे थे। जब उसने गाली देने को मना किया तो सभी ने उसे व उनके बेटे नौशाद, तौहिद व बेटी राहेमीन, यासमीन से मारपीट की। आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

पत्नी ने पति पर दर्ज कराई मारपीट की रिपोर्ट

बिलारी, अमृत विचार : गांव नरसरा की महिला ने पति के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला प्रवेश ने बताया कि उसका पति नशा करता है और आए दिन शराब पीकर पीटता है। 28 जुलाई को वह घर से गेहूं बेचने के लिए जा रहा था। जब मना किया तो उसने मारपीट की। वह भी मजदूरी करती है। वह उसके सारे रुपयों से नशा करता है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपार्ट दर्ज कर ली है।

भगवान शिव का जलाभिषेक कर समृद्धि की कामना की

सावन के दूसरे सोमवार को जयकारों से गूंजते रहे मंदिर, भंडारों में श्रद्धालुओं को प्रसाद भी बांटा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : सावन के दूसरे सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमडी। इस दौरान हर हर बम बम के जयघोष से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने घर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की ।

सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र में शिव मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना की। मुरादाबाद रोड स्थित प्राचीन शिवमणि मंदिर में सवेरे चार बजे से भक्तों ने पहुंच कर जलाभिषेक किया। क्षेत्र के फैजुल्लागंज स्थित खोखरा ताल पर शिव मंदिर, रतुपुरा, शिव नगर, गोपीवाला, निर्मलपुर, मानपुर दतराम तिलकपुर लौगी कलां, फसियापुरा पदार्थ, सुल्तानपुर दोस्त, असलेमपुर, शरीफ नगर, भायपुर, राघूवाला, सन्यासी वाला और नगर के खाकेश्वर मंदिर, हरिहर मंदिर, पिपल टोला स्थित पंचशील मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर आदि में जलाभिषेक किया गया।



खोखर ताल स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

पौणा खेड़ा मंदिर में भोलेनाथ की पूजा करते शिव भक्त। ● अमृत विचार

प्रकटेश्वर लाडलाबाद मंदिर में किया भंडारा

कांठ, अमृत विचार : श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान के संस्थापक अरविंद चौधरी गुरु जी ने बताया कि सावन के सभी सोमवारों को भंडारे होगा। राजवीर बिश्नोई, महेश बिश्नोई, सौरभ विश्नोई ने भक्तों को प्रसाद बांटा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निंबाडिया, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। प्रसाद बांटने में विकास शर्मा, विपिन चौधरी, सौरभ बिश्नोई, बिट्टू शर्मा, रामरतन, सुमित कश्यप, उदय चौधरी, टिंकू प्रजापति, सुनील चौहान का योगदान रहा।

मंदिरों में शिव भक्तों की उमड़ी भीड़

बिलारी, अमृत विचार : नगर में श्रावण माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी। बच्चा बाग शिव मंदिर एवं प्राचीन पौणा खेड़ा मंदिर में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक कर परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने बेल-फल, फूल इत्यादि चढ़ाकर प्रार्थना की। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे। वहीं, पौणा खेड़ा मंदिर में पंडित रामनिवास शर्मा की मौजूदगी में रुद्राभिषेक एवं भंडारे का आयोजन किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में सुबह आठ बजे से रुद्राभिषेक किया गया। जिसमें पंडित रवि शास्त्री द्वारा रुद्राभिषेक कराया गया। जिसमें मोनू शर्मा, गौरव शर्मा, गौरव अग्रवाल, जुगन चौधरी, सनी सिंह इत्यादि भोले भक्तों ने सेवा की।

सार संक्षेप

हाईवे से गुजरते कांवड़िये। ● अमृत विचार

भगवा रंग में रंगा मुरादाबाद-हरिद्वार हाईवे

कांठ,अमृत विचार : कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लेकर मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। हाईवे पर कांवड़ियों की सोमवार को संख्या अधिक दिखाई दी। पूरा दिन हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से मुरादाबाद हरिद्वार हाईवे भगवा रंग में छा गया। सावन में शिव भक्त हरिद्वार सहित कई शहरों से गंगाजल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। दूर दराज के कांवड़िये कांवड़ लेकर नगर से होकर गुजर रहे हैं। सोमवार को पूरा दिन कांवड़ियों की वापसी होती रही। वहीं कुछ कांवड़िये गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार भी गए। कांवड़ियों के जलपान की व्यवस्था के लिए जगह-जगह कांवड़ सेवा शिविर भी लगाए जा रहे हैं। जिससे कांवड़ियो को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कांवड़ यात्रा को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह से सतर्क है।

लाडलाबाद शिव मंदिरमें जलाभिषेक करते शिवभक्त। ● अमृत विचार

मंदिर में शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

कांठ/छजलैट, अमृत विचार : सावन के दूसरे सोमवार को श्रद्धालु शिव मंदिरों में उमड़े। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस हर जगह तैनात रही। सावन के दूसरे सोमवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा की। इस दौरान शिवभक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। नगर के माहेश्वरी मंदिर, माता महाकाली मंदिर, मुख्य बाजार स्थित बड़ा शिव मंदिर, बिशनपुरा स्थित शिव मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, पट्टीवाला शिव मंदिर, शिव मंदिर घोसीपुरा, संत रविदास मंदिर, श्री राम ज्योति मंदिर, रामलीला मंदिर, महर्षि वाल्मीकि मंदिर, लाडलाबाद स्थित प्रकटेश्वर प्राचीन महादेव मंदिर, ढाकी शिव मंदिर आदि पर भक्तों ने जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया। लाडलाबाद प्रकटेश्वर शिव मंदिर व शिव मंदिर ढाकी में मेले में लोगों ने खरीदारी की। सुरक्षा के लिहाज से थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार के साथ पुलिस फोर्स मौजूद रही।

कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दुकान स्वामी को दिलाया कब्जा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोर्ट के आदेश पर न्यायालय कर्मचारियों और पुलिस बल ने दुकान पर अवैध कब्जा किए इलेक्ट्रीशियन से दुकान खाली कराकर स्वामी को कब्जा दिलाया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी ओम प्रकाश सिंह पुत्र नत्थू सिंह की ठाकुरद्वारा शरीफनगर मार्ग पर दुकान है। जिस पर नांगलिया निवासी तारा सिंह लंबे समय से इलेक्ट्रीशियन का काम कर रहा था। लेकिन दुकान का किराया जमा नहीं कर रहा था। दुकान स्वामी द्वारा तारा सिंह से बार-बार दुकान का किराया जमा करने के लिए कहा गया। किराया न देने पर दुकान खाली करने का भी अनुरोध किया गया। इसके बाद दुकान स्वामी ने वर्ष 2018 में जनपद न्यायालय में याचिका दायर की। करीब छह वर्ष चले मुकदमे के दौरान 19 जुलाई को न्यायालय ने दुकान स्वामी के पक्ष में किरायेदार से पुलिस की मौजूदगी में दुकान खाली कराने के निर्देश जारी किए थे। जिस पर जनपद न्यायालय मुरादाबाद के अमीन देहात रूप सिंह व न्यायालय के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस बल की मौजूदगी में किरायेदार तारा सिंह को न्यायालय का आदेश का पालन करने के निर्देश देते हुए तत्काल दुकान खाली करने की चेतावनी दी। पहले तो दुकानदार ने आनाकानी की लेकिन बाद में पुलिस बल की मौजूदगी में दुकान खाली कर दी। जिसके बाद दुकान पर मालिक को कब्जा दिलाया गया।

खुशी मनाते सपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

विधायक कमाल अख्तर के सचेतक बनने पर मनाई खुशी

कांठ, अमृत विचार : कांठ के विधायक कमाल अख्तर को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा विधान सभा में मुख्य सचेतक मनोनीत करने पर सपाइयों ने खुशी मनाई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने विधायक कमाल अख्तर को विधानसभा में मुख्य सचेतक मनोनीत किया है। समाजवादी पार्टी कांठ कार्यालय में भी पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता इकत्र हुए तथा मिठाई बांटकर विधायक कमाल अख्तर को बधाई दी। इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फुरकान अली, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विक्रम सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष नईम अहमद, पूर्व प्रधान रियाजुल अंसारी, डॉ. दानिश अंसारी, अमजद अली, नासिर कमाल, अरशद फुरकान, दानिश चौधरी, मज्जू खां आदि रहे ।

थाने का निरीक्षण करते एसएसपी सतपाल अंतिल। ● अमृत विचार

एसएसपी ने किया बिलारी व सोनकपुर थाने का निरीक्षण

बिलारी, अमृत विचार : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सोनकपुर व बिलारी थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के अभिलेख चेक कर निर्देश भी दिए। एसएसपी सतपाल अंतिल सोमवार देर शाम बिलारी सर्किल के सोनकपुर थाने पहुंचे। जहां उन्होंने थाना कार्यालय पर अभिलेखों का निरीक्षण किया, महिला साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर महिलाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी ली। उन्होंने कंप्यूटर रूम, मालखाना, हवालात, पुलिस बैरंग, थाना परिसर का निरीक्षण किया। इसके अलावा थाने में मौजूद दरोगाओं व पुलिस कर्मियों से क्षेत्र की जानकारी ली। इसके बाद वह बिलारी कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने अभिलेख चेक करके महिला अपराधों से संबंधित जानकारियां ली, थाने में दर्ज मामलों की विवेचना के बारे में भी जाना और थाने में महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया। एसएसपी के निरीक्षण से थाने सभी सतर्क रहे। एसएसपी ने सभी दरोगाओं के साथ बैठक कर निर्देश दिए।

ससुरालियों ने महिला को पीटकर घर से निकाला

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : एक गांव निवासी विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है कि उसकी शादी पांच साल पहले भोजपुर में हुई थी। शादी में उसके परिजनों ने काफी दान दहेज दिया था। लेकिन उसके ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे।

पीड़िता का आरोप है कि उसका पति आए दिन अब भी उससे पैसे की मांग करता है। आरोप है कि उसके देवर ने बाथरूम में उसकी वीडियो बना ली है और इसी विडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए उसका देवर उसे ब्लैकमेल करता है। 28 जुलाई की दोपहर उसके तीन देवरों व ननद ने उसे मारापीटा तो वह जेठ के कमरे में चली गई। आरोप है कि उसने भी मारपीट की और घायल अवस्था में उसे घर से निकाल दिया। विवाहिता का कहना है कि वह वर्तमान में तीन माह की गर्भवती है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है।

बिना पूरी रकम दिए मकान पर कब्जे का प्रयास, मारपीट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● मकान स्वामी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

अमृत विचार : मकान का सौदा करने के बाद खरीदार ने बिना रकम दिए मकान को तोड़कर कब्जा करने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंचे मकान स्वामी ने विरोध किया तो उसके साथ आरोपियों ने गाली गलौज व मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लौगी कलां निवासी संजीव कुमार पुत्र स्व. बाबूराम शर्मा बच्चों की पढ़ाई कराने के उद्देश्य से लंबे समय से ठाकुरद्वारा में रह रहे हैं। उन्होंने अपने पैतृक मकान का सौदा गांव के देवेंद्र सिंह से नौ लाख 11 हजार रुपये में तय किया था। खरीदार ने एक लाख 11 हजार रुपये बयाना बतौर धनराशि दी थी। उस समय तय हुआ था कि पैतृक मकान को तुड़वाकर देना है और पुराने मकान का मलबा मकान स्वामी का ही रहेगा। सोमवार सुबह सात बजे संजीव को पड़ोसियों द्वारा सूचना मिली की तुम्हारे टूटे मकान का मलबा कई लोग ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर ले जा रहे हैं और जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। जब प्रार्थी ठाकुरद्वारा से अपने गांव पहुंचा तो उसने मलबा उठाने का विरोध करते हुए कहा कि शेष आठ लाख रुपये दिये बिना उसके मकान पर कब्जा नहीं कर सकते और न ही मलबा ले जा सकते हो।

आरोप है कि इसी दौरान खरीदार व उसके साथ खड़े 8-10 लोगों ने संजीव से साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इसी दौरान मौके पर कई लोग एकत्र हो गए। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

हाईवे पर जाम लगने से डाक कांवड़िये परेशान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे शिव भक्तों को पुलिस की लापरवाही के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे पुलिस व प्रशासन के प्रति शिव भक्तों में नाराजगी रही।

सोमवार को सुबह चार बजे से ही शिव भक्तों के जत्थे गंगाजल लेकर दौड़ते हुए आने शुरू हो गए थे। ठाकुरद्वारा सुरजननगर में सड़क किनारे खड़ी बसों और ई रिक्शा के कारण जाम लगा गया। इससे डाक कांवड लाने वाले शिव भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मार्ग पर जाम की सूचना सोशल मीडिया पर वायरल होने पर डिप्टी एसपी राजेश कुमार व कोतवाल प्रभारी राजीव चौधरी ने पुलिस को निर्धारित स्थानों पर भेजा। भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने पुलिस की लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंघल ने बताया कि आर्य समाज की शोभायात्रा में पुलिस ने ड्यूटी नहीं निभाई थी।

डीएम ने तहसील कांठ का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : जिलाधिकारी ने तहसील का औचक निरीक्षण किया और तहसील स्तरीय अधिकारियों को धारा 34 के मुकदमों का 45 दिन में निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रजिस्टरों को पूरे कर व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी अनुज सिंह सोमवार दोपहर तहसील पहुंचे और उन्होंने तहसील का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने एसडीएम कार्यालय और तहसीलदार का कार्यालय देखा। उन्होंने नायब तहसीलदार के न्यायालय और तहसीलदार के न्यायालय का निरीक्षण कर न्यायालयों की फाइल चेक करके देखा कि धारा 34 के मुकदमे काफी समय से लंबित है। उन्होंने दोनों अधिकारियों को निर्देश दिए कि धारा 34 के सभी मुकदमों का निस्तारण 45 दिन के अंदर करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के जो प्रमुख अभियान हैं उन्हें गंभीरता से लें। इसके बाद नजीर कार्यालय में पहुंचकर उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायत के बारे में जानकारी ली और मौके पर मौजूद लिपिक रुबीना अजमत से कहा कि जिन फरियादियों की शिकायत का निस्तारण हो जाता है, उनसे दूरभाष पर समस्या के निस्तारण के बारे में बात करें। डीएम को तहसील में निरीक्षण में कोई विशेष खामी नहीं मिली है। सभी अधिकारी छोटी समस्याओं का निस्तारण कर व्यवस्था में सुधार करें। इस अवसर पर एसडीएम अजय मिश्रा, एसडीएम न्यायिक अमित मलिक तहसीलदार आनंद कुमार नायक, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा एवं तहसील के अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

उप डाकघर में आधार कार्ड नहीं बनने पर लोगों का हंगामा

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : स्थानीय उप डाक घर में आधार कार्ड बनाने की मशीन करीब दो माह से ठप पड़ी थी। मशीन ठीक होने पर उप डाक घर में तीन दिन से आधार कार्ड बनाए गए। उप डाक घर में सोमवार को आधार कार्ड बनवाने पहुंचे लगभग 100 से अधिक लोगों ने परेशानी होने पर हंगामा किया। हंगामे के बीच पोस्ट मास्टर राजीव कुमार से लोगों की तीखी नोकझोंक भी हुई। नोंकझोंक के दौरान पोस्ट मास्टर राजीव कुमार ने लोगों को समझाया और शासन का आदेश दिखाते हुए बताया कि जो लड़के आधार कार्ड बना रहे थे, उनका शासन द्वारा ट्रांसफर कर दिया गया है। शासन द्वारा जल्द ही नई नियुक्ति कर दी जाएगी। नागरिकों का कहना है कि सुबह सात बजे से बच्चों को लेकर महिलाएं और बुजुर्ग चिलचिलाती धूप में कतार में खड़े हैं। तीन दिन मशीन चलने के बाद फिर ठप हो गई। जिसके चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है।

वहीं दूसरी ओर बैंक शाखाओं में खोले गए आधार सेवा केंद्र भी बंद पड़े हैं। जिसके कारण कांठ/छजलैट क्षेत्र के हजारों लोगों को नए आधार कार्ड बनवाने और पुरानों में संशोधन कराने में दिक्कत हो रही है। क्षेत्र के लोगों ने उप डाकघर कांठ में आधार सेवा केंद्र को जल्दी ही दोबारा संचालित कराने की मांग की है। उप डाकघर पोस्ट मास्टर राजीव कुमार का कहना है कि आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर जोड़ने का कार्य चल रहा है। तीन से चार दिन में आधार कार्ड बनाने का भी काम शुरू कर दिया जाएगा।

बाइक की एजेंसी का शटर तोड़कर नकदी चोरी

भगतपुर, अमृत विचार : भगतपुर स्थित बाइक की एजेंसी का शटर तोड़कर चोरों ने अलमारी में रखी गुल्लक व दराज से 25,000 की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में टीम बना कर तलाश शुरू कर दी है।

रोशनपुर टांडा मार्ग पर भगतपुर गांव के पास अहमद टीवीएस मोटर्स के नाम से टीवीएस बाइक की एजेंसी है। रविवार रात दो बजे कच्छा धारी चोरों ने लोहे की रॉड से एजेंसी का शटर तोड़कर गुल्लक व दराज से 25000 रुपये चोरी कर लिए। चोरी की घटना एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सुबह एजेंसी स्वामी शमशाद अहमद की सूचना पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार व फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने साक्ष्य एकत्र किए। सीओ राजेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की पहचान कर तलाश शुरू कर दी है।

जटपुरा में श्रीमद् भागवत कथा से पहले कलश यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु व अन्य। ● अमृत विचार

कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : जटपुरा स्थित छराहा माता मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने से पहले गांव में विधि विधान से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

सोमवार को जटपुरा स्थित छराहा माता मंदिर पर निर्मल शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर कलश यात्रा का आरंभ कराया गया। जिसमें महिलाएं सिर पर जल का कलश रख और पीले वस्त्र पहनकर नंगे पैर माता भगवती का गुणगान करती चल रही थीं। वहीं भजनों पर श्रद्धालु थिरकते चल रहे थे। गांव के विभिन्न मोहल्लों में कलश यात्रा के पहुंचने पर पुष्प वर्षा से कलश यात्रा का स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में कलश यात्रा पहुंचने पर निर्मल शास्त्री द्वारा विधि विधान के साथ कलश स्थापना कराई गई। बाद में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में पंकज प्रजापति, सोमपाल सिंह चौहान, सोनू चौहान, राहुल प्रजापति, रंजीत प्रजापति, सोनू प्रजापति, डॉ. विपिन चौहान, धर्मवीर प्रजापति, दीपा चौहान, रानी देवी, अमृता देवी, पूजा देवी, लक्ष्मी देवी, रीना देवी, राजबाला, सर्वेश देवी आदी ने भाग लिया।

जुकाम-नजला और बुखार के बढ़ रहे रोगी

कांठ, अमृत विचार : लगभग हर घर में वायरल बुखार के रोगी हैं। कभी छांव और कभी धूप से बुखार, जुकाम, नजला व चर्म रोगी बढ़ रहे हैं। अस्पताल में पहले से दोगुने बुखार के रोगी पहुंच रहे हैं। सावन के महीने में कभी छांव और कभी चिलचिलाती धूप ने लोगों को बीमार करना शुरू कर दिया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित निजी चिकित्सकों के यहां भी पहले से दोगुने बुखार के रोगी पहुंच रहे हैं। बुखार के साथ गले की समस्या से ग्रस्त रोगी भी बढ़े हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ. राजीव कुमार सिंह का कहना है कि बार-बार मौसम बदल रहा है। मौसम बदलने के कारण ही बुखार जुखाम खांसी के रोगी बढ़े हैं। उन्होंने सलाह दी है कि घर से बाहर निकले तो पूरे कपड़े पहने, तेज धूप में सिर को कपड़े से ढके, शरीर में पानी की कमी न होने दें और बुखार होने पर चिकित्सक को दिखाएं। बच्चों का विशेष ध्यान रखें, रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें।

प्रशिक्षण के समापन पर मौजूद शिक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

डायट में पांच दिनी प्रशिक्षण सम्पन्न

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : डायट में माध्यमिक एवं अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 व 10 के लिए रिमिडियल प्रशिक्षण एवं अन्य बिंदुओं पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को संपन्न हो गया।

प्रशिक्षण समापन पर संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज द्विवेदी मुख्य अतिथि रहे। जिनका प्राचार्य बुद्धप्रिय सिंह ने स्वागत किया। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने प्रशिक्षण को पूर्ण मनोयोग से देने के लिए मार्गदर्शित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा प्रशिक्षण के संबंध में प्रतिभागियों से फीडबैक प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण हिंदी, अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषय पर आधारित रहा।

प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी डायट प्रवक्ता राशिद अली, टीना वर्मा, सुनील कुमार, प्रवक्ता अजय विक्रम, सिंह अनिल यादव, शीतल कुमार आशुतोष त्यागी एवं मंडल स्तर के समस्त संदर्भदाता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बबीता मेहरोत्रा एसआरजी विज्ञान मुरादाबाद द्वारा किया गया।

मशीन खराब होने से सात घंटे आपूर्ति ठप

कांठ, अमृत विचार : बिजली घर में रिले सोमवार सुबह खराब हो गई थी। इसके कारण सात घंटे बिजली न होने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। दोपहर एक बजे मशीन ठीक होने पर बिजली आपूर्ति सुचारु हो पाई।

वर्तमान में बिजली घर में दो फीडर संचालित हो रहे हैं। इनमें एक तहसील फीडर और दूसरा टाउन फीडर है। सोमवार सुबह दोनों फीडरों की मशीनों की रिले खराब हो गई। जिससे आपूर्ति ठप हो गई। बिजली कर्मचारियों द्वारा मुरादाबाद से मशीनों की रिले मंगवाई गई। दोपहर एक बजे नगर की बिजली को सुचारु किया गया। एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव ने बताया कि दोनों फीडरों की मशीनों की रिले खराब हो गई थी। जिसके कारण नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। मुरादाबाद से रिले लाने में समय लग गया था। रिले आने पर इंजीनियर द्वारा मशीनों को ठीक कराकर नगर की विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

नगीना से काशीपुर तक रेल लाइन के सर्वे को मिली मंजूरी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अच्छी खबर

● सरकार ने सर्वे के लिए 1.5 करोड़ रुपये का बजट भी जारी किया

अमृत विचार : रेल मंत्रालय ने नगीना से काशीपुर के बीच रेलवे लाइन के सर्वे को मंजूरी दे दी है। रेलवे लाइन ठाकुरद्वारा क्षेत्र से होकर गुजरेगी। स्थानीय लोगों ने जहां रेल यातायात की सुविधा पर खुशी जताई है, वहीं ठाकुरद्वारा में हाल्ट बनाने की भी मांग की है।

भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि रेल मंत्रालय ने क्षेत्र की अर्से पुरानी मांग पर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ने वाली नगीना-अफजलगढ़-ठाकुरद्वारा-काशीपुर रेलवे लाइन के सर्वे को मंजूरी दी है। सरकार ने सर्वे के लिए 1.5 करोड़ रुपये का बजट भी पास किया है। इस रेलवे लाइन पर नगीना और काशीपुर के बीच भोजवाला, परमावाला और रेहड़ हाल्ट प्रस्तावित है, जबकि जसपुर और ठाकुरद्वारा में क्रासिंग स्टेशन प्रस्तावित हैं। भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह ने रेलमंत्री को पत्र भेजकर ठाकुरद्वारा में हाल्ट बनवाने की मांग की है। कहा कि ठाकुरद्वारा उत्तराखंड की सीमा से सटी पहली तहसील होने के साथ कोचिंग हब है। यहां पर देशभर से छात्र छात्राएं अध्ययन करने आते हैं। रेलवे हाल्ट बनने से लोगों के साथ छात्र छात्राओं को भी यातायात सुविधा मिलेगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल ने भी सर्वे के लिए बजट मिलने पर खुशी जताई है। भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष रुद्रदत्त शर्मा ने भी ठाकुरद्वारा में रेलवे लाइन जल्द बनवाने की मांग की है। विजय सिंह चौहान, ओम कुमार ने भी खुशी जताई है।

एक नजर

मैंथा की टंकी पर काम कर रहे भाइयों को पीटा

शाहबाद, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव रमपुरा निवासी सत्यपाल ने अपने चाचा हरिओम व उसके बेटे अरुण, आकाश एवं निर्मल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक वह और उसका भाई जयपाल टांडा मार्ग स्थित मैंथा की टंकी पर काम कर रहे थे। इस दौरान उसके चाचा व उसके तीनों बेटे वहां आ गए। बिना बात गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित और उसके भाई ने विरोध किया तो उन्होंने लाठी-डंडों से मारपीट की। इसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

कर्मचारियों ने मीना बाजार में की सफाई

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइंस स्थित मीना बाजार में कर्मचारियों ने सफाई की। पिछले दिनों यहां के दुकानदारों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया था। दुकानदारों ने कहा था कि यहां सफाई नहीं होने से बरसात के दिनों में जलभराव हो जाता है। दुकानों के आगे पानी भरने से ग्राहकों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे होने से संक्रामक रोग फैल रहे हैं। लोगों को बीमार होने की आशंका है। सोमवार को सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डॉ. अविनाश कुमार मीना बाजार पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से नालियों की साफ-सफाई कराई।

कई मोहल्लों में बिजली ट्रिपिंग से लोग रहे परेशान

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को उमस के बीच सुबह से कई मोहल्लों में बिजली ट्रिपिंग की दिक्कत रही। इससे लोग परेशान हो गए। दोपहर में शाहबाद गेट, ज्वालानगर, पहाड़ी गेट और जेल रोड में तीन घंटे बिजली गुल रही। सुबह करीब सात बजे शाहबाद गेट, पहाड़ी गेट क्षेत्र में ट्रिपिंग हुई। नौ बजे दोबारा बिजली सुचारु हो सकी। इसके बाद दोपहर करीब दो बजे आपूर्ति बाधित हो गई। इसके तीन घंटे बाद बिजली आई। इसके अलावा ज्वालानगर और डूंगरपुर क्षेत्र में भी दो बजे से तीन घंटे बिजली गुल रही। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए काम कराया जा रहा है। इसके चलते लोगों को परेशानी हुई।

बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

बृजघाट और हरिद्वार से कांवड़ लाकर भक्तों ने भगवान भोले नाथ को चढ़ाया जल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में तड़के से ही भक्तों की भीड़ लग गई। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद भगवान शंकर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों में बम-बम के जयकारे पूरे दिन गूंजते रहे। डाक कांवड़ियों ने सबसे पहले मंदिर में पूजा-अर्चना की। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा।

सावन के दूसरे सोमवार को तड़के से ही मंदिरों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। प्राचीन भमरौआ शिव मंदिर और पंजाबनगर मंदिर में भक्तों की लाइन लग गईं। भक्तों ने कतारों में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया। इसके बाद भोले बाबा को जल चढ़ाया। इस दौरान मंदिर में घंटों की आवाज गूंजती रही। पंजाबनगर मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी। हालात यह हो गए सड़क तक भक्तों की लाइन लग गई।

भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए भमरौआ मंदिर में लगी भक्तों की कतार। ● अमृत विचार

- सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रही पुलिस, गली-मोहल्लों के मंदिरों भी भक्तों ने भी शिव की आराधना
- सोमवार तड़के से ही मंदिरों में जुटी भक्तों की भीड़

विधि-विधान से भगवान शिव की आराधना करने के साथ ही भक्तों ने जलाभिषेक भी किया। इस दौरान माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस बीच सबसे पहले हरिद्वार व बृजघाट से गंगाजल लाने वाले डाक कांवड़ियों ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने भोले शंकर का जलाभिषेक किया।

इस मौके पर मंदिरों में मेले का आयोजन भी किया गया। बच्चों ने मेले में लगे झूलों का आनंद लिया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस तैनात रही। पूरे दिन भक्त डाक कांवड़ में जल लाकर भगवान शंकर को चढ़ाते रहे।

कृष्णा मंदिर में रही भीड़

कालोनियों में बने मंदिरो में भी भक्तों की भीड़ रही। सुबह से ही कृष्णा मंदिर, पुराना गंज स्थित मंदिर, सिविल लाइन मंदिर और कोसी मंदिर में तड़के से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। इसके बाद भगवान शंकर को बेलपत्र और फूल चढ़ाकर आरती की। दोपहर तक शहर के अंदर वाहन बंद रहे।

पंजाबनगर मंदिर में भोले बाबा का जलाभिषेक करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक कर की पूजा-अर्चना

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : सावन माह के दूसरे सोमवार को नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना का क्रम शुरू हो गया जो दोपहर तक चलता रहा।

श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, भांग, धतूरा आदि सामग्री अर्पित कर भगवान से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। गांव चंदेन तथा बिढ़वा नगला स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर के बाहर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर परिसर के बाहर तैनात पुलिसकर्मी एक-एक कर श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए भेजते रहे। मोहल्ला साहूकारा में श्री सनातन धर्म मंदिर, माता महाकाली मंदिर, श्री माता पीतांबरा देवी मंदिर, रामपुर रोड पर श्री शिव मंदिर, मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर, मोहल्ला लक्ष्मीनगर में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, मोहल्ला पंजाबी कालोनी में श्री सनातन धर्म मंदिर विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सुरक्षा के मद्देनजर उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, सीओ रवि खोखर, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर की पूजा-अर्चना

स्वार, अमृत विचार : सावन के दूसरे सोमवार को कांवड़ियों भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर पूजा-अर्चना की। हर-हर महादेव के उद्घोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सावन के दूसरे सोमवार को गांव धनौरी व हरदासपुर के डाक कांवड़ियों का जत्था मुंशीगंज मार्ग पर पहुंचा। कांवड़ियों की सुरक्षा में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा ने भी कांवड़ियों के साथ दौड़ लगाकर मंदिर तक पहुंचाया। इसके बाद कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके अलावा मोहल्ला स्वार बड़ा शिव मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर, पंजाबी कालोनी गीता मंदिर, मोहल्ला चक स्वार शिव मंदिर पर भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का बेलपत्र, भांग, धतूरा च गंगाजल आदि से अभिषेक किया। मंदिरों पर भजन कीर्तन भी हुए।

कुम्हार वैदिक भगवान प्रजापति का वंशज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : माला टाकिज रोड स्थित लाल सिंह प्रजापति के आवास पर भगवान दक्ष जयंती मनायी गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान दक्ष प्रजापति के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इसके बाद समाज के लोगों ने पुष्प अर्पित किए।

भाजपा के नगर महामंत्री लाल सिंह प्रजापति ने कहा कि हमारे वंशज सर्वोपरि हैं। भगवान दक्ष प्रजापति ब्रह्मा जी के मानस पुत्र थे एवं माता सती के पिता थे। सती के पिता होने के नाते भगवान शिव के ससुर भी थे। दक्ष प्रजापति को माता सती का भगवान शिव से विवाह करना नहीं भाया था। इसके कारण उन्होंने माता सती के विवाह के बाद उनसे सारे रिश्ते खत्म कर लिए थे।

कहा कि पारंपरिक रूप से हम मिट्टी के बर्तन, खिलौने, सजावट का सामान और मूर्तियां बनाने का कार्य करते हैं। कुम्हार वैदिक भगवान प्रजापति के वंशज हैं। हमारे समाज को अनेकों नाम से जाना जाता है जैसे प्रजापत, कुंभकार, कुंभार, कुमार, कुम्हार, कुंभार आदि। भगवान दक्ष प्रजापति ब्रह्मा जी के मानस पुत्र थे और राजाओं के राजा थे। इसलिए उन्हें महाराजा दक्ष प्रजापति कहा जाता है।

वैदिक पुराण के अनुसार हमारे समाज का स्थान सर्व सम्मानित है। इसलिए हमें अपने आप को हीन भावना से नहीं देखना चाहिए। इस अवसर पर प्रजापति समाज के संरक्षक डालचंद गोले, डॉ. गंगाराम, प्रजापति समाज के युवा अध्यक्ष राजीव कुमार, कार्यक्रम आयोजक दिनेश कुमार, भागवत सरन, प्रधान कुमार पाल, सभासद के पति संजू बाब, प्रधान धर्मपाल, रामकिशोर, अनिल, बसंत राम आदि मौजूद रहे।

भगवान दक्ष प्रजापति के चित्र के समक्ष दीप जलाते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

पटवाई की रिक्त भूमि पर बनेगा शॉपिंग मॉल

रामपुर/पटवाई, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी नंद किशोर कलाल ने बताया कि प्रदेश के प्रथम ग्रामीण मॉल धमौरा की तर्ज पर ग्राम पंचायत पटवाई के चौराहे पर एक मॉल बनेगा। इसके लिए थाने के पास पंचायत की रिक्त पड़ी भूमि पर का निरीक्षण किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि रामपुर-शाहबाद रोड पर ग्राम पंचायत पटवाई में पंचायत की रिक्त भूमि पर लगभग 40 दुकानें बनाना प्रस्तावित है। इससे ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि होगी तथा ग्रामीणों को रोजगार के साधन भी मिलेंगे।

खंड विकास अधिकारी शाहबाद को निर्देश दिए कि किसी अनुभवी आर्किटेक्ट को स्थलीय निरीक्षण कराते हुए नक्शा तैयार कराएं। निरीक्षण के समय खंड विकास अधिकारी शाहबाद, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान एवं लेखपाल आदि मौजूद रहे।

कॉलेज की अचल संपत्ति बेचने की अनुमति देने पर प्रधानाचार्य निलंबित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रभारी रहते हुए उन्होंने अवैध तरीके से कॉलेज की अचल संपत्ति को बेचने की अनुमति दे दी। चार साल बाद मामले का खुलासा होने पर शिक्षा निदेशक ने प्रधानाचार्य को निलंबित कर दिया है।

सनातन धर्म इंटर कालेज की अचल संपत्ति विक्रय के लिए कालेज के प्रबंधक ने अनुमति मांगी थी। समिति के अन्य सदस्यों ने इसका विरोध किया था। पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार सात दिसंबर 2020 को अवकाश पर थे। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक की जिम्मेदारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज ककरौआ के प्रभारी प्रधानाचार्य हरिनाथ सिंह के पास थी। हरिनाथ सिंह ने असंवैधानिक तरीके से सनातन धर्म इंटर कालेज की अचल संपत्ति बेचने की अनुमति आवेदनकर्ता को दे दी। इसकी जानकारी मिलने पर समिति के अन्य सदस्यों ने जांच के लिए शिकायती पत्र दिया। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव ने संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को हरिनाथ सिंह को निलंबित कर दिया। निलबंन की कार्रवाई का आदेश संयुक्त निदेशक कार्यालय मुरादाबाद एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को भेज दिया गया है।

> एक पुराना मामला 2020-21 के प्रकरण से जुड़ा है। इसमें सनातन धर्म इंटर कॉलेज की अचल संपत्ति के विक्रय की अनुमति देने का आरोप लगा था। इस मामले में हरिनाथ सिंह का निलंबन आदेश मिला है। आदेश उन्हें भेज दिया गया है। -मुन्ने अली, डीआईओएस

उर्वरक से भरे ट्रकों को न रोका जाए : डीएम

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि वर्तमान में खरीफ फसल का सीजन चल रहा है। इसलिए धान की फसल के लिए उर्वरक की मांग काफी बढ़ गयी है।

कृषकों को निर्बाध रूप से उर्वरक उपलब्ध होता रहे इसके लिए जरूरी है कि उर्वरक से भरे ट्रकों को न रोका जाए। रेलवे रैक प्वाइन्ट पर उर्वरक के लिए ट्रक का आवागमन होता रहे। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के माध्यम से सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों और एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को अनुपालन कराने का निर्देश दिया। उर्वरक से भरे ट्रक को रैक प्वाइंट से समितियों, पीसीएफ, बफर गोदाम शहजादनगर एवं उर्वरक बिक्री केन्द्र पर ले जाने एवं खाली ट्रक को वापस आने के पर भी नहीं रोका जाएगा।

दहेज में कार नही मिलने पर शौहर ने दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/पटवाई

- पति सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : दहेज में कार और दो लाख रुपये नहीं मिलने पर पति ने तीन तलाक देकर बीवी को कमरे में बंद कर दिया। जानकारी मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने महिला को कमरे से बाहर निकाला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के अनुसार उसने दो साल पहले अपनी बेटी की शादी शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव पुरैना निवासी मिजाज से की थी। उसने शादी में काफी दान दहेज भी दिया था। मगर ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे। वह दहेज में कार, दो लाख रुपये और दो तोले सोने की मांग कर रहे थे। महिला का आरोप है कि 27 जुलाई को दामाद ने उसकी बेटी को तीन तलाक देकर कमरे में बंद कर दिया। इसकी जानकारी होने पर वह बेटी की ससुराल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बेटी को कमरे से बाहर निकाला।

इसके बाद मायके वाले उसे अपने साथ ले गए। बाद में उसने पटवाई थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने पति मिजाज, ननद हसमुखी, जेठ फरियाद और ननदोई बाबू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीड़िता ने अपने देवर और जेठ पर अश्लील हरकतें करने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

युवती से सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शाहबाद, अमृत विचार : अगवा कर युवती से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने अनवा गांव निवासी सौरभ, अंशुल एवं आदित्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। युवती के मुताबिक नौ जून की रात करीब दो बजे आरोपी उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने तमंचे के बल पर उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद सुनसान जगह पर उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। जब उसे होश आया तो वह चंदौसी में थी। एक आरोपी उसे हरिणाया के रेवाड़ी ले गया। वहां भी उसे कमरे में बंद करके दुष्कर्म किया। वह किसी तरह छूटकर वहां से भाग आई। इसके बाद फोन पर अपने ममेरे भाई को सूचना दी। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। सोमवार को सौरभ को गिरफ्तार कर लिया है।

लाभार्थियों को समय से स्वीकृत किया जाए ऋण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

बैठक

- एनपीए एकाउंट करने से पहले तहसीलदार व अमीन को बताएं
- 31 जुलाई है फसल का बीमा कराने की अंतिम तिथि

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने लीड बैंक मैनेजर व बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न प्रकार की योजनाओं से लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों का लोन समय से स्वीकृत किया जाए। उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैंक मैनेजर व अन्य अधिकारियों के साथ बैंकर्स की जिला स्तरीय बैठक हुई। डीएम ने सीएम डैशबोर्ड में शामिल महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत शासकीय ऋण योजना से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि किसी भी बैंक अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लाभार्थी के खाते में धनराशि ट्रॉन्सफर करने में देरी होती है और उन्हें परेशान किया जाता है तो तत्काल सूचना दें। उन्होंने आधार कार्ड से संबंधित शिकायतों के लिए लीड बैंक मैनेजर, समस्त शाखा प्रबंधक एवं समस्त पोस्ट मास्टर को तत्काल ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह ने बताया कि फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इस संबंध में लीड बैंक मैनेजर को किसानों की फसलों का बीमा करने के निर्देश दिए गए। लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिया कि एनपीए एकाउन्ट करने से पहले तहसीलदार व अमीन को सूचित करें।

विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित करते नगर पंचायत अध्यक्ष। ● अमृत विचार

पंजाब ने चेन्नई को 75 रन से हराया

संवाददाता, सैफनी

अमृत विचार : सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान ने महीने भर से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट सैफनी प्रीमियर लीग पांच की विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। पंजाब की टीम ने चेन्नई टीम को 75 रन से हराकर मैच जीत लिया।

ईदगाह मैदान में एक माह से सैफनी प्रीमियर लीग सीजन पांच टूर्नामेंट खेला जा रहा था। सोमवार को पंजाब एवं चेन्नई की टीम के बीच खेले गये फाइनल मुकाबले में आखिर तक रोमांच बना रहा। टॉस जीतकर चेन्नई की टीम ने पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। पंजाब को बल्लेबाजी करने को कहा। पंजाब ने पहले बलेबाजी करते हुए 16 ओवर में छह विकेट खोकर 186 रन बनाए। बाद में बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स 11 ओवर में 111 रन पर ही ढेर हो गई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने मैच के बाद विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर रसीद अहमद उर्फ खान, अरुण कुमार जोशी, अरशद अली, नासिम अली पहलवान, बाबू कुरैशी, आजाद आलम, समीर कुरैशी, शारिफ खान आदि मौजूद रहे।

ब्लैक जोन में बनेंगे ओवरब्रिज व अंडरपास

मिलक, अमृत विचार : मिलक से धमोरा तक हाईवे को डीएम ने ब्लैक जोन घोषित कर दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण को दो जगह ओवरब्रिज अथवा अंडरपास बनाने की संस्तुति की है।

उन्होंने मिलक रौरा कला जीरो प्वाइंट से धमोरा बाईपास तक ब्लैक जोन बताते हुए सुरक्षा की दृष्टि से ओवरब्रिज अथवा अंडरपास बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण को पत्र भेजा है। सावन के पहले सोमवार को मिलक स्थित हाईवे पर दो बसों की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 40 से ज्यादा घायल हो गये थे।

जिलाधिकारी ने धमोरा बाईपास से मिलक रौरा कला जीरो प्वाइंटर तक ओवरब्रिज अथवा अंडरपास बनाने का प्रस्ताव प्राधिकरण को भेजा है। जिलाधिकारी के इस प्रस्ताव से स्थानीय लोगों में खुशी है। लोगों को निर्माण कार्य का इंतजार है।

अभियान 255 लोगों की गई सीबी नेट, टू-नेट और माइक्रो स्कोप जांच

विशेष अभियान में मिले 13 क्षय रोगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जनपद में 31 जुलाई तक संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान के तहत 13 नए क्षय रोगी मिले हैं। निक्षय मित्रों ने 255 लोगों के घर-घर जाकर क्षय रोगी को तलाश किया था। इस दौरान स्वार में तीन, सदर में तीन, चमरौआ, सैदनगर, शाहबाद, मिलक, बिलासपुर और टांडा समेत एक अन्य स्थान पर एक-एक रोगी मिले हैं।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.सत्यप्रकाश ने बताया कि छह से नौ माह तक नियमित रूप से दवा का सेवन करने पर क्षय रोगी पूरी तरह ठीक हो जाता है। दवाई बीच में छोड़ देने पर क्षय रोग से पीड़ित व्यक्ति की हालत गंभीर हो जाती है। जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी, पीएचसी तक ऐसे रोगियों के इलाज की व्यवस्था है। लंबे समय से बुखार, खांसी, खून के साथ बलगम, वजन कम होना, भूख कम लगना, शरीर में कहीं भी गांठ का होना, रात में सोते समय पसीना आने पर क्षय रोग से संबंधित जांच करानी चाहिए। जांच की सुविधा सभी अस्पतालों में उपलब्ध है। सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी रोगियों की जांच सीबी नेट, टू-नेट और माइक्रो स्कोप से की जाती है।

जिला अस्पताल स्थित क्षय रोग केंद्र।

- निक्षय मित्रों ने 255 लोगों के घर जाकर तलाशे थे क्षय रोगी
- 31 जुलाई तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान

सात माह में मिले 5,376 टीबी रोगी

जनपद में एक जनवरी से 29 जुलाई तक 5,376 टीबी रोगी मिले हैं। 2023 की रैंकिंग में प्रदेश में जनपद को पहला स्थान मिला था। प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुसार 2025 तक देश से टीबी को जड़ से मिटाना है। इसी के अनुसार टीबी के मरीजों की नोटिफिकेशन, डीबीटी के माध्यम से भुगतान, एचआईवी और शुगर की जांच कराई जा रही है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2020 में 6746, 2021 में 6964, 2022 में 6062 और 2023 में 9068 रोगी मिले थे। 2024 में 29 जुलाई तक जनपद में 5,376 रोगी मिले हैं।

चेयरमैन ने ईओ के वेतन पर लगाई रोक

मसवासी, अमृत विचार : चेयरमैन दिनेश गोयल ने ईओ को पत्र लिखकर कई बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा था। स्पष्टीकरण न देने पर चेयरमैन ने ईओ के वेतन भुगतान पर रोक लगा दी है।

चेयरमैन दिनेश गोयल और ईओ मनोज कुमार मिश्रा के बीच रार कम नहीं हो रही है। रविवार को चेयरमैन दिनेश गोयल ने ईओ को पत्र लिखकर अवैध कालोनियों पर कार्रवाई न करने, टैक्स की वसूली न करना है। इसके अलावा गोशाला एवं कार्यालय में लगे कैमरों का बंद होना आदि बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है। चेयरमैन ने बताया कि स्पष्टीकरण न मिलने पर अग्रिम आदेश तक ईओ के वेतन पर रोक लगा दी गई है।

ईओ मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि अस्थाई अतिक्रमण पर समय-समय पर कार्रवाई हुई है। स्थाई अतिक्रमण के कई मामले न्यायालय में लंबित हैं। टैक्स की वसूली भी की जा रही है। कैमरों को दुरुस्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

वाहन में मानक से ज्यादा बच्चे बैठाने पर की जाएगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- एआरटीओ और जिला विद्यालय निरीक्षक को संयुक्त रूप से कार्रवाई के निर्देश
- राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर अवैध कटों को 10 दिन में बंद कराएं

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर विभिन्न स्थानों पर अनाधिकृत रूप से रेलिंग काटकर बनाए गए कट को बंद कराने के लिए परियोजना निदेशक को निर्देश दिए हैं।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा एवं विद्यालय यान परिवहन समिति की बैठक हुई। डीएम ने परियोजना निदेशक से कहा कि अवैध कट की वजह से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती हैं। इसलिए कटों को 10 दिन में बंद कराएं। आंबेडकर पार्क से रोडवेज बस अड्डे तक अनाधिकृत रूप से खड़े होने वाले वाहनों के कारण जाम लगता है। इन वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए उन्होंने एआरटीओ एवं ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मानकों के विपरीत निजी वाहनों से बच्चों को विद्यालय ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। स्कूल बस या वैन में निर्धारित संख्या से अधिक बच्चों को बैठाने संबंधित विद्यालय के प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई करें। स्कूल बसों में लगे कैमरे सक्रिय होने चाहिए। विद्यालय वाहन के संबंध में निर्धारित मानकों का उल्लंघन होने पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मोटर व्हीकल एक्ट का सख्ती से अनुपालन कराएं। सड़क पर रांग साइड वाहन चलाने वालों पर भारी जुर्माना लगाएं।

प्राथमिक स्कूल के स्टाफ से गाली-गलौज, रिपोर्ट

सैदनगर, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय करनपुर के स्टाफ से एक युवक ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय करनपुर में गांव का ही एक युवक राशन लेने आया। वह स्कूल के स्टाफ, रसोइया, आंगनबाड़ी, शिक्षा मित्र एवं सहायक अध्यापक को गाली देने लगा। शोर शराबा होने पर प्रधानाध्यापिका भी कमरे से बाहर आ गईं। विरोध पर युवक प्रधानाध्यापिका को भी गाली देने लगा। मामला तूल पकड़ने पर स्कूल के स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मगर इससे पहले ही आरोपी वहां से चला गया। थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया कि प्रधानाध्यापिका की तहरीर पर पुलिस ने जोगिन्दर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक नजर

रालोद के प्रदेश महासचिव ने जिलाधिकारी को दिया पत्र

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बब्लू ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा है कि डाकघर में आधार कार्ड बनाने, संशोधन कराने में बहुत भीड़ हो रही है। इससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से आने वाली जनता का उत्पीड़न हो रहा है। डाकखाने में तैनात कर्मचारी लोगों को 20 फार्म देकर काम बंद कर देते हैं। इससे शेष लोग निराश होकर घर लौट जाते है। आने-जाने में उनका किराया भी लगता है और समय भी खराब होता है। यह मुद्दा जनता से जुड़ा है। इस समस्या का समाधान किया जाए। ज्ञापन देने वालों में शबाब अली खान, मजहर अली, मुन्ना, मोहसिन, नजीर हुसैन आदि मौजूद रहे।

सफाई कर्मचारियों का बढ़ाया जाए मानदेय

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्म कुमार वाल्मीकि ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा ठेका सफाई कर्मियों को मानदेय कम दिया जा रहा है। पीएफ, ईएसआई कार्ड और उपचार के लिए कर्मचारियों को कुछ नहीं मिल रहा है। जबकि जनपद की अन्य निकायों में कर्मचारियों को सारी सुविधाएं दी जा रही हैं। मोहल्ला अस्तबल रोड स्थित राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के कार्यालय पर बैठक हुई। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन दिया जाएगा। इसमें कर्मचारियों के मानदेय को लेकर पूछा जाएगा।

जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे बिजली कर्मचारी

रामपुर, अमृत विचार : बिजली कर्मचारी सुरक्षा उपकरण के बिना ही कार्य कर रहे है। इसके चलते कर्मचारी लगातार हादसे का शिकार हो रहे हैं। मगर विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मैहर इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड बनारस को पत्र लिखा है।

गर्मी में बेहोश होकर गिरा सातवीं का छात्र

शहपुरा के सरकारी स्कूल का मामला, प्राथमिक उपचार के बाद भेजा घर

संवाददाता, टांडा

छुट्टी के बाद स्कूल से निकलते बच्चे।

अमृत विचार : सोमवार को क्षेत्र के ग्राम शहपुरा में कक्षा सात का छात्र गर्मी से बेहोश होकर गिर गया। इससे स्कूल स्टॉफ के हाथ पांव फूल गए। तुरंत उसे हाथ के पंखों से हवा की गई। ठंडे पानी की छींटे दिए और घर वालों को भी सूचना दी। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।

उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। बिजली कटौती ने समस्या में ओर इजाफा कर दिया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छोटे बच्चे उमस भरी गर्मी में बेहोश हो रहे हैं। ग्राम तोड़ीपुरा निवासी मोहम्मद तनवीर पड़ोस के ग्राम शाहपुरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा सात का छात्र है। सोमवार की दोपहर साढ़े 12 बजे तनवीर गर्मी से बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। उसके अचानक बेहोश होने से विद्यालय का स्टॉफ परेशान हो गया। शिक्षकों ने हाथ के पंखे से बच्चे को हवा की। सूचना पर परिजन भी विद्यालय पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को होश आने पर परिजनों के साथ घर भेज दिया गया। शिक्षकों ने विद्यालय के समय में परिवर्तन करने की मांग की है। उनका कहना है कि स्कूल समय सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक होना चाहिए। स्कूल समय में बिजली कटौती बंद की जाए।

> पौने तीन बजे एक छात्रा का बेहोश होने का वीडियो मिला है। इस बारे में जानकारी करने के लिए खंड शिक्षाधिकारी स्वार को कहा गया है। **-राघवेंद्र सिंह,** बीएसए

> उमस भरी गर्मी में बच्चे बेहोश हो जाते हैं या बुखार आ जाता है। विद्यालयों का समय प्रातः आठ से दोपहर दो बजे तक है, जो अव्यवहारिक है। डीएम से स्कूलों का समय सुबह आठ से दोपहर एक बजे करने का निवेदन किया है। **-डॉ. राजवीर सिंह, जिलाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ**

> उमस भरी गर्मी में प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की तबियत बिगड़ रही है। समय पर बिजली भी नहीं आ रही है। बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक विद्यालयों का समय प्रातः आठ से 12 बजे तक किया जाना चाहिए। **-हेमलता सिंह, जिलाध्यक्ष, यूटा**

> उमस भरी गर्मी से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बच्चे दोपहर दो बजे तक स्कूल में रुकने में असहज महसूस कर रहे हैं। विद्यालय समय में बिजली आपूर्ति भी बाधित रहती है। इसलिए समय में परिवर्तन होना चाहिए। **-रवेन्द्र गंगवार, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ**

> स्कूल का समय परिवर्तन कराने के लिए अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके हैं। उमस भरी गर्मी में बच्चों को काफी परेशानी होती है। स्कूल समय में कई बार बिजली चली जाती है। बच्चों को गर्मी में बैठना मुश्किल होता है। **-कैलाश बाबू पटेल, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ**

आज होगी बापू मॉल की 149 दुकानों की नीलामी

रामपुर, अमृत विचार : तोपखाना गेट स्थित बापू मॉल के प्रथम तल की 149 दुकानों की नीलामी नगर पालिका के सभागार में आज होगी। यह नीलामी 30, 31 जुलाई और एक अगस्त तक जारी रहेगी।

सपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बापू मॉल का उदघाटन किया था। इसमें भूतल, प्रथम और द्वितीय तल पर 316 दुकानें और 16 हॉल हैं। नगर पालिका के अधिकारियों की लाख कोशिशों के बाद भी मॉल की दुकानों का आवंटन नहीं हो सका है। पिछले दिनों पालिका प्रशासन ने दुकानों के किराए में संशोधन भी कराया था। 60 रुपये से घटाकर 30 रुपये स्कवायर फिट कर दिया गया है। इसके बाद भी लोग दुकानों को लेने में रुचि नहीं ले रहे हैं। 15 दिन पहले ही छह दुकानों का आवंटन हुआ है। पालिका के अधिकारियों ने दोबारा नीलामी के लिए टेंडर निकाला है। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि बापू मॉल की दुकानों की नीलामी 30, 31 जुलाई और एक अगस्त तक जारी रहेगी। दोपहर 12 से शाम पांच बजे दुकानों की नीलामी होगी। इसमें मॉल में बने 16 हॉल को भी शामिल किया गया है।

सार-संक्षेप

राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में शपथ लेतीं छात्राएं।

संचारी रोगों के बारे में किया जागरूक

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में संचारी रोग माह के अंतर्गत छात्राओं को शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने छात्राओं को बताया कि वह अपने आसपास साफ-सफाई रखेंगे। अपने परिजनों व आसपास रहने वालों को संचारी रोग होने के कारण, उनके दुष्प्रभाव तथा बचाव के बारे में जागरूक करेंगे।

भमरौआ रोड पर कराएं प्रकाश की व्यवस्था : संदीप

रामपुर, अमृत विचार : भमरौआ मन्दिर के प्रमुख सेवादार संदीप अग्रवाल सोनी जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचे। डीएम के नहीं मिलने पर उन्होंने डिप्टी कलेक्टर से मुलाकात की। ज्ञापन देकर बताया कि भमरौआ मंदिर मार्ग पर नुमाइश ग्राउंड के पीछे वाली गली की पुलिया से मंदिर तक की सड़क पर रात में अंधेरा छाया रहता है। पर्यटन स्थल की भव्यता को देखते हुए जिला पंचायत इस मार्ग की चौड़ाई बढ़ाए। इसके साथ ही सोलर लाइट व फोकस विद्युत पैनल लगाए जाएं। इस अवसर पर उपेंद्र गुप्ता, दौलत राम, पूरनलाल, नरेश, सत्य प्रकाश, विष्णुहरि गुप्ता, प्रवीण गुर्जर आदि मौजूद रहे।

विद्यालय परिसर में जल्द लगेगा प्याऊ

स्वार, अमृत विचार : सोमवार को तहसील क्षेत्र के गांव छपर्रा रुस्तमनगर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर में वंदना हुई। इसके बाद समाजसेवी मुख्य अतिथि डॉ. पुनीत गोला ने विद्यालय परिसर में प्याऊ लगवाने की घोषणा की। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। कहा कि सभी को मन लगाकर पढ़ना चाहिए। शुद्ध पेय जल व स्वास्थ्य के बारे में बताया। इस दौरान प्रधानाचार्य भानु प्रताप गंगवार ने अतिथियों का आभार जताया। वंदना सत्र में नयन नागर, बृज किशोर मौर्य, धर्मेंद्र कुमार, उमेश कुमार, रणधीर सिंह, नरोत्तम सिंह, राधा शर्मा आदि मौजूद रहे।

भाजपा के जिलाध्यक्ष ने बच्ची की मां को दिया प्रमाण पत्र

मिलक, अमृत विचार : शुक्रवार को करीमगंज गांव में दो साल की ओमसुधा की बारिश के पानी में बहकर मौत हो गई थी। उसका शव रविवार को तालाब में मिला था। परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव परिजनों को सौंप दिया था। शनिवार को गांव पहुंचे जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने परिजनों को आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया था। सोमवार को उनके निर्देश पर प्राकृतिक आपदा राहत कोष से मृतका के परिजनों के बैंक खाते में चार लाख रुपये स्थानांतरित किए गए। इसके बाद भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने बच्ची की मां को आर्थिक सहायता देने का प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार सीमा गंगवार, ग्राम प्रधान नितेश गंगवार, मनप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

बच्ची की मां को प्रमाण पत्र देते भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू व एसडीएम।

शौचालय की मरम्मत कराने पर लोनिवि को मिली बधाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- रिजर्व पुलिस लाइन, पुलिस ऑफिस में कराया था मरम्मत का काम

अमृत विचार : रिजर्व पुलिस लाइन व कचहरी में बने पुलिस ऑफिस के शौचालय की मरम्मत कराने पर पुलिस लाइन के आरआई ने लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड को बधाई दी।

उन्होंने इसके लिए एक्सईएन को चिट्ठी भी लिखी है। इसमें उन्होंने कहा है विभाग द्वारा अच्छी गुणवत्ता से कार्य कराया गया है। इसके लिए एक्सईएन, सहायक अभियंता समेत विभाग के अन्य अधिकारी बधाई के पात्र हैं। प्रांतीय खंड के एक्सईएन केवी सिंह ने बताया कि पुलिस लाइन व पुलिस ऑफिस में बने शौचालय के लिए पुलिस विभाग द्वारा टेंडर निकाला गया।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा शौचालय की मरम्मत कराई गई। एक्सईएन ने बताया कि शौचालय की हालत काफी जर्जर थी। इसकी वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

इसके लिए पुलिस विभाग ने डेंटर निकाले थे। इस पर लोक निर्माण विभाग ने दोनों स्थानों पर चार शौचालय का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि चारों शौचालय के निर्माण में करीब 20 लाख रुपये खर्च हुए हैं। शौचालयों का बेहतर निर्माण कराने पर पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक ने लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन केवी सिंह को बधाई दी है।

कोयला टोल प्लाजा पर वर्षों से की जा रही है अवैध वसूली : हसीब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाकियू ने कोयला टोल प्लाजा के ठेकेदार और कर्मचारियों के खिलाफ फिर मोर्चा खोल दिया। कांवड़ यात्रा निपटने के बाद किसानों ने बेमियादी धरने का ऐलान किया है। उन्होंने कर्मचारियों पर अवैध वसूली का आरोप लगाया है।

हाईवे स्थित प्रदेश कैंप कार्यालय पर भाकियू की पंचायत हुई। इसमें किसानों ने मुद्दा उठाया कि एनएच 87 कोयला टोल प्लाजा पर कर्मचारी किसानों से अवैध वसूली कर रहे हैं। किसानों से अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि इस समय सावन चल रहा है। अगर अब धरना दिया तो कांवड़ियों को परेशानी होगी। इसलिए सावन खत्म होते ही टोल प्लाजा पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। उनका कहना था कि अभी तक एनएच 87 पर काम पूरा नहीं हुआ। शासन के आदेश हैं कि जब तक किसी मार्ग का काम पूरा नहीं हो जाता तब तक टोल नहीं वसूला जाएगा। मगर कोयला टोल प्लाजा पर कई साल से अवैध वसूली की जा रही है। इस मौके पर नीरज त्यागी, जुबैद आलम, राम औतार, निरोत्तम, राम चंद्र सिंह, शेर सिंह, इकरार, रामवीर सिंह, फहद हसीब, राकेश, मोहम्मद मुस्तकीम आदि मौजूद रहे।

पंचायत को संबोधित किसान नेता हसीब अहमद। ● अमृत विचार

मनोनयन पत्र के साथ मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र किए वितरित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सिविल लाइन स्थित राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के कार्यालय में कार्यक्रम हुआ। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र बांटे।

कार्यक्रम में गेंदन लाल सैनी, ठाकुर अमरपाल सिंह, रवि चौधरी, कपिल देव कोहरी, शिव नरेश तोमर, गुरनाम सिंह सिद्धू बब्लू, राजेंद्र प्रसाद लोधी, विपिन कुमार सिंह, विश्वास कुमार सिंह, गुरमजीत सिंह हैप्पी, धर्मेंद्र गुप्ता, अमर सिंह, राजीव गुप्ता, राम प्रसाद लोधी, सोनू लोधी, मुकेश सैनी, लोकेश पांडे, राम बिहारी सिंह, गुलाब सिंह कुशवाहा, राजीव जैन, राम प्रसाद लोधी, विनोद कुमार सिंह, राजीव गुप्ता, विपिन कश्यप, कपिल देव गुप्ता, अशोक शर्मा, रवि सैनी, वीरेंद्र सिंह, मुरारीलाल, विकास गुप्ता, विष्णु यादव, शिवम सक्सेना आदि को मनोनयन पत्र दिए गए।

आजम व उनके परिवार पर हो रहे जुल्म : आसिम

रामपुर, अमृत विचार : सपा नेता आसिम खां ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र भेजा है।

इसमें कहा है कि पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और मोहम्मद आजम खान की दोस्ती प्रेम और भाई चारे की स्वर्णिम मिसाल थी। नेता जी और मोहम्मद आजम खान ने सारा जीवन पार्टी को मजबूत करने में लगा दिया। लेकिन अब आजम खां और उनके परिवार का उत्पीड़न हो रहा है। 74 साल की उम्र में उन पर जुल्म ढहाए जा रहे हैं। संसद में कोई जांच समिति का गठन कराकर आजम खां और उनके परिवार पर दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इंडिया गठबंधन 30 जुलाई को होने वाले आंदोलन में भी उनके पक्ष में आवाज उठा कर न्याय दिलाने का प्रयास करेगा।

बैठक में मौजूद डीएम एवं अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

20 अगस्त तक गन्ने का बकाया न देने पर होगी मिल पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि यदि राणा शुगर मिल द्वारा 20 अगस्त तक गन्ने का बकाया भुगतान नहीं किया जाता तो मिल के विरुद्ध कार्रवाई कराएंगे।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने गन्ना मूल्य भुगतान में हो रहे विलम्ब के बारे में जिला गन्ना अधिकारी और चीनी मिल के प्रबंधक से विस्तृत जानकारी ली। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि जनपद में केवल राणा शुगर मिल के पास किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान लंबित है।

उन्होंने राणा शुगर मिल के प्रबंधक को शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। राणा शुगर मिल के प्रबंधक ने 20 अगस्त तक बकाया भुगतान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सेक्टर कमेटियों को दुरुस्त करें : प्रमोद

रामपुर, अमृत विचार : बाबा दीप सिंह नगर में हुई बैठक में बसपा के जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी ने कहा कि इस वक्त सेक्टर कमेटियों का रिव्यू कार्यक्रम चल रहा है। साथियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वह सेक्टर कमेटियों को दुरुस्त करें।

बहुजन समाज पार्टी के तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर प्रमोद कुमार सागर का पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने तीसरी बार मुझ पर विश्वास जताया है। उनकी उम्मीद पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करुंगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हबीबुर रहमान, जिला महासचिव राजेश प्रकाश सैनी, महेंद्र सागर, रमेश श्रीवास्तव, अखिलेश गुप्ता, शैंकी सागर, ज्ञान प्रकाश बौद्ध, उस्मान अली, परमानंद श्रीवास्तव, द्वारिका प्रसाद गौतम, तस्वीर हुसैन आदि मौजूद रहे।

कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यशाला में दी विज्ञान के विधिक अवसरों की जानकारी

रामपुर, अमृत विचार : ग्रीनवुड स्कूल में हुई काउंसलिंग में कक्षा 9 से 12 तक छात्र-छात्राओं को करियर की जानकारी दी। इस मौके पर विज्ञान के शिक्षक सालिक अलमासी ने विज्ञान के क्षेत्र में विधिक अवसरों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 12 वीं के इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कृषि, वास्तुकला, जैव प्रौद्योगिकी भौतिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, खगोल विज्ञान, नैनो प्रौद्योगिकी, फॉरेंसिक सहित ढेरों विकल्प मौजूद हैं। स्कूल के भूतपूर्व छात्र रमनदीप सिंह ने बच्चों को मर्चेंट नेवी में करियर से संबंधित जानकारी दी। रमनदीप सिंह 2022 में स्कूल के हेड ब्वॉय थे। कहा कि इसकी सेवा के माध्यम से हम दूरदराज क्षेत्रों का भ्रमण भी कर सकते है। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं के सवालों के जवाब दिए गए। अंत में प्रधानाचार्य एनके तिवारी ने रमनदीप को धन्यवाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

हवन में आहुति देते पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना एवं अन्य।

हवन के साथ हुआ श्री शिवमहापुराण का समापन

रामपुर, अमृत विचार : सावन माह में आयोजित श्री शिवमहापुराण का समापन हवन के साथ हुआ। एक सप्ताह से चल रही श्री शिवमहापुराण कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रोता रसपान करने पहुंचे। कृष्णा विहार कालोनी में चल रही श्री शिवमहापुराण के समापन अवसर पर हवन पूजन पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने किया। संत पवन कौशिक ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ भगवान भोलेनाथ का स्मरण किया। अंत में आरती के बाद प्रसाद बांटा गया। इससे पूर्व ब्राह्मण भोज कराया। इस अवसर पर विकास सक्सेना, अमर सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

फिंगरप्रिंट अपडेट कराने को भटक रहे नगरवासी

मसवासी, अमृत विचार : नगर में खाद्य विभाग की गाइडलाइन है कि जिसका आधार कार्ड अपडेट तथा केवाईसी होगी उन्हीं लोगों को राशन मिल सकेगा। नगर में हजारों की संख्या में लोग ऐसे लोग हैं जिनका अभी तक केवाईसी नहीं हो पाया है। जनसेवा केन्द्रों पर भी पूरा दिन लाइन लगाने के बाद भी नंबर नहीं आ पाता। सर्वर अधिकतर डाउन रहता है। इससे क्षेत्र वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को डर सता रहा है कि अगर शीघ्र केवाईसी नहीं हुई तो राशन नहीं मिल सकेगा। डॉ. केएस वर्मा, अबरार हुसैन संजीव कुमार, बलजीत कुमार, नरेश कुमार, बलराज सिंह, नेमीचंद, राजेश कुमार आदि ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इसकी व्यवस्था शीघ्र कराई जाए। निर्धारित फीस लेकर आधार कार्ड अपडेट कराया जाए और केवाईसी कराई जाए। नगर में मुख्य डाकघर में भी आधार कार्ड अपडेट करने एवं नए आधार कार्ड बनाने का कार्य चलता रहता था। लेकिन वह मशीन भी खराब है। मसवासी उप डाकघर में भी आधार कार्ड अपडेट की व्यवस्था नहीं है। इससे नगर वासी भटकने को मजबूर हैं।

प्रतियोगिता रामपुर नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ जनपद स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

सना तनवीर ने मायदा इकबाल को फाइनल मैच में हराया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रामपुर नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जनपद स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें रामपुर नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य नरेश चौहान ने छात्राओं से परिचय प्राप्त कर हौसला बढ़ाया।

माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से खेल कैलेंडर जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार 31 खेल कराने का लक्ष्य है। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली और जिला क्रीड़ा प्रभारी अरविन्द भास्कर के दिशा-निर्देशन में खेल कराए जा रहे हैं। सोमवार को शतरंज को पहली बार इस खेल में जोड़ा गया। अंडर 17 बालिका में पहला मैच मायदा इकबाल और गौरी सक्सेना के बीच खेला गया। इसमें मायदा इकबाल विजय रही। दूसरा मैच आलिया आजम और सना तनवीर के बीच हुआ। इसमें सना तनवीर विजय रही। फाइनल मुकाबला रामपुर नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की सना तनवीर और कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की मायदा इकबाल के बीच हुआ। इसमें सना तनवीर विजय रही।

अंडर 19 में पहला मैच आरफिया और वरीशा नईम के बीच खेला गया। इसमें आरफिया विजय रही। दूसरा मैच अलविया और तसबीहा शमशी के बीच हुआ। इसमें अलविया विजय रही। फाइनल मुकाबला आरफीया और अलविया के बीच खेला गया। इसमें कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की आरफीया ने जीत हासिल की। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में जीतने वाली प्रतिभागी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगी। यह प्रतियोगिता 27 अगस्त को अमरोहा में होगी। इस अवसर पर रामपुर नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य नरेश सिंह चौहान, व्यायाम शिक्षक फाईक, मनोज कुमार, रामीश परवेज, शिक्षिका रिया शर्मा आदि मौजूद रहीं।

स्कूल में शतरंज खेलतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

- अंडर 19 के पहले मैच में आरफिया ने वरीशा नईम को हराया
- 27 अगस्त को अमरोहा में होगी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता

शतरंज प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र। ● अमृत विचार

अंडर 19 में हिमांशु ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय हामिद इंटर कॉलेज में अंडर 14, अंडर 17 व अंडर 19 बालक वर्ग की जनपद स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य डॉ.अरविंद कुमार गौतम के संयोजन में किया गया।

अंडर 14 बालक वर्ग में फाइनल मैच उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय अलीपुर ठेका, बिलासपुर के मोहम्मद यासीन एवं राजकीय हामिद इंटर कॉलेज के मोहम्मद यासीन वारसी के बीच खेला गया। फाइनल मैच में मोहम्मद यासीन ने मोहम्मद यासीन वारसी को पराजित कर दिया। अंडर 17 वर्ग में पहला मैच राजकीय रजा इंटर कॉलेज के अयान खान एवं जैन इंटर कॉलेज के अध्ययन सिंघल के बीच खेला गया।अध्ययन सिंघल ने अयान खान को पराजित किया। अंडर 19 प्रतियोगिता का फाइनल मैच निखिल जैन इंटर कॉलेज एवं हिमांशु श्री हरि इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। इसमें हिमांशु विजेता रहे। इस मौके पर रमेश चंद गंगवार, प्रीतेश श्रीवास्तव, तुषार शर्मा, सलीम युसुफ जैदी, मनोज कुमार, लालता प्रसाद गंगवार, राजकुमार, सुहैल, हरिओम, यश रस्तोगी, अतहार अहमद, ओम प्रकाश सैनी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

कुत्तों के झुंड ने घेरकर किसान को किया घायल

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सैंडा निवासी नन्हे सोमवार को खेत पर धान फसल की नलकूप चलाकर सिंचाई करने गया था। अचानक से आकर कुत्तों के झुंड ने घेरकर नन्हे पर हमलाकर दिया। चीख पुकार को सुनकर आसपास के लोग हाथों में लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और इरा-धमकाकर कुत्तों के झुंड को भगाया, लेकिन तब तक कुत्तों के झुंड ने नोच नोचकर नन्हे को गंभीर रुप से घायल कर दिया। सूचना मिलने पर घर से परिजन खेत पर पहुंचे। आनन फानन में उपचार के लिए परिजन नन्हे को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया।

पुरानी रंजिश में युवक के साथ की मारपीट

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव भकरौली निवासी हरपाल की पत्नी गुड्डो ने सोमवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि रविवार की देर रात गांव के ही दो व्यक्ति अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ घर में घुस आए और पुरानी रंजिश को लेकर हरपाल के बेटे शीशपाल के साथ मारपीट करने लगे। अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो दोनों व्यक्ति धमकी देते हुए अपने साथियों के साथ भाग गए।

कार्यालयों में प्राइवेट कर्मियों का मुद्दा उठाया

संभल, अमृत विचार : संभल बार एसोसिएशन संभल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता और सचिव डॉ. अमित कुमार उठवाल ने मंडलायुक्त को शिकायत भेजी है। कहा है कि संभल जिले के सरकारी कार्यालयों में विधि विरुद्ध तरीके से प्राइवेट कर्मचारी काम कर रहे हैं और भ्रष्टाचार व्याप्त है। कहा कि सरकारी कार्यालयों, स्कूल, कॉलेज एवं डिग्री कॉलेजों में शिकायत पंजिका अनिवार्य रूप से प्रचलित कराई जाए। जिसमें प्रतिदिन वादकारी और जनता अपनी समस्याएं अंकित कर सके। महीने में एक बार कोई अधिकारी शिकायत पंजिका का अवलोकन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए कार्रवाई करें। कहा कि 11 जुलाई को पत्र भेजकर तहसील संभल परिसर में एंटी करप्शन यूनिट के स्थाई कार्यालय की स्थापना कराने की मांग की थी। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सकेगा। इसलिए इस प्रकरण में भी प्रभावी कार्रवाई की जाए।

पॉलीथिन और थर्माकोल का बड़ा स्टॉक जब्त

पॉलीथिन के व्यवसाय से जुड़े चार लोगों पर लगाया एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

अमृत विचार : जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों ने बहजोई और संभल में छापेमारी करते हुए प्रतिबंधित पॉलीथिन का बड़ा स्टाक जब्त किया। संभल में तीन स्थानों समेत गोदाम से 12 क्विंटल पॉलीथिन और थर्माकोल जब्त करते हुए चार लोगों पर एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया। वहीं बहजोई में छापेमारी के दौरान दो ट्रक से ज्यादा पॉलीथिन और थर्माकोल प्रोडक्ट बरामद किये गये।

संभल शहर में एसडीएम विनय कुमार मिश्र की अगुवाई में सोमवार को ईओ नगर पालिका डॉ.मणिभूषण तिवारी ने टीम के साथ सबसे पहले मंडी समिति के बाहर और अंदर छापेमारी की तो वहां पॉलीथिन मिली। यहां मिले व्यक्ति ने बताया कि गोदाम मुहल्ला नाला में है। जिसके बाद टीम मुहल्ला नाला पहुंची तो गोदाम से पॉलीथिन बरामद

बहजोई में सिंगल यूज पॉलिथीन बरामदगी की कार्रवाई के दौरान मौजूद अधिकारी।

- शासन के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत एसडीएम की अगुवाई में हुई छापेमारी

की गई। यहां के बाद सरायतरीन में भी छापेमारी करते हुए पॉलीथिन का स्टाक बरामद किया गया। अधिकारियों ने प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचने को लेकर लोगों से जानकारी ली तो संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। ईओ डॉ.मणिभूषण तिवारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान करीब

संभल के सरायतरीन में बरामद पॉलिथीन स्टाक दिखाते ईओ नगर पालिका।

12 क्विंटल पॉलीथिन और थर्माकोल जब्त करते हुए चार लोगों पर एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया। अगर जुर्माना अदा नहीं किया जाएगा तो अगली कार्रवाई होगी। वहीं शहरी क्षेत्र में अधिकारियों द्वारा पॉलीथिन के खिलाफ चले अभियान से कारोबारियों और दुकानदारों में खलबली मच गई। कई ने पॉलीथिन और थर्माकोल का स्टाक आनन फानन में दुकानों एवं गोदामों से हटा दिया।

दो ट्रक से अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक प्रोडक्ट बरामद

बहजोई, अमृत विचार : एसडीएम ने नगर पालिका कर्मचारियों के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक की धरपकड़ के लिए छापेमारी की तो एक गोदाम से दो ट्रक से अधिक पॉलिथीन बरामद की गई। वहीं अन्य दुकानों से भी टीम ने एक कुंतल से अधिक पॉलिथीन जब्त की है। एसडीएम ने गोदाम मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा किया है। सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चंदौसी एसडीएम नीतू रानी व संभल एसडीएम विनय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद की टीम छापेमारी के लिए निकली। टीम ने नया बाजार स्थित एक दुकान पर छापेमारी की। जहां पर थर्माकोल के गिलास व बड़ी संख्या में सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद की। इसके बाद टीम इस्लामनगर बहजोई मार्ग स्थित एक गोदाम पर पहुंची तो गोदाम का फाटक बंद पाया गया। एसडीएम ने फाटक का ताला तुड़वाकर गोदाम को खुलवाया। गोदाम में मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक ग्लास व पॉलिथीन पाई गई। लगभग दो ट्रक से अधिक पॉलिथीन पाए जाने पर एसडीएम अचंभित रह गईं। एसडीएम ने पूरे गोदाम को ही सील कर रिपोर्ट डीएम को प्रेषित कर दी। टीम की छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। वह अपनी दुकान व गोदाम बंद कर फरार हो गए। एसडीएम नीतू रानी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एक गोदाम में दो ट्रक से अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रोडक्ट पाए गए हैं। गोदाम को सील कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छापेमारी की सूचना पर गोदाम बंद कर व्यापारी रफूचक्कर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- एसडीएम की सख्ती पर तीन घंटे के बाद खोला गोदाम
- सिंगल यूज प्लास्टिक सामान मिलने पर 77 हजार रुपये की पेनाल्टी लगाई

अमृत विचार: सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर एसडीएम ने टीम के साथ हनुमानगढ़ी मार्ग पर पालीथिन गोदाम पर छापा मारा। मगर उसके पहले ही भनक लगने पर व्यापारी गोदाम बंद कर फरार हो गया। व्यापारी को हड़काने पर तीन घंटे बाद गोदाम खोला गया। सिंगल यूज प्लास्टिक सामान मिलने पर 77 हजार रुपये की पैनल्टी लगा कर कार्रवाई की गई है।

सोमवार को अपराह्न तीन बजे एसडीएम नीतू रानी, तहसीलदार धीरेंद्र सिंह व टीम के साथ हनुमानगढ़ी स्थित सिंघानिया मैसर्स रोप स्टोर पर छापा मारा। मगर उससे पहले ही व्यापारी छापेमारी की सूचना मिलने पर गोदाम बंद करके चले गया। मौके पर पहुंचीं एसडीएम को गोदाम बंद मिला। जब व्यापारी के मोबाइल पर संपर्क किया तो वह बंद था। इसके बाद एसडीएम टीम के साथ महाजन मोहल्ला स्थित व्यापारी घर पहुंची। जहां परिजनों ने बताया कि व्यापारी की तबियत खराब है। एसडीएम ने तुरंत गोदाम को खोलने के निर्देश दिए और वापस गोदाम पर पहुंच गई। करीब तीन घंटे बाद गोदाम नहीं खुला तो एक बार फिर एसडीएम ने व्यापारी को चेतावनी दी। इसके बाद एसडीएम ने सीओ प्रदीप कुमार व प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह को बुला लिया। शाम 6.15 बजे गोदाम खोल दिया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक का विभिन्न प्रकार का सामान बरामद किया। एसडीएम, नीतू रानी का कहना है कि प्रशासन के निर्देश पर प्लास्टिक व पालीथिन व्यापारी के गोदाम पर छापा मारा गया है। छापेमारी की सूचना पर व्यापारी गोदाम बंद करके फरार हो गया। सख्ती के बाद गोदाम खोला गया। स्टाक चेक करने पर सिंगल यूज प्लास्टिक का सामान मिला है। जिससे 77 हजार रुपये की पेनाल्टी भी लगाई है।

महिला की मौत के मामले में सीओ से मिले ग्रामीण

चन्दौसी, अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव रामरायपुर गमटिया में 23 जुलाई को महिला की जहरीला पदार्थ का सेवन करने से मौत हो गई थी। मायके वालों ने ससुराल वालों पर विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पति व सास-ससुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस घटना को लेकर ससुराल पक्ष के ग्रामीण सोमवार को सीओ से मिले और विवाहिता पर स्वयं जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की बात कही। सीओ ने ग्रामीणों से निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिलाया।

ज्ञात हो कि विकास नगर निवासी तनु ने बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव रामरायपुर गमटिया निवासी रवि से प्रेम विवाह किया था। 23 जुलाई को जहरीले पदार्थ का सेवन करने से विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता के भाई ने पति रवि व सास-ससुर पर दहेज को लेकर विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए बनियाठेर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

फंदे पर लटका मिला महिला का शव, छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, संभल/सिरसी

अमृत विचार: हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से बंधी रस्सी के फंदे पर लटका मिला। मायके वालों ने बेटी की हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। इस मामले में पति सहित ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना क्षेत्र के गांव वारीपुर भमरौआ निवासी फुरकान की शादी तीन वर्ष पहले अमरोहा जिले के गांव राम तलैया निवासी फिरदौस के साथ हुई थी। दंपति पर डेढ़ वर्षीय बेटा अली मोहम्मद है। फुरकान दिल्ली में गैस एजेंसी पर नौकरी करता है और फिरदौस अपने बेटे व सास बिलकिस के साथ घर पर रहती थी। रविवार की रात खाना खाने के बाद बिलकिस सोने

मायके वालों ने बेटी का शव वाहन से उतार लिया

संभल, अमृत विचार : गांव वारीपुर भमरौआ में फिरदौस का शव फंदे पर लटका मिलने की सूचना पर हजरतनगर गढ़ी थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस बीच रोते बिलखते मौके पर पहुंचे मायके वालों ने फिरदौस की हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया और फिरदौस का शव वाहन से उतार लिया। इतना ही नहीं मायके वालों ने आसपास के लोगों के साथ गाली गलौज की। घंटों समझाने के बाद मायके वालों ने फिरदौस का शव पोस्टमार्टम को जाने दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर फुरकान व उसके भाई शरीफ, फरीद, मां बिलकिस, बहन शहनाज और फरीद की पत्नी सहाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

- मायके वालों ने बेटी की हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया

के लिए छत पर चली गई। सोमवार की सुबह पांच बजे बिलकिस छत से उतरकर आई तो मोहम्मद अली पलंग पर सो रहा था, लेकिन फिरदौस नहीं थी। बिलकिस ने दरवाजे के ऊपर लगी लोहे की जाली से झांककर कमरे में देखा तो फिरदौस का शव छत में लगे पंखे से बंधी रस्सी के फंदे पर लटक रहा था। जिससे बिलकिस की चीख निकल गई।

मौके पर इकठ्ठा हुए आसपास के लोगों ने जाली तोड़कर कमरे में घुसकर दरवाजा खोला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने फंदा खोलकर फिरदौस का शव नीचे उतारा । मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

बाइक हटाने के विवाद में पिता पुत्र सहित तीन घायल

संभल, अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में दरवाजे पर खड़ी बाइक हटाने को लेकर विवाद के बाद दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें पिता पुत्र सहित तीन लोग घायल हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कटरा बाजार निवासी यामीन का कहना है कि रविवार की रात 10 बजे बाइक पर सवार होकर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मियां सराय स्थित ससुराल से घर वापस आया था। दरवाजे पर बाइक खड़ी करने के बाद यामीन घर में चले गए। एक युवक के कहने पर यामीन ने दरवाजे से बाइक हटाकर अलग जगह खड़ी कर दी। आरोप है कि इसके बाद भी युवक यामीन के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो युवक ने अपने परिजनों को बुला लिया और घर में घुसकर यामीन व उसके बेटों के साथ मारपीट की। जिससे यामीन व उसके बेटे असीम और कलुआ घायल हो गए।

सार संक्षेप

प्रभात फेरी निकालती राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं। ● अमृत विचार

छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी

सिरसी, अमृत विचार : राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सिरसी से राष्ट्रीय कृमि दिवस से पूर्व कृमि रोगों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रभात फेरी को इंचार्ज अध्यापिका हिना कौसर ने झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभातफेरी संभल मुरादाबाद मार्ग से दुर्गा मंदिर से फिर वापस कॉलेज पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान शबनम, भूकन सिंह, विनोद मेहरा, तबस्सुम आदि रहे।

ट्रॉफी के साथ गुन्नौर की विजेता टीम। ● अमृत विचार

क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल गुन्नौर टीम ने जीता

गुन्नौर अमृत विचार : हरिबाबा क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में गुन्नौर की टीम विजेता रही। रजपुरा में स्थित सिपाही लाल स्मारक किसान इंटर कॉलेज परिसर में चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में गुन्नौर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 199 रन बनाए। समीर ने 70 रन, जुनैद ने 50 रन और साजिद ने 40 रन का योगदान किया। जबकि ताजीम ने तीन विकेट लिए। जवाब में सिंघौली की टीम 20 ओवरों की पारी में 150 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। गुन्नौर टीम ने यह मैच 49 रनों से जीत लिया। विजेता टीम को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

एमजीएम कॉलेज में पौधरोपण करते प्राचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

पौधे लगाकर उनका नियमित करना चाहिए संरक्षण

संभल, अमृत विचार : एमजीएम कॉलेज में पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सिंह के निर्देशन में पौधरोपण किया गया। प्राचार्य ने कहा कि इस जन अभियान द्वारा पर्यावरण सुरक्षा हेतु सभी को एकजुट होकर पौधे लगाकर उसका नियमित संरक्षण करना चाहिए। अभियान प्रभारी डॉ. फहीम अहमद ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण जन जीवन के लिए आवश्यक है। अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ. आबिद हुसैन, डॉ. निरंकार सिंह, डॉ. रियाज अनवर, डॉ. मोहम्मद इमरान खान, डॉ. दिलदार हुसैन, डॉ. मीनाक्षी गोयनका, दुष्यंत मिश्रा, अमृतेश अवस्थी, डॉ. मोहम्मद अहमद, डॉ. भानु भास्कर प्रजापति, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. नवीन यादव, डॉ. संजय बाबू दुबे, नेमपाल सिंह आदि रहे।

लेखपाल पर रुपये मांगने का आरोप

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर कला निवासी हसन उद्दीन ने सोमवार को कार्यालय पहुंचकर एसडीएम संभल विनय कुमार मिश्रा को शिकायती पत्र देकर कहा कि रास्ते को कब्जा मुक्त कराने की मांग हल्का लेखपाल अंशु त्यागी से की। आरोप है कि लेखपाल ने रास्ते को कब्जा कराने के नाम पर पांच हजार रुपये की मांग की। रुपये देने नहीं देने की वजह से लेखपाल रास्ते को कब्जा मुक्त नहीं करा रही है।

आईवीआरआई की बीवीएससी छात्राओं को मिलेगी फेलोशिप

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान और एमएसडी एनीमल हेल्थ (इंटरवेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) के मध्य सोमवार को महत्वपूर्ण अनुबंध हुआ। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त तथा एमएसडी एनिमल हेल्थ के मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. यश गोयल ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। निदेशक डॉ. दत्त ने बताया कि यह पहला अनुबंध है, जो संस्थान में बीवीएससी की छात्राओं की फैलोशिप के लिए किया जा रहा है। इससे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण तथा शोध एवं डायग्नोसिस पर ज्यादा कार्य किया जा सकेगा। इस के तहत एमएसडी एनिमल हेल्थ, संस्थान की बीवीएससी के द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ वर्ष की दो-दो छात्राओ को फैलोशिप प्रदान करेगा। द्वितीय तथा तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए 1.5 लाख तथा चतुर्थ वर्ष की छात्राओं को दो लाख रुपये फेलोशिप दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी, आईटीएमयू डॉ. अनुज चौहान ने किया। जैविक उत्पाद विभाग के वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

बाढ़ आशंकित क्षेत्रों में राशन से लेकर रास्तों तक व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के बाढ़ आशंकित गांवों में बाढ़ प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक में बाढ़ से निपटने के लिए उपायों और तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही, तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश दिए गए।

सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी दीपक कुमार चौधरी ने कहा कि तहसील क्षेत्र के पांच गांव रघुपुर पुख्ता, नरूपुरा, बझांगी, भावरू की मढ़ैया, मैगरा गंगा की बाढ़ से सीधे तौर पर प्रभावित होते हैं। बाढ़ प्रभावी क्षेत्रों में राशन, पानी, बाढ़ चौकियों की व्यवस्था और गांव में आने जाने के रास्ते भी ठीक होने चाहिए। जिससे बाढ़ के समय लोगों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। बताया कि बाढ़ संभावित

बाढ़ प्रबंधन को लेकर अधीनस्थों के साथ बैठक करते एसडीएम दीपक चौधरी।

क्षेत्र में 16 बाढ़ चौकियां और 13 शरणालय तैयार हैं। शरणालय/आश्रय स्थलों में लाइट आदि की व्यवस्था दुरूस्त कर ली जाए। नाव संचालकों और गोताखोरों को मुस्तैद रहने को कहा जाए। जानवरों का भी समय पर वैक्सीनेशन कराया जाए, चारा-भूसा की भी व्यवस्था रहे। कहा कि स्वास्थ्य पशु पालन विभाग विद्युत विभाग सिंचाई विभाग कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जिला पूर्ति विभाग सहित ऐसे विभागों की बाढ़ बचाओ राहत कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

जुनावई के चिकित्सा अधिकारी से कहा कि बाढ़ के दौरान क्लोरिन की गोली, स्वच्छता एवं जागरूकता बाढ़ पूर्व तैयारियों पर स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण फांगिंग दवाओं का छिड़काव किया जाए। बैठक में तहसीलदार साराह अशरफ, नायब तहसीलदार दीपक जुरैल आदि रहे।

जहरखुरानी गिरोह ने युवक को बनाया शिकार

गुन्नौर अमृत विचार : जुलेपुरा पुलिया के पास सड़क किनारे पड़े जहर खुरानी गिरोह के शिकार युवक को राहगीरों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

सोमवार दोपहर को कस्बे में जुलेपुरा पुलिया के पास सड़क पर एक युवक बेसुध पड़ा था। राहगीरों ने उसे उठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सीएचसी में युवक के रिश्तेदार भी पहुंच गए। तब पता चला कि वह बदायूं जनपद के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव भोयस निवासी मनोज पुत्र मेघनाथ है।

अनुमान लगाया गया कि युवक को जहरखुरानी गिरोह ने अपना शिकार बना लिया। हालत गंभीर होने पर सीएचसी से मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया है।

साइबर हेल्प डेस्क ने वापस कराए तीन लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: साइबर ठगी के मामले में साइबर हेल्प डेस्क ने पीड़ित के तीन लाख रुपये वापस कराए हैं।

प्रियांशु गर्ग पुत्र अनिल कुमार अग्रवाल निवासी ब्रह्म बाजार के मोबाइल पर ह्वाट्सएप मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने प्रियांशु को विश्वास में लेकर कहा कि यदि तुम अपने रुपये हमारे यहां लगाओगे तो हम उसे दोगुना करके वापस कर देंगे। उनके बहकावे में आकर प्रियांशु ने छह लाख 70 हजार रुपये डाल दिए। बाद में फ्राड होने की जानकारी हुई। इसके बाद पीड़ित ने इस संबंध में साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। अज्ञात व्यक्ति के जिन खातों में रुपये भेजे गए, उन खातों को थाना चन्दौसी साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए खातों को

पीड़ित को तीन लाख रुपये वापसी का प्रमाण पत्र देते कोतवाल।

- ह्वाट्सएप पर मैसेज देकर रुपये दोगुने करने का दिया था लालच

फ्रीज करा दिया। इसके बाद साइबर सेफ पोर्टल के माध्यम से अज्ञात बैंक खाता व खाता धारक की जानकारी प्राप्त की। अज्ञात के मोबाइल नंबर व खाता नंबर को जेएमआईएस पोर्टल के माध्यम से सत्यापित किया। इसके बाद आईसीआईसीआई बैंक के नोडल अधिकारी से संपर्क कर तत्काल पीड़ित की तीन लाख रुपये की धनराशि खाते में वापस कराई। पीड़ित की शेष रुपयों को वापस दिलाने के लिए कार्रवाई चल रही है।

हैंड ड्राइंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेते बच्चे। ● अमृत विचार

हैंड ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बनाई आकृतियां

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार: रामदयाल मीणा मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित हैंड ड्राइंग प्रतियोगिता में स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। अपने हाथों से कलर लगाकर एक से बढ़कर एक सुंदर आकृतियां बनाई। बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्रबंधक डॉ. जेपी मीणा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूल में किया जाता है। जिससे बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ अपनी रुचि के अनुसार प्रतियोगिताओं के क्षेत्र में भी आगे बढ़ें और उन्हें बड़े मंच पर पहुंचने में कामयाबी हासिल हो।

इस दौरान प्रधानाचार्य राजीव शर्मा, गीता मीणा, अजरा, मुस्कान, प्रशांत शर्मा, पूनम शर्मा, जगदीश सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

घर में की तोड़फोड़, लूटपाट का भी लगाया आरोप

संभल, अमृत विचार: ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में किशोरी को भगाने के मामले में युवक के परिजन घर छोड़कर फरार हुए तो उनके सूने घर में घुसकर कीमती सामान तोड़ने व गायब करने के साथ ही भैंस को करंट से मार डालने का मामला सामने आया है। आरोप किशोरी के परिजनों पर है।

थाना क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर सिसौना से 15 जुलाई को राजपाल का बेटा कपिल किशोरी को भगाकर ले गया था। किशोरी के परिजनों ने कपिल सहित छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई तो परिवार के लोग घर छोड़कर फरार हो गये।

आरोपी कपिल की दादी संतिया ने बताया कि रविवार की दोपहर किशोरी पक्ष के लोग राजपाल के भाई रोहताश के घर में घुस आए। किशोरी के परिजनों ने भैंस को करंट लगा दिया। जिससे भैंस की मौत हो गई। कहा कि घर में तोड़फोड़ करते हुए कीमती सामान चोरी कर अपने साथ ले गए। सोमवार की दोपहर तक मृत भैंस ऐसे ही घर में पड़ी रही।

गंगा तट पर आरती में शामिल एसपी कुलदीप गुनावत,उनकी पत्नी व अन्य।

गंगा आरती में शामिल हुए एसपी , किया दीप दान

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : राजघाट गंगा तट पर नियमित होने वाली सायं कालीन गंगा आरती में पुलिस अधीक्षक शामिल हुए। उन्होंने सपत्नीक गंगा में दीपदान किया।

सावन महीने के दूसरे सोमवार को शाम के समय पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत राजघाट पहुंचे और घाट पर गंगा आरती में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सपत्नीक दीपदान कर गंगा मां का आशीर्वाद लिया। इस दौरान सीओ डॉ. गणेश गुप्ता, कोतवाली इंचार्ज विनीत कुमार, मां गंगा जनकल्याण समिति के अतुल गोयल, उमेश वार्ष्णेय, रमेश लोहे वाले, योगेन्द्र यादव, डिंपल वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता आदि रहे।

हाईटेंशन तार में फंसा डीजे, उतरा करंट

संभल/कैलादेवी, अमृत विचार: कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव गोहत में कांवड़ लाने के लिए रवाना हो रहे कांवड़ियों का डीजे हाइटेंशन लाइन के तार से टकराया तो करंट उतर आया। फाल्ट हुआ तो भगदड़ मच गई। एक पोल टूट गया साथ ही ट्रांसफार्मर भी गिर पड़ा।

गोहत निवासी ज्ञानी, विवेक, सत्यवीर, विपिन, लायक सिंह, विकास, योगेश राजीव सहित कई लोग सोमवार की रात आठ बजे हरिद्वार से डाक कांवड़ लेने जाने के लिए डीजे बजाते हुए गांव से होकर निकल रहे थे। गांव में हाईटेंशन लाइन के तार ढ़ीले होने की वजह से डीजे में तार फंस गया।

इससे हाईटेंशन करंट डीजे में उतर आया और चिंगारी उठने लगी। जिससे डाक कांवड़ लेने जा रहे शिव भक्तों व मुहल्ला के लोगों में भगदड़ मच गई। किसी तरह भागकर जान बचाई। सूचना मिलने पर पुलिस व बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

एक नजर

दंपति पर गाली गलौज व मारपीट का आरोप

धनारी, अमृत विचार : धनारी निवासी कल्लू की पत्नी कुसुम ने सोमवार को थाने में पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि सुबह नौ बजे मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए किराना की दुकान से बताशे लेने जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में मुहल्ला की महिला ने अपनी पति के साथ मिलकर कुसुम को रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो दंपति ने कुसुम के साथ मारपीट की।

पति से विवाद के बाद पत्नी हुई गायब, दी तहरीर

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव गुरेठा निवासी होरीलाल का सोमवार को किसी बात को लेकर अपनी पत्नी ओमवती से विवाद हो गया। इसी बात से नाराज होकर ओमवती होरीलाल को बिना बताए कहीं चली गई। काफी देर तक ओमवती घर नहीं लौटी तो होरीलाल ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। होरीलाल ने बताया कि ओमवती आए दिन नाराज होकर फंदे पर लटक कर आत्महत्या करने की धमकी देती है। डर है कि कहीं ओमवती अपने साथ अनहोनी ना कर ले।

ग्राम प्रधान पर धमकी देने का आरोप लगाया

संभल, अमृत विचार : संभल विकासखंड क्षेत्र के गांव गुलालपुर निवासी हरिओम ने सोमवार को बहजोई पहुंचकर जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया को शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि गांव शरीफपुर के प्रधान सुरेंद्र सिंह शिकायत करने की वजह से आए दिन धमकी दे रहा है। हरिओम ने गोवंशीय पशु दिलाकर जिलाधिकारी से ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

लेखपाल पर रुपये मांगने का लगाया आरोप

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर कला निवासी हसन उद्दीन ने सोमवार को कार्यालय पहुंचकर एसडीएम संभल विनय कुमार मिश्रा को शिकायती पत्र दिया। कहा कि रास्ते को कब्जा मुक्त कराने की मांग हल्का लेखपाल अंशु त्यागी से की। आरोप है कि लेखपाल ने रास्ते को कब्जा कराने के नाम पर पांच हजार रुपये की मांग की। रुपये नहीं देने की वजह से लेखपाल रास्ते को कब्जा मुक्त नहीं करा रही हैं।

भक्तों ने किया शिव का जलाभिषेक, गूंजे जयकारे

सावन के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की

कार्यालय संवाददाता, संभल

असमोली के गांव में 51 किलो गंगा जल वाली कावड़ लेकर आता युवक। ● अमृत विचार

संभल के सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सावन के दूसरे सोमवार को जिले के शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लग गया। भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की और मनौती मांगी। बम-बम भोले के जयकारों से मंदिर गुंजायमान रहे। भक्तों की सुरक्षा में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

सोमवार को भोर से भक्तों ने शिव मंदिरों का रुख कर लिया। नगर के सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर, बहजोई मार्ग पर सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, गांव फत्तेहपुर भाऊ के प्रकटेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचे भक्तों ने विधि विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। भक्तों ने सुख समृद्धि के लिए मनौती मांगी। जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। कई मंदिरों पर कांवड़िये डाक कांवड लेकर पहुंचे और भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस बीच हर-हर महादेव के जयकारे भी गूंजते रहे।

शाम को महाआरती में भी भक्तों ने हिस्सा लिया। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र के मंदिरों में भी भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया।

पातालेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने किया जलाभिषेक

बहजोई, अमृत विचार : सावन के दूसरे सोमवार को पातालेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिव भक्तों ने बम बम भोले की जय घोष के साथ जलाभिषेक कर मनोकामना पूर्ण करने की कामना की। वहीं बेलपत्र अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। राजघाट नरोरा गंगा तट से जल लेकर गांव सादात बाड़ी स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर पर प्रातः से ही बम बम भोले की जय घोष के साथ शिव भक्तों का पहुंचना प्रारंभ हो गया। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने को लेकर लंबी-लंबी कतारों में खड़े हुए दिखाई दिए। एक साथ जब हजारों से भक्त बम बम भोले का जय घोष कर रहे थे तो पूरा मंदिर परिसर भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। वहीं पशुपतिनाथ मंदिर पर पहुंचकर 521 शिवलिंग की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की भगवान शिव से कामना की। सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी, कोतवाली योगेश कुमार यादव के नेतृत्व में भारी पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में तैनात दिखा।

गांव छाबड़ा स्थित झारखंड शिव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

गांव बेरनी स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक को लाइन में लगे भक्त। ● अमृत विचार

डिप्टी कलेक्टर ने सफाई कर्मचारियों को दिए निर्देश

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार: अधिशासी अधिकारी (डिप्टी कलेक्टर) डॉ. वंदना मिश्रा ने सोमवार को बनियाठेर की नगर पंचायत नरौली में कार्यालय पहुंच कर सावन माह के चलते अधिकारियों व कर्मचारियों को कसा। चेयरमैन की मौजूदगी में सफाई कर्मचारियों को पूरे सावन माह सभी मंदिरों पर चूना डालने व पूरे कस्बे में सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। चेयरमैन विट्टन मलिक ने सभी कर्मचारियों को सभी मंदिरों पर विशेष सफाई कर चूना डालने और हर वार्ड में नालियों की सफाई आदि कराने के लिए कहा। कहा कि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राजीव कुमार, राजेश कुमार, अरविन्द कुमार, शिवकांत राघव, आमिर कुरैशी, उवैश खान, विशाल, शिवा, ज्ञानबाबू आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

गंगाजल से महादेव का अभिषेक कर बेल पत्र व पुष्प चढ़ाए

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

- प्रमुख मंदिरों समेत बेरनी और छाबड़ा के शिव मंदिर पर लगी रहीं शिव भक्तों और कांवडियों की कतारें

अमृत विचार: सावन मास के दूसरे सोमवार को शिव भक्तों व कांवड़ियों ने महादेव का गंगाजल से अभिषेक कर पूजा अर्चना की और उपवास रखा। इस दौरान नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में स्थित शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी रहीं। हर-हर महादेव के उद्घोष से शिवालय गूंज उठे।

सीता आश्रम स्थित मूछों वाले शिव मंदिर पर भोर के पांच बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने शुरु हो गए और दिन निकलने तक मंदिर के बाहर शिव भक्तों की लंबी लाइनें लग गईं। शिव भक्तों ने अपनी बारी का इंतजार किया और विधि विधान से भगवान शिव की पूजा अर्चना की। गंगाजल से अभिषेक कर बेल पत्र, भांग, धतूरा, फल फूल आदि चढ़ाए। वहीं कांवड़ियों के जत्थों के आने का भी सिलसिला दोपहर तक बना रहा। इसके अलावा सुभाष रोड, मौलागढ़ समेत गली मोहल्लों के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही।

उधर कुढ़फतेहगढ़ के गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं छाबड़ा स्थित झारखंड शिव मंदिर पर प्रातः पांच बजे से ही श्रद्धालुओं का जलाभिषेक के लिए पहुंचना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से जलाभिषेक किया। थानाध्यक्ष संदीप कुमार बालियान पुलिस फोर्स के साथ डटे रहे। वहीं पीएचसी कुढ़फतेहगढ में तैनात वार्ड ब्वाय अमित कुमार श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मौजूद रहे।

नगर पंचायत नरौली के शिव मंदिरों में गूंजा बम-बम भोले : बनियाठेर के कस्बा नरौली के मौहल्ला साहूकारा, पीपल वाला, मैन मार्केट, मंगल वाला, मकूपुरा, हाईवे पर स्थित शिव मंदिर में भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।

एएम वर्ल्ड स्कूल में उत्तर प्रदेश रस्साकसी प्रतियोगिता में चयनित टीम। ● अमृत विचार

रस्साकसी ट्रायल में एएम वर्ल्ड की टीम का चयन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: शनिवार को मॉर्डन पब्लिक स्कूल मुरादाबाद में आयोजित उत्तर प्रदेश रस्साकसी संघ की ओर से आयोजित ट्रायल में जनपद के विभिन्न स्कूल ने प्रतिभाग किया। जिसमें बालक व बालिका वर्ग की अलग-अलग टीम बनाई गई। इसमें एएम वर्ल्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं का स्पोर्ट्स अध्यापक रमेश और जया के नेतृत्व में नेशनल लेवल पर चयन हुआ। चयनित होने वाले छात्र-छात्राओं में मधुरिम, त्रिपाठी, वाणी अरोड़ा, वृंदा रस्तोगी, तनिष्का चौधरी, जीविका चौधरी, दीवा वार्ष्णेय, एलिना वर्मा, खुशबू सेन, संजना श्रद्धा का अंडर 15 श्रेणी में तथा शुभांगी चौधरी, अमिशी, अलंकृति, आशी अग्रवाल, फियोन अग्रवाल, सृष्ठी सक्सेना, हिमांशी चौधरी, मानवी सैनी का अंडर 19 श्रेणी में चयन हुआ। इसके साथ ही स्कूल के होनहार छात्रों हर्ष पाल, दिग्विजय चौधरी, पार्थ, तनमय, कृष, शहनवाज, आदित्य, अखिलेश का अंडर 15 श्रेणी में तथा सक्षम अग्रवाल, लकी चौधरी, आर्यन राठौर, युधिष्ठिर यादव, मयंक राघव, अक्षय, वंश कुमार का अंडर 19 श्रेणी में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह एवं प्रबन्धक अनूप मंगलम ने बच्चों की इस उपलब्धि पर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

चन्दौसी, अमृत विचार: युवक ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को घर से निकाल दिया। विवाहिता ने पति व ससुराल वालों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है।

थाना असमोली निवासी घनश्याम सिंह ने अपनी पुत्री सरिता की शादी चार माह पहले कोतवाली क्षेत्र के घटलेश्वर गेट निवासी युवक से की थी। ससुराल वाले आए दिन विवाहिता से अपने मायके से दहेज लाने की बात कहते थे। विवाहिता जब असमर्थता जाहिर करती थी तो उसके साथ मारपीट करते थे। कुछ दिन पहले पति ने पत्नी को ई-रिक्शा में बैठाकर घर मायके भेज दिया और अपने ससुराल वालों से कहा कि विवाहिता घर से भाग गई है। सोमवार को विवाहिता ने कोतवाली पहुंच कर अपने पति, सास व देवर के विरुद्ध दहेज के लिए घर से निकालने व प्रताड़ित करने के विरुद्ध तहरीर दी है।

पिकअप की टक्कर से टूटा रेलवे फाटक का बूम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- हादसे के बाद चालक हुआ फरार, आरपीएफ ने कब्जे में ली पिकअप
- एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद यातायात सुचारू हो सका

अमृत विचार: रेलवे फाटक बंद करते हुए तेजी से आ रही पिकअप ने टक्कर मार कर रेलवे फाटक का बूम क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने पिकअप को कब्जे में लिया है। घटना के बाद ट्रेनों को वैकल्पिक व्यवस्था करके निकाला गया। करीब एक घंटे तक रेलवे फाटक बंद रहा है। बूम दुरुस्त होने पर यातायात सुचारू हो सका।

सोमवार की सुबह 11 बजे दिल्ली से आकर टनकपुर जाने वाली जनशताब्दी पूर्णागिरि एक्सप्रेस रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन को गुजारने के लिए बदायूं चुंगी स्थित रेलवे फाटक का गेटमेन केहर पुरी रेलवे फाटक बंद रहा था। तभी बदायूं चुंगी से तेज रफ्तार आ रही पिकअप चालक ने रेलवे फाटक के बूम को टक्कर मार दी। जिससे फाटक क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद गेट मैन ने कंट्रोल को जानकारी दी।

कुछ समय बाद आरपीएफ मौके पर पहुंच गई और एक ओर खड़ी पिकअप को कब्जे में ले लिया। जबकि घटना के बाद चालक फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे गए और बूम को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया। वहीं वैकल्पिक व्यवस्था करके रेलवे फाटक से ट्रेनों को गुजारा गया। करीब एक घंटे बाद बूम दुरुस्त हो सका। तब तक रेलवे फाटक बंद रहा।

आधार कार्ड बनवाने के लिए भटके लोग

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार: थाना बनियाठेर की नगर पंचायत नरौली के डाकघर में प्रिंटर सर्वर खराब होने के कारण लोग भटकते रहे और काफी इंतजार के बाद निराश होकर लौट गए। कस्बे के वार्ड नंबर 9 में स्थित पोस्ट ऑफिस में पिछले कई दिनों से आधार कार्ड बन रहे हैं। वहीं छात्र-छात्राओं के अभिभावक आधार कार्ड बनवाने व संशोधन के लिए आ रहे हैं। यहां पर लगभग कस्बे सहित 6 से अधिक ग्राम पंचायतों से भी छात्र-छात्रां महिला पुरुषों की भीड़ लग रही है। सोमवार को भी भारी संख्या में लोग डाकघर पर पहुंचे। लेकिन जब डाकघर इंचार्ज ने प्रिंटर ऑन किया तब प्रिंटर नहीं चला। जिससे घंटों इंतजार के बाद लोगों निराश होकर लौट गए। डाकघर इंचार्ज दलपत सिंह ने बताया कि प्रिंटर खराब होने की वजह से सोमवार को कार्य प्रभावित हो गया। प्रिंटर सही कराने को मुरादाबाद हेड ऑफिस के लिए भेजा जा रहा है।

मांग अधिवक्ताओं ने की एसडीएम को ज्ञापन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग

तहसील चौराहे पर अतिक्रमण से लगता है जाम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते तहसील के अधिवक्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार: तहसील चौराहे पर फैले अतिक्रमण से हादसे हो रहे हैं। जिससे नागरिकों में रोष व्याप्त है। इस संदर्भ में सोमवार को नागरिकों व तहसील के अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर तहसील चौराहे को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

एसडीएम नीतू रानी को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से बताया कि तहसील चौराहे पर विशेष कर दिन के समय मार्ग अत्यंत व्यस्त हो जाता है। वहां से गुजरने वाले बदायूं हाईवे पर छोटे-बड़े वाहन तीव्र गति से गुजरते हैं। जिसके कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पूर्व में कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं के अलावा यहां पर एक छात्रा की मौत भी हो चुकी है। इस चौराहे पर ई-रिक्शा, टेंपो, ट्रैक्टर आदि ने अड्डा बना रखा है, साथ ही ठेले खोमचे वालों का अतिक्रमण इसे और व्यस्ततम और दुर्घटना कारक बनाए हुए हैं।

यहां तैनात सुरक्षाकर्मी इधर-उधर बैठकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर देते हैं। इस स्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। सवारी का अड्डा वहां से 50 से 100 मीटर दूर किया जाए। ट्रैफिक पुलिस तथा संबंधित अधिकारियों को इस हेतु सचेत किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, हरीश कठेरिया, राजेश कुमार, अंकित ठाकुर, सूर्य प्रताप सिंह, सत्यवीर सिंह, अश्विनी उपाध्याय,लवलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

संभल में सोमवार को एआरटीओ कार्यालय परिसर में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

छापे के बाद एआरटीओ कार्यालय में सन्नाटा, नजर नहीं आए दलाल

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : डीएम और एसपी द्वारा शनिवार को एआरटीओ दफ्तर पर छापेमारी करने के बाद सोमवार को कार्यालय खुला तो सुबह से ही सन्नाटे का माहौल नजर आया। कार्यालय पर दलाल मंडराते नहीं दिखे।

डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने शनिवार को दोपहर में एआरटीओ कार्यालय पर छापेमारी की थी। तब कई दलाल पकड़े गए थे। आधा दर्जन लोगों के नाम भी सामने आए थे। जिला प्रशासन की सख्ती का असर यह रहा कि सोमवार को एआरटीओ कार्यालय पर दलाल नजर नहीं आए। एआरटीओ कार्यालय पर सुबह से ही सन्नाटे का माहौल बना रहा। यहां दलाल नहीं दिखे बल्कि लोगों ने सीधे कार्यालय पहुंचकर अपने काम कराए। साफ हुआ कि जिला प्रशासन की सख्ती से दलालों में खलबली मची है। वह कार्यालय पर जाने से बच रहे हैं। वहीं ऐसे माहौल में लोगों को राहत भी मिलने लगी है।

सार संक्षेप

महाकाल शोभायात्रा में डमरू बजाकर भजन कीर्तन करते युवा। ● अमृत विचार

महाकाल शोभायात्रा निकाली, हुआ भजन कीर्तन

गुन्नौर, अमृत विचार : महाकाल के भक्तों ने डमरू-मजीरा की धुन पर संकीर्तन करते हुए महाकाल शोभायात्रा निकाली। जिससे माहौल भक्तिमय बन गया।सावन महीने के दूसरे सोमवार को शाम पांच बजे सैकड़ों शिवभक्तों ने मुहल्ला जुलेपुरा में स्टेट बैंक के सामने स्थित चामुंडा मंदिर से महाकाल का भजन कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण किया। भक्तजनों की डमरू और मजीरा संकीर्तन यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तहसील तिराहा, मुख्य बाजार सदर बाजार, बारहद्वारी होते हुए शाम सात बजे मुहल्ला सराय स्थित शिवमंदिर पर महाकाल शोभायात्रा संपन्न हुई। यहां सामूहिक रूप से शिव चालीसा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। महाकाल शोभायात्रा में आकाश वार्ष्णेय उर्फ कल्लू, सोनू गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अंशुल शैलू, प्रशांत वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, अंजीव वार्ष्णेय, सूर्या, कुमोद वार्ष्णेय, ईशू, रेनू और शिवानी आदि रहे।

मेधावियों को सम्मानित करेगा वार्ष्णेय युवा समूह

चन्दौसी,अमृत विचार : श्री वार्ष्णेय युवा समूह की बैठक समूह संरक्षक मुकेश वार्ष्णेय ब्रेड वालों के गणेश कालोनी स्थित प्रतिष्ठान पर हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समूह की ओर से 30वां वार्ष्णेय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 13 अक्टूबर दिन रविवार को दोपहर 11 बजे से श्री बारहसैनी सेवा सदन रामबाग धाम में किया जाएगा। जिसमें नगर के वार्ष्णेय समाज के उन सभी छात्र,छात्राओं को जिन्होंने हाईस्कूल,इण्टरमीडिएट परीक्षा 70 प्रतिशत या उससे अधिक एवं स्नातक,परास्नातक परीक्षा प्रथम श्रेणी में, व्यवसायिक परीक्षा जैसे सीए, सीएस, एमबीए, एमसीए, एलएलबी, एमबीबीएस आदि परीक्षा वर्ष 2024 में उतीर्ण की है उन्हें सम्मानित किया जाएगा। आवेदन फार्म जल्द ही ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। सभा में सौरभ वार्ष्णेय को कार्यवाहक अध्यक्ष, प्रशांत वार्ष्णेय को कार्यवाहक मंत्री तथा राहुल वार्ष्णेय को कार्यवाहक कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वार्षिकोत्सव के लिए अंकित वार्ष्णेय व जतिन वार्ष्णेय को कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया गया। सभा की अध्यक्षता डॉ. सौरभ वार्ष्णेय ने एवं संचालन मंगेश वार्ष्णेय ने किया। सभा में समूह संरक्षक मुकेश वार्ष्णेय समेत अजय वार्ष्णेय, प्रशांत गुप्ता, पीयूष वार्ष्णेय एडवोकेट, सुनील गुप्ता, राहुल वार्ष्णेय आदि सदस्य उपस्थित रहे।

आईटीआई में जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

आईटीआई के विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली

चन्दौसी, अमृत विचार : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अभियान के तहत विद्यार्थियों व स्टाफ ने जागरुकता रैली का आयोजन किया। आईटीआई से आरंभ हुई रैली बदायूं रोड, तहसील चौराहा होती हुई तहसील परिसर जाकर संपन्न हुई। रैली में रोजगार पाना है, तो आईटीआई आना है, रोजगार की पढ़ाई, चलो आईटीआई आदि नारे लगाते हुए विद्यार्थी चल रहे थे। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह पाल ने कहा कि आईटीआई को लेकर युवाओं में रुझान बहुत कम देखने को मिल रहा है। आज के युवा आईटीआई से डिप्लोमा नहीं करना चाहते हैं, जिससे आईटीआई में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में काफी गिरावट आई है। युवाओं में आईटीआई के प्रति रुझान उत्पन्न करने के लिए रैली निकाली गई है। इस अवसर पर मुकेश कुमार गौतम, महीपाल सिंह, अमित कुमार शुक्ला, भागीरथ, अनिल कुमार, कीर्तिपाल शर्मा, योगेंद्र स्वरूप भटनागर, धीरज सक्सेना, अंजलि, रुचि चौहान आदि मौजूद रहे।

संस्कार भारती के कार्यक्रम में सम्मानित लोग। ● अमृत विचार

कला साधकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

चन्दौसी, अमृत विचार : संस्कार भारती नगर इकाई की ओर से सीता रोड स्थित झुन्नीलाल धर्मशाला में गुरू पूजन उत्सव तथा कला साधक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रांतीय पदाधिकारियों व कार्यक्रम अध्यक्ष ने मां सरस्वती पूजन कर दीप प्रज्वलित किया। पाखी वार्ष्णेय ने सरस्वती वंदना और अनाया ने ध्येय गीत प्रस्तुत किया। नव्या, गौरी, सुदिक्षा, आदविक ने गुरु वंदना एवं भक्ति गीतों इसके बाद संस्कार भारती के लिए भूमि खरीदने हेतु विशेष सहयोगियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता विनोद कुमार विश्वकर्मा ने तथा संचालन अशोक कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय समेत आईपी शर्मा, राम किशोर मिश्रा, वैद्य ब्रजनंदन शर्मा, अखिलेश कुमार, प्रवीन कुमार आर्य, सौरभ कुमार, सुदीप बंसल, रिचकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

यश ठाकुर एबीवीपी के जिला सोशल मीडिया संयोजक बने

यश ठाकुर

चन्दौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक पीयूष विडोलिया ने नगर निवासी यश ठाकुर को संगठन का जिला सोशल मीडिया संयोजक मनोनीत किया है। साथ ही नवनिर्वाचित जिला मीडिया संयोजक से संगठन के हित में कार्य कर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया है। इससे पहले यश ठाकुर ने नगर सोशल मीडिया संयोजक, नगर सह मंत्री आदि महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है।

कांवड़ यात्रा मार्ग पर पालिका ने फेंका कूड़ा, फैली दुर्गंध

हसनपुर मार्ग पर बीच सड़क तक फैला कूड़ा।

संभल, अमृत विचार : शासन ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर कड़ी सुरक्षा के साथ ही विशेष सफाई रखने के निर्देश दिए हैं लेकिन संभल में इसका पालन होता नहीं दिख रहा है। पालिका के वाहन ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर कूड़ा उडेल दिया। सोमवार को हसनपुर मार्ग पर होली सुफ्फाह पब्लिक स्कूल के पास मार्ग के किनारे कूड़ा फेंका गया। हालात यह बने कि किनारे से बीच मार्ग तक आ गया। जबकि तमाम शिव भक्त ब्रजघाट को कांवड़ लेने के लिए इसी मार्ग पर गुजर रहे हैं। चर्चा रही कि नगर पालिका परिषद की ओर से मार्ग के किनारे कूड़ा फेंका जा रहा है। जिस कारण ऐसे हालात बने हैं। कूड़ा फेंके जाने से दुर्गंध उठ रही है और कांवड़ियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

एक नजर

वृद्धा की मौत के बाद पांच सांड़ पकड़े

रहरा, अमृत विचार : सांड़ के हमले से वृद्धा की मौत के बाद आखिर प्रशासन की नींद टूट गई। प्रशासन ने टीम बनाकर पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. केपी सिंह के नेतृत्व में रहरा के तटबंध स्थित गांव सिरसा कलां से पांच सांड़ों को पकड़कर गोशाला भिजवाया है। बताते चलें कि रहरा थाना क्षेत्र के गांव सिरसा कलां में रविवार सुबह शौच को गई महिला बुदा देवी पर सांड़ ने हमला कर दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद लोगों ने नारेबाजी कर नाराजगी जताई थी। वहीं, रहरा में गोबर डालकर घर लौट रही महिला पर सांड़ ने हमला कर दिया। जिससे महिला घायल हो गई। मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर का है। गांव निवासी अमरेश देवी पत्नी राजवीर सिंह सोमवार शाम सात बजे अपने घर के नजदीक गोबर डालकर लौट रही थी। इतने में ही सांड़ ने महिला पर हमला कर दिया। परिजनों ने घायल महिला को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। महिला के परिजनों ने क्षेत्र में घूम रहे सांड़ों को पकड़वाने की मांग की। बता दें कि क्षेत्र में पिछले दिनों सांड़ों ने कई लोगों पर हमला किया है।

हर हर महादेव के जयकारे के साथ किया जलाभिषेक

सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़े शिवभक्त, दोपहर तक लगी रही कतार, पुलिस-प्रशासन रहा सतर्क

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों की लगी कतार। ● अमृत विचार

हसनपुर में भोलेनाथ का जलाभिषेक करते भक्त। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सावन के दूसरे सोमवार पर श्रद्धालुओं में उत्साह रहा। सोमवार तड़के से ही शिवालयों में जलाभिषेक के लिए कांवड़िये और श्रद्धालु उमड़े। बम-बम भोले के जयकारों की शिवालय में गूंज रही। हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर आए शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर पुण्य कमाया। दोपहर बाद तक जलाभिषेक का सिलसिला चलता रहा। मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन भी चौकन्ना रहा।

सोमवार को तड़के से ही मंदिरों में शिवलिंग पर जल चढ़ना आरंभ हो गया था। बृजघाट एवं हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए श्रद्धालुओं ने भगवान भोले नाथ को कांवड़ चढ़ाई। इनके अलावा अन्य शिवभक्तों ने भी भगवान को जल एवं दूध चढ़ाया। शहर के प्रमुख मंदिरों में रविवार शाम से ही कांवड़ियों के आराम, खाने-पीने और ठहरने की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के साथ अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों की भी पूजा की गई। दोपहर तक कांवड़िये परिजनों के साथ शिवालयों में पहुंचते रहे। सबसे ज्यादा भीड़ शहर के प्राचीन वासुदेव तीर्थ मंदिर, नौगांवा सादात के गजस्थल में रही। सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। जिलेभर के दो दर्जन से अधिक मंदिरों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जलाभिषेक कराया गया।

दूसरे सोमवार को अधिक रही भीड़

अमरोहा, अमृत विचार : कांवड़ यात्रा में दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हरिद्वार व बृजघाट से जल लेकर आने वाले श्रद्धालुओं का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। सोमवार सुबह जलाभिषेक के लिए हरिद्वार और बृजघाट से भक्त डाक कांवड़ लेकर आए। पहले सोमवार की अपेक्षा इस बार कांवड़ियों की संख्या ज्यादा रही। वहीं बृजघाट से डाक कांवड़ लाने के लिए रविवार शाम को ही श्रद्धालु जल भरने के लिए पहुंच गए थे। देर रात के बाद से श्रद्धालु डाक कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना होने लगे। सोमवार तड़के वह गंगाजल लेकर शिवालयों में पहुंचे और गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया।

फूलपुर में बालाजी का जागरण आज

रहरा, अमृत विचार : गंगेश्वरी के गांव फूलपुर में शिव मंदिर में आज श्री बालाजी महाराज का जागरण होगा। जिसमें कलाकारों द्वारा सुंदर झांकियां भी निकाली जाएंगी। जागरण का आयोजन अंकित सांवरिया एंड पार्टी द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी कमेटी के अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र सिंह ने दी।

श्रद्धालुओं ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक

सैदनगली, अमृत विचार : आइडियल शिव भक्ति कांवड़ सेवा समिति के सदस्यों ने बृजघाट से जल लाकर सोमवार सुबह बगीची वाले मंदिर में पूजा अर्चना के बाद जल चढ़ाया। बगीची वाले शिव पौराणिक मंदिर में सभी शिव भक्तों ने कतार में लगकर जलाभिषेक किया। चंचल नाथ, वीर सिंह सैनी, अरविंद कुमार, विक्रम सैनी, जैक्सन, विजय कुमार, संजय सैनी आदि जलाभिषेक के लिए कतारों में लगे रहे।

शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

हसनपुर, अमृत विचार : सोमवार को शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने आस्था और उल्लास के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

नगर में स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। मंदिरों में विधि विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। नगर स्थित मां चामुंडा मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, माईजी महाराज के मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। इस दौरान शिवालय हर हर महादेव तथा बम-बम महादेव के जयकारों से गूंज उठे। मंदिरों में शिव भक्तों की जलाभिषेक के लिए लंबी कतार लगी रही। श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सतवीर गिरी ने बताया कि सावन के महीने में भगवान शिव जल्द प्रसन्न हो जाते हैं। इसलिए भक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक की कामना करते हैं। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से शिवालयों के पास पुलिस पिकेट तैनात रही।

कंधे पर भगवान भोलेनाथ की कांवड़ बनी आकर्षण का केंद्र

संवाददाता, मंडी धनौरा

कंधे पर कांवड़ लिए शिवभक्त।

अमृत विचार : बम भोले की बम जैसे जयकारों से नगर गुंजायमान है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर गंतव्यों की तरफ जा रहे शिव भक्तों के शहर से गुजरने का क्रम जारी रहा।

दो अगस्त को सावन माह की शिवरात्रि है। इस दिन भोले बाबा का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से गंगाजल लेकर बुलंदशहर, हाथरस व मथुरा के लिए जाने वाले कांवड़ियों का आवागमन चल रहा है। वहीं हरिद्वार से भगवान शिव की मूर्ति की कांवड़ आकर्षण का केंद्र बनी रही। चांदपुर की दिशा से आ रहे शिव भक्त नगर के गोलघर तिराहे से शहर में प्रवेश कर रहे हैं। यहां से कंचन बाजार, हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, पुराना स्टेट बैंक तिराहा, कटरा, तिकोना स्कूल, छोटी मसजिद व होली पार्क चौराहा होते हुए गजरौला की तरफ कूच कर रहे हैं। शिव भक्तों की सेवा के लिए जगह-जगह भंडारे हो रहे हैं। दूसरी तरफ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क है। बछरायूं व धनौरा क्षेत्र में करीब एक दर्जन स्थानों पर पुलिस की पिकेट तैनात हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक धनौरा मनोज कुमार व थानाध्यक्ष बछरायूं अलक चौधरी ने अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर पुलिस सुरक्षा का जायजा लिया।

यूथ कांग्रेस की एक कांवड़ राहुल गांधी के नाम

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक कांवड़ राहुल गांधी के नाम निकाली। इन्होंने बृजघाट से जल भरकर पदयात्रा करते हुए लक्ष्मीनगर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। इस दौरान यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

यूथ कांग्रेस के राहुल वर्मा ने कहा सभी कार्यकर्ताओं की यही प्रार्थना है कि हमारा संगठन मजबूत हो और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बने। हमारी पार्टी पूरी मजबूती से जुटी हुई है। इस अवसर पर अशोक वर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव सोनू चौधरी, राहुल वर्मा, कपिल शर्मा, दिव्यांश, सौरव, नकुल, राजकुमार, सुमित, अमरपाल, जीतपाल राणा, अंकुश राणा, सोमपाल राणा, अनिल, बंटी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांवड़ लाते यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कांवड़ लाते समय यातायात के नियमों का करें पालन

हसनपुर, अमृत विचार : हसनपुर क्षेत्र के ग्राम औसा माफी में महीपाल चौहान के आवास पर शिवभक्तों को संबोधित करते हुए सभापति कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि सावन का महीना चल रहा है, शिवभक्त गंगाजल लेने बृजघाट व हरिद्वार जा रहे हैं। शिव भक्तों को डाक कांवड़ लाने के दौरान यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। इससे हादसा होने की आशंका कम रहेगी। वहीं बैठक में मध्य गंगा नहर में पानी फिर से छोड़ने की मांग की गई। इस अवसर पर ऋषिपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, लोकेश सैनी, ओमपाल, जयवीर सिंह, अंकुश, राकेश, सतपाल, जसवंत, सौरभ, सोमपाल, होरी, करणसिंह, चरन सिंह, सोरन सिंह आदि उपस्थित रहे।

किसान मजदूर संगठन का क्रमिक अनशन जारी

गजरौला, अमृत विचार : राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का बिजलीघरों पर क्रमिक अनशन सोमवार को 15वें दिन भी जारी रहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उपेन्द्र सिंह ने कहा कि बिजली व ब्याज सहित गन्ना भुगतान की समस्या के साथ छुट्टा पशुओं का मुद्दा भी महत्वपूर्ण है।

कहा कि छुट्टा पशुओं के कारण किसानों की फसलें नष्ट हो ही रही हैं। सरकार गोशाला खुलवाने के दावे करती है। उन्होंने कहा क्रमिक अनशन आन्दोलन अब निकटवर्ती जनपदों में भी बढ़ने लगा है, शीघ्र ही यह आन्दोलन पूरे प्रदेश में होगा। क्रमिक अनशन खादगूजर में जसपाल सिंह के नेतृत्व में गंगदासपुर में चौधरी अनूप सिंह, मूंढा खादर में प्रयांशु गूजर, काफूरपुर में कुलवीर सिंह, दौलत पुर नहरी में चौधरी डालचन्द सिंह, डींगरा में इरफान सैफी, चुचैला खुर्द में हरिओम, शहबाजपुर कलां में सतीश, कौराल में कमलजीत सिंह के नेतृत्व में अनशन किया गया।

जलाभिषेक के लिए कतार में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

जलाभिषेक के लिए लगी कतार

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : सावन के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सोमवार को तड़के से शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। विधि विधान से पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

शहर के इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ मंदिर, रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित शिव मंदिर, चौपला स्थित प्राचीन शिव मंदिर, प्राचीन चाकेश्वर मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी शिव भक्तों ने हर-हर महादेव का जयघोष कर जलाभिषेक किया। क्षेत्र के प्राचीन चाकेश्वर मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालुओं ने घंटों कतार में खड़े रहकर प्रतीक्षा की। महिला श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भजन-कीर्तन किया। हर-हर महादेव के जयकारों के संग मंदिरों का वातावरण शिवमय बना रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मंदिरों में पुलिस बल भी तैनात रहा।

एक रात में तीन घरों से लाखों रुपये की चोरी

संवाददाता, हसनपुर

घर में चोरी की जानकारी देते पीड़ित।

● अमृत विचार

● एक दिन पहले भी तीन घरों को चोरों ने बनाया था निशाना

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में रविवार रात चोरों ने तीन घरों से जेवर समेत लाखों रुपये की चोरी की। सोमवार सुबह गृह स्वामियों को चोरी की जानकारी हुई। बिखरा पड़ा सामान देख कर उनके होश उड़ गए। चोरी की घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी से संबंधित जानकारी जुटाई। हालांकि एक घर में जाग होने पर चोर भाग गए। तीन घरों में हुई चोरी की घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। दूसरे दिन क्षेत्र के गांव में तीन घरों को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। रविवार रात अज्ञात चोरों ने कोतवाली क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी स्थित तीन घरों को निशाना बनाकर कोतवाली पुलिस को चुनौती देने का काम किया है। चोरों ने गांव निवासी फुरकान पुत्र मकसूद के घर को निशाना बनाया। चोर यहां दीवार फांदकर घर में घुस गए। चोर यहां से कमरे में रखे पर्स से दो हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। उसके बाद चोरों ने ताहिर खां पुत्र यामीन खां के घर को निशाना बनाया। चोर यहां से अलमारी से पांच लाख रुपये की नकदी और जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ताहिर ने बताया कि वह आम एवं लकड़ी का व्यापार करता है। जिसके लिए अलमारी में पांच लाख रुपये रखे थे। चोर उसके घर से तकरीबन सात लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। इसके बाद चोर शौकीन पुत्र जमील के घर में घुस गए। लेकिन आहट होने पर गृह स्वामी की आंख खुल गई। जिस पर उसने शोर मचा दिया। शोर सुन ग्रामीणों ने चोरों को खदेड़ दिया। चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल की है। चोरी की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गांव में हुई चोरियों का मामला जानकारी में है। जांच पड़ताल कराकर जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

चोरी की वारदातों ने पुलिस की नींद उड़ाई

हसनपुर, अमृत विचार : चोर एक के बाद एक बार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। चोरों ने कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई में शनिवार रात तीन घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। अगले दिन चोरों ने रविवार रात गांव बावनखेड़ी में तीन घरों में चोरी कर पुलिस को चुनौती दी है। इससे लोगों में भय है। दोनों गांवों में चोरी की वारदातें होने के बावजूद भी कोतवाली के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच रहे हैं।

मजदूर के घर से नकदी और जेवर चोरी, रिपोर्ट

अमरोहा, अमृत विचार : थाना अमरोहा देहात क्षेत्र में चोरों ने मजदूर के घर को निशाना बनाया। चोर नकब लगाकर जेवर और हजारों रुपये की नकदी ले गए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव खैरातपुरा में हीरा सिंह का परिवार रहता हैं। हीरा सिंह मजदूरी करके परिवार का पालन करता है। रविवार रात उसका परिवार घर के आगंन में सो रहा था। रात में किसी समय चोरों ने उसके घर को निशाना बनाकर नकब लगा दिया। चोरों ने घर में रखे जेवर और 30 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। चोरी की जानकारी गृह स्वामी को सोमवार को सुबह लगी। जब उसने घर में सामान बिखरा हुआ पाया। परिजनों ने देखा तो घर में रखे जेवर और नकदी नहीं मिली। इसकी जानकारी गृह स्वामी ने पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक प्रेम पाल सिंह ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है और इसकी जांच शुरू कर दी है।

केन्द्रीय बजट से होगी उत्तर प्रदेश की चहुंमुखी उन्नति : विकास

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● केन्द्रीय बजट में उत्तर प्रदेश को 2.44 लाख करोड़ आवंटित

● 22 लाख नए उद्यम शुरू होंगे लाखों को मिलेगा रोजगार

अमृत विचार : भाजपा के जिला कार्यालय पर केन्द्र सरकार के बजट को लेकर गोष्ठी हुई। जिसमें भाजपा के पश्चमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए 2.44 लाख करोड़ रुपये का बजट देकर एक अच्छा काम किया हैं। केन्द्र सरकार ने प्रदेश की जनता के लिए बजट के माध्यम से रोजगार का रास्ता खोला हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट से 22 लाख इकाईयों को जीवनदान मिलेगा व 22 लाख नए उद्योग भी शुरू होंगे।

सोमवार को भाजपा के जिला अध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी की अध्यक्षता में केन्द्रीय बजट पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए प्रदेश के विकास को पूरी तरह से ध्यान में रखते हुए बजट पास किया हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए 2.44 लाख करोड़ रूपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि कर्ज गारंटी योजना से प्रदेश को 20 लाख इकाइयों को जीवनदान मिलेगा और 22 लाख नए उद्यम शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि हाइवे के लिए चालू वित्तीय वर्ष में करीब 40 हजार करोड़ रुपये मिलने की संभावना हैं। इसके अलावा प्रदेश को 10 नए राष्ट्रीय राजमार्ग मिलेंगे। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताया हैं। उन्होंने कहा केन्द्र की सरकार 2047 तक भारत को विकसित बनाने पर काम कर रही है। विपक्ष बेरोजगारी के मुदे को लेकर भ्रम फैला रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए समर्पित है। इस बजट से प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, राकेश वर्मा, अतुल चौधरी, पूरन सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन, राहूल कुमार, मंयक कुमार, प्रिंस कुमार, शुभम कुमार आदि शामिल रहे।

विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

पेड़ों को काटने पर जताया विरोध

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : बिजली विभाग द्वारा कब्रिस्तान में बिना अनुमति पेड़ काटे जाने से नाराज लोगों ने नारेबाजी की।

सोमवार को हैबतपुर बंजारा मार्ग स्थित शाह विलायत कब्रिस्तान के बराबर से हाई टेंशन लाइन के बराबर में खड़े पेड़ों को बिजली विभाग के कर्मियों ने कुल्हाड़ी से काट दिया। इस बारे में कमेटी के पदाधिकारियों को जब पता चला तो वह मौके पर पहुंच गये। कमेटी के पदाधिकारियों को देखकर पेड़ काटने वाले बिजली विभाग के कर्मचारी फरार हो गए। कमेटी के पदाधिकारियों का कहना था कि बिजली विभाग ने बिना अनुमति के कब्रिस्तान के पेड़ों को काट दिया है। बिजली विभाग का पेड़ काटने का कोई औचित्य नहीं था और न ही वह लाइन के पास आ रहे थे। उन्होंने प्रदर्शन कर कहा कि जिन्होंने भी पेड़ों को काटा है उन पर कार्रवाई हो। प्रदर्शन करने वालों में अनीस अहमद, शकील अहमद, मोहम्मद अशरफ, असद खान, दानिश खान, नवाब अहमद, आजम खान हाजी नईम अहमद, मोहम्मद रिहान, सोराब कमाल थे।

छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : भाकियू भानू ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पंचायत में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की।

सोमवार को नगर के ब्लॉक परिसर स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय पर संगठन मंत्री ठाकुर गिरीश पाल सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन एसडीएम सुनीता कुमारी को सौंपा। ज्ञापन में बताया है कि एक अगस्त को रहरा ब्लॉक में किसानों की पंचायत होगी। जिसमें एसडीएम हसनपुर, एक्सईएन विद्युत विभाग, चकबंदी विभाग के अधिकारी, खाद्य रसद विभाग के अधिकारी एवं जल निगम के अधिकारी समय से पंचायत में उपस्थित हों। इसी के साथ किसानों ने मांग की कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाए। ज्ञापन देने वालों में ठाकुर गिरीश पाल सिंह, सुमित त्यागी, सतराज सिंह रहे।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू भानू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

नाजिम सैफी युवा मोर्चा के जिला महासचिव मनोनीत

गजरौला, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की बैठक युवा जिलाध्यक्ष आसिफ मलिक के नेतृत्व में जिला कार्यालय भानपुर में हुई। जिसमें नाजिम सैफी को युवा मोर्चा का जिला महासचिव मनोनीत किया गया। शोयब खान को ब्लॉक महासचिव गजरौला, सुमित यादव को ग्राम अध्यक्ष सुल्तानपुर मौलवी, मोहम्मद अली को जिला सचिव युवा मोर्चा मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष नफीस मेवाती की संस्तुति पर सभी पदों पर मनोनयन किया गया। जिलाध्यक्ष नफीस मेवाती ने प्री-पेड मीटर को लेकर विरोध जताया। बैठक में युवा जिलाध्यक्ष आसिफ मलिक, नाजिम सैफी, सुमित यादव, सोनू यादव, मनवीर सिंह, नितिन चौहान, प्रशांत त्यागी, रघुनाथ सिंह चौधरी, शकील चौधरी, मुशाहिद सलमानी, सलीम सैफी, बख्तावर खान, अरविंद कुमार मौजूद रहे।

अभियान चलाकर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कराएं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● जिलाधिकारी ने की संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कलेक्ट्रेट सभागार में 1 से 31 जुलाई तक चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई तक चल रह दस्तक अभियान के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

जिलाधिकारी ने संचारी रोग अभियान में सहभागिता करने वाले सभी विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने नौगांवा सादात के बुध बाजार में सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर अधिशासी अधिकारी नौगांवा सादात को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में सफाई न होने पर ईओ नौगांवा सादात पर कार्रवाई होगी। दस्तक अभियान के तहत जिलाधिकारी ने आशाओं द्वारा घर-घर जाकर भ्रमण की जानकारी और दस्तक अभियान की सफलता के बारे में जाना। कहा कि जिन आशाओं द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर साफ सफाई कराई जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आशा और एएनएम दस्तक अभियान के तहत घर-घर सर्वे कर मरीजों को चिह्नित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतपाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णू प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अमरोहा डॉ. ब्रजेश कुमार आदि सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

मकान की छत गिरी कई लोग घायल

मुबारिजपुर, अमृत विचार : थाना आदमपुर क्षेत्र के मुबारिजपुर गांव निवासी राजवीर पुत्र कुंदन के मकान की छत गिरने से कई लोग घायल हो गए। शोर सुनकर पड़ोसी मौके की ओर दौड़े और घायलों को मलबे से बाहर निकाला। घर का कोई सदस्य छत के नीचे नहीं था। मकान मालिक का बेटा सहित गांव के कुछ व्यक्ति मजदूरी करने जाते हैं। सोमवार सुबह वह मकान की छत पर बैठकर हिसाब कर रहे थे। तभी छत गिर गई, जिसकी चपेट में आकर कई लोग घायल हो गए। मलबे में दबकर घर का सामान भी नष्ट हो गया।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal
Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पूर्णे तटाके तृषितः सदैव भूतेऽपि गेहे क्षुधितः स मूढः ।
कल्पद्रुमे सत्यपि वै दरिद्रः गुर्वादियोगेऽपि हि यः प्रमादी ॥

जो इन्सान गुरु मिलने के बावजूद प्रमादी रहे, वह मूर्ख पानी से भरे हुए सरोवर के पास होते हुए भी प्यासा, घर में अनाज होते हुए भी भूखा और कल्पवृक्ष के पास रहते हुए भी दरिद्र है ।

संपादकीय

चीन को संदेश

जापान के टोक्यो में आयोजित क्वाड देशों की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत की ताकत, उसकी क्षमता, उसके विजन से दुनिया को परिचित कराया। महत्वपूर्ण है कि बैठक में भारत समेत 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के सदस्य देशों ने सोमवार को चीन को स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी देश को दूसरे देश पर हावी नहीं होना चाहिए तथा प्रतिस्पर्धा का जिम्मेदारी से प्रबंधन किया जाना चाहिए। सदस्य देशों ने स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत को लेकर अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने भाग लिया। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि केवल क्वाड ही सुनिश्चित कर सकता है कि हिंद-प्रशांत स्वतंत्र, सुरक्षित बना रहे। विश्व की भलाई के लिए क्वाड की प्रतिबद्धता हिंद-प्रशांत क्षेत्र से कहीं आगे तक है। वास्तव में ये आसान समय नहीं है। विश्व के विभिन्न हिस्सों में भू-राजनीतिक उथल-पुथल जारी है। रूस-यूक्रेन और हमास-इजराइल संघर्ष के बीच वैश्विक आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करना साथ ही जोखिम को कम करना बड़ी चुनौती है। पिछले कुछ वर्षों में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की सैन्य मौजूदगी में वृद्धि देखी गई है। जैसे-जैसे चीन अपनी विस्तारीकरण की नीति पर आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे उसकी आक्रामकता भी बढ़ती जा रही है। चीन, दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी इस समुद्री क्षेत्र पर दावे करते हैं। ऐसे में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखने के लिए एक नई रणनीति विकसित करने के उद्देश्य से भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने नवंबर 2017 में मिलकर 'क्वाड' की स्थापना की थी।

क्वाड के चारों देश भी इस बात से बखूबी वाकिफ हैं कि चीन से निपटना उनकी रोजमर्रा की सुरक्षा जरूरतों का हिस्सा बन चुका है। इस कारण क्वॉड हमेशा से चीन के लिए बड़ी चिंता का कारण रहा है। जरूरी है सदस्य सदस्यों को इस बात के प्रति भी सचेत रहना चाहिए कि क्षेत्र में क्वाड के विकास को किस तरह से देखा जाता है और इस विकास की गति के साथ सहजता है। आवश्यक है कि चारों देशों के बीच राजनीतिक समझ मजबूत हो आर्थिक साझेदारी बढ़े, प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़े तथा लोगों के बीच सहजता बढ़े। क्वाड विदेश मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। इससे क्वाड में भारत का दबदबा बढ़ेगा। क्वॉड में भारत के बढ़ते दबदबे से चीन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

परिवर्तन की निरंतरता का नाम है परंपरा

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

परंपरा प्रवाह है। निरंतर-प्रवाह । प्रवाह में जीवन बह रहा है, संस्कृति भी बह रही है। संस्कृति में निरंतरता का जो सूत्र है, वह परंपरा है। परंपरा जड़ नहीं हो सकती, जीवन प्रवाहशील है तो उसकी परंपरा स्थिर कैसे रहेगी? परंपरा भी कायाकल्प करती रहती है।

परंपरा व्यक्ति और उसके समाज को जोड़ती है। समरस बनाती है। एक पीढ़ी के गुजर जाने पर जो तत्व समाज को अतीत से बांधे रखता है वह परंपरा ही है जिसे रीति कह देते हैं। डा. हरद्वारी लाल शर्मा के शब्दों में – परंपरा का अर्थ है परिवर्तन और निरंतरता। लोक की रीति-नीतियों, रिवाजों और मान्यताओं, आचार-विचारों, आहार-व्यवहारों में समय के अनुरूप परिवर्तन आ जाता है, और इसी परिवर्तनशीलता अथवा परिवर्तन की क्षमता के कारण वह काल के झटके और धक्कों को सह लेता है और अनेक विजातीय-तत्वों को पचा लेता है। हिंदू लोक-जीवन देखिए, महाभारत- काल से लेकर आज तक न जाने कितने संपर्क विदेशी शक्तियों से हुए और न जाने कितने सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संकट इस पर आए। पर वे सब-के-सब लोक-जीवन में समा गए और अनुकूल परिवर्तनों को आत्मसात करके उसने इन्हें पचा लिया। इनसे यह अधिकाधिक संपन्न और समर्थ हो गया, और इस प्रकार लोक की निरंतरता बनी रही। इसको मूलधारा यों ही अक्षुण्ण बहती रही।

संस्कृति और परंपरा परस्पर मिले हुए तत्व हैं किन्तु वे पर्यायवाची नहीं हैं। परंपरा वह वेग है, जिसके माध्यम से संस्कृति गतिशील है। जिस परिवेश में हमारा जन्म हुआ, उस परिवेश में निरंतर गूंजने वाले हजारों-हजारों शब्द कहां से आए? ये भाषा, ये बोली, ज्ञान-विज्ञान की ये विरासत, ये विश्वास, ये कथा-कहानियां, ये प्रतीक, ये मिथक, ये सांस्कृतिक -तत्व, जो हमारी जीवनचर्या में व्याप्त हैं, हमको कैसे मिले? कहां मिले? ये सभी हमको अपने जीवन की अविच्छिन्न-परंपरा से प्राप्त हुए हैं। परंपरा में मनुष्य की महिमा है, किसी अन्य प्राणी के पास कोई परंपरा नहीं होती। मनुष्य ने ज्ञान विज्ञान सभ्यता संस्कृति का विकास किया क्योंकि उसके पास परंपरा है।

परंपरा प्रवाह है। निरंतर-प्रवाह। प्रवाह में जीवन बह रहा है, संस्कृति भी बह रही है। संस्कृति में निरंतरता का जो सूत्र है, वह परंपरा है। परंपरा जड़ नहीं हो सकती, जीवन प्रवाहशील है तो उसकी परंपरा स्थिर कैसे रहेगी? परंपरा भी कायाकल्प करती रहती है। इसलिए परंपरा का अध्ययन केवल प्राचीन का अध्ययन नहीं है, वह नवीन होने की प्रक्रिया का भी अध्ययन है। परंपरा पोखर, जोहड़ या कूप नहीं है, परंपरा बहता नीर है। परात् परम्! और-आगे, और-आगे, और-आगे, जैसे-वंश-परंपरा, गुरु-शिष्य-परंपरा। जिस प्रकार गंगा की धारा का प्रवाह हिमालय से समुद्र पर्यन्त अविच्छिन्न है, कहीं से टूटा हुआ नहीं है। उसी प्रकार से परंपरा भूत-वर्तमान और भविष्य की निरंतरता है। परंपरा और परिवर्तन का उदाहरण देखिये-यमुना बह रही है, यह प्रवाह है। हम घाट पर कल भी गए थे, तब भी यमुना बह रही थी, आज हम फिर गए यमुना आज भी बह रही है, यह प्रवाह है परंपरा है। किन्तु यमुना के प्रवाह में जिस जल का कल आचमन किया था, वह आज नहीं है। प्रवाह वही है, किंतु जल बदल गया। परंपराओं में परिवर्तन-परिवर्द्धन स्वतः होते हैं और ये परिवर्तन निरन्तर चलते ही रहते हैं, क्योंकि लोकजीवन में नित नए लक्षित और अलक्षित कारक तत्वों (नये व्यक्तियों, पीढ़ियों, नए वर्गों, नए उपकरणों, नई जातियों, बाजार और सत्ता तथा नई फैशन के दबावों, हस्तक्षेपों) के प्रवेश तथा उनके द्वंद्व और समायोजन की निरंतर-प्रक्रिया चलती रहती है। पंडित विद्या निवास मिश्र कहते थे कि" अंग्रेजी का ट्रेडिशन शब्द "परंपरा" का सही-सही पर्याय नहीं है। ट्रेडिशन शब्द का अर्थ है, किसी पदार्थ या विचार का यथावत (ज्यों का त्यों) हस्तान्तरण। जबकि परंपरा त्याग और ग्रहण की वह निरंतरता, जिसमें वह पदार्थ या विचार उत्कृष्ट से उत्कृष्टतर होता रहे।"

परंपरा व्यक्ति और उसके समाज को जोड़ती है। समरस बनाती है। एक पीढ़ी के गुजर जाने पर जो तत्व समाज को अतीत से बांधे रखता है वह परंपरा ही है जिसे रीति कह देते हैं। डा. हरद्वारी लाल शर्मा के शब्दों में- "परंपरा का अर्थ है परिवर्तन और निरंतरता। लोक की रीति-नीतियों, रिवाजों और मान्यताओं, आचार-विचारों, आहार-व्यवहारों में समय के अनुरूप परिवर्तन आ जाता है, और इसी परिवर्तनशीलता अथवा परिवर्तन की क्षमता के कारण वह काल के झटके और धक्कों को सह लेता है और अनेक विजातीय-तत्वों को पचा लेता है। हिंदू लोक-जीवन देखिए , महाभारत- काल से लेकर आज तक न जाने कितने संपर्क विदेशी शक्तियों से हुए और न जाने कितने सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संकट इस पर आए। पर वे सब-के-सब लोक-जीवन में समा गए और अनुकूल परिवर्तनों को आत्मसात करके उसने इन्हें पचा लिया। इनसे यह अधिकाधिक संपन्न और समर्थ हो गया, और इस प्रकार लोक की निरंतरता बनी रही। इसको मूलधारा यों ही अक्षुण्ण बहती रही। भोजन, पहनावा, मामूली से मामूली रीति-रिवाज में बदलाव आया, परन्तु इसकी भीतरी आत्मा अछूती रही। यह परिवर्तन और निरन्तरता, जिसका एक नाम परंपरा है, लोक-जीवन का विधान है, और इसकी शक्ति का अक्षय स्रोत। (लोकवार्ता-विज्ञान 247)

प्रो.नामवर सिंह ने प्रतिपक्ष की परंपरा अथवा दूसरी परंपरा को खोजा। परिवर्तन की प्रक्रिया भी होती है और प्रतिक्रिया भी होती है। प्रक्रिया और प्रतिक्रिया के द्वंद्व में सांस्कृतिक-परिवर्तन का एक अगला और नया रूप सामने आ जाता है। इस प्रकार भाषा में, रीतिरिवाज में, जीवन-मूल्यों में, विश्वास में, समूची लोक संस्कृति में परिवर्तन की प्रक्रिया चलती रहती है। परिवर्तन नैसर्गिक प्रक्रिया है। परिवर्तन होता रहा है और आगे भी होता रहेगा किंतु निरंतरता का सूत्र बना रहेगा। इसे आप परिवर्तन की परंपरा कह सकते हैं, एक परिवर्तन से दूसरे परिवर्तन का जन्म होता है।

परंपरा का न आधुनिकता से कोई विरोध है न विकास से कोई वैर है! आधुनिकता जीवन के निरंतर-प्रवाह की अविच्छिन्नता है। नया और नया। और-आगे, और-आगे नित्य-निरंतर। ध्यान देने की बात है-हमारा मन अविच्छिन्न वंश-परंपरा का दाय है, युगयुगीन स्मृतियां और वासनाएं कुंडलिनी के रूप में सोयी हुई हैं। हमारा अपना ही मन निजी होते हुए भी नितांत एकान्तिक नहीं है, वह जीवन के निरंतर प्रवाह दूसरे शब्दों में परंपरा की रचना है। जिस प्रकार माता-पिता और माता-पिता की वंश- परंपराओं से हमने अपना शरीर प्राप्त किया है। उसी प्रकार हमारा मन भी उसी वंश-परंपरा का दाय है! इसीलिए हमारा मन बीते हुए युगों का एपीटोम है। हमारे अर्द्धचेतन और अचेतन मन में युग युगांतर की स्मृतियां सो रही हैं। शरीर की तरह हमारा मन भी अविच्छिन्न - परंपरा का ही दाय है। जो लोग दिन-रात परंपरा को कोसते रहते हैं, वे समझ नहीं पाते कि जिस विचारधारा को वे शाश्वत समझ रहे हैं, वह परिवर्तन के चक्र में अब केंद्र में नहीं परिधि में पहुंच चुकी है। परिवर्तन हो चुका। हां, विचारधारा की किताब नहीं बदलती, विचारधारा के ध्वजवाहक नहीं बदलते। ध्वजवाहक निहित-स्वार्थ होते हैं, ऐसे ही ध्वजवाहक परंपरा और संस्कृति के भी होते हैं। वे समय के वेग को मुट्ठी में बंद करके रखना चाहते हैं। उनका निहित-स्वार्थ नहीं बदलता। निहित-स्वार्थ रूढ़ि है, जड़ है, कट्टरता है। निर्मल वर्मा ने अपने एक लेख में इस बात की ओर ध्यान आकर्षित किया है कि जब एक नदी बांध दी जाती है या एक पेड़ टूट जाता है या एक जंगल उजड़ जाता है तो पूरा परिवेश ही परिवर्तित हो जाता है। उससे जुड़ी तमाम संवेदनाएं, मिथक कथाएं, आशा-आकांक्षाएं परिवर्तित हो जाती हैं।

प्रसंगवश

हादसों की गलियां

सरकारी नौकरी विशेषकर मध्य वर्ग और निम्न वर्ग का सपना है। मध्यवर्गीय परिवार के बच्चों में यूपीएससी का बहुत अधिक क्रेज़ है। यूपीएससी ही नहीं, दूसरी भी बहुत सारी परीक्षाएं हैं, जिनकी तैयारी के लिए छात्र दिल्ली की तरफ रुख करते हैं। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर के राव आईएएस संस्थान में हुई दुर्घटना ने छात्रों के साथ-साथ सभी जागरूक नागरिकों के अंदर एक गुस्से का उबाल पैदा कर दिया है। 8-9 फीट ऊंचाई वाले कई मंज़िला मकान तो बना दिए गए हैं लेकिन इनमें सुरक्षा को लेकर कई खामियां हैं। बेसमेंट के दमघोंटू वातावरण में सीलन भरे कमरों लंबे समय तक बैठकर पढ़ना छात्रों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ है। इस लो लाइन एरिया में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बारिश के दिनों तो हाल और भी बुरा है।

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बताया जाता है कि बेसमेंट में लिंटर तक पानी भर गया था। क्लास रूम के मेज़ कुर्सी तक पानी में तैर रहे थे। अचानक आए इस सैलाब को छात्र समझ ही नहीं पाए और उनका का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। कुछ छात्रों को किसी तरह से बाहर निकाल लिया गया लेकिन जो नहीं निकल पाए, वे मौत के मुंह में समा गए। आधे घंटे की बारिश में पूरा बेसमेंट भर जाना कई तरह की कमियों और लापरवाहियों की ओर इशारा करता है। बरसात के मौसम से पहले ही नालियों की सफाई करना और ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त कर लेना तो शासन और नगर निगम का कर्तव्य बनता है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जिसके परिणामस्वरूप यह दुखद हादसा हुआ। इसी तरह के बेसमेंट में सैकड़ो लाइब्रेरी और कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। कब कहां दुर्घटना हो जाए कोई नहीं कह सकता। हज़ारों नहीं लाखों की संख्या में बच्चे दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर, पटेल नगर, करोल बाग और मुखर्जी नगर जैसे रेजिडेंशियल एरिया के आसपास कोचिंग संस्थानों की भीड़ होने के कारण लोगों ने अपने घरों का कमर्शियल उपयोग किया है। यहां पर अनगिनत छात्र रहते हैं। जो छोटे-छोटे दबड़ो में रहकर खुले आसमान की चाहत रखते हैं।

सुरक्षा की दृष्टि से भी यह इलाके बहुत ही दयनीय अवस्था में हैं। मुखर्जी नगर के एक संस्थान में पिछले साल आग लगी थी। कुछ दिन पहले शार्ट सर्किट से एक छात्र की मौत हुई जिसका कोई शोर नहीं हुआ। कई जगह गलियां इतनी तंग है कि कोई हादसा होने की स्थिति में भीड़ का वहां से निकल पाना भी बड़ा मुश्किल है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जब यह हाल है तो और शहरों की क्या बात करें। कोचिंग संस्थानों या लाइब्रेरी को बेसमेंट में चलाना कानूनी दृष्टि से बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। फिर इन्हें कैसे एनओसी मिलती है? यह सोचने वाली बात है। कोचिंग संस्थान ने हादसे पर दुख व्यक्त कर दिया है। कुछ धाराएं लगाकर गिरफ्तारियां हो गई हैं। मजिस्ट्रेट जांच और फोरेंसिक जांच होगी। कुछ दिनों बाद हिरासत में लिए गए लोग छूट जाएंगे। हादसे दर हादसे होते रहेंगे और माता-पिता उम्र भर दुख के आंसू पीते रहेंगे। आखिर देश का क्रीम ब्रेन या भावी ब्यूरोक्रेट्स कबूतर खाने जैसे वातावरण में रहने के लिए क्यों मजबूर हैं? क्या शिक्षा बजट के अंतर्गत इन छात्रों को कुछ सुविधा मुहैया नहीं कराई जा सकती? अगर प्रशासन के लिए यह संभव नहीं है तो कम से कम इतनी निगरानी रखनी तो आवश्यक है कि ये लोग किस परिस्थिति में जी रहे हैं? कोचिंग संस्थानों ने सुरक्षा की दृष्टि से मापने जाने वाले विभिन्न मापदंड पूरे किए हैं या नहीं? आए दिन होने वाली दुर्घटनाएं व्यवस्था की कमी की ओर इशारा करता है। क्या इसी तरह देश तरक्की करेगा? पहले भी अलग-अलग शहरों में इस तरह की घटनाएं होती आई हैं। जो लाइब्रेरी और कोचिंग संस्थान छात्रों से इतना अधिक धन वसूलते हैं, वहां सुरक्षा के मापदंड क्यों नहीं स्थापित किए जाते, क्यों कड़े कानून नहीं बनाए जाते ताकि इन हादसों की पुनरावृत्ति ना हो।

बेसमेंट में चलने वाले सैकड़ों लाइब्रेरी और कोचिंग संस्थानों में कब कहां दुर्घटना हो जाए कोई नहीं कह सकता। लेकिन हमारा देश का दुर्भाग्य कि किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर उसके समाधान की नहीं सोचते, प्रशासन यह वायदा भी नहीं करता कि आगे इस तरह की दुर्घटना नहीं होगी, आपस में तू तू, मैं मैं और एक दूसरे को दोषारोपित कर देना, मृतकों की जान की कीमत चंद कागज़ के टुकड़ों में लपेटकर उनके परिजनों को दे देना, अगर यह हमारी नीति है तो मानवता को शर्मसार करने वाली है।

गरीब किसानों का का दर्द

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

आजकल हमारे क्षेत्र में ठीक यही स्थिति है। ताल तलैया सब सूखे पड़े हैं, मत्स्य पालक दुःखी हैं, जिन तालाबों से रोपाई और बाद में खरीफ व रबी की सिंचाई हो जाती थी, सूखे पड़े होने से अब वह भी नहीं हो सकेगी। महंगी खाद व कीटनाशक दवाएं, बढ़ती मजदूरी व ट्रैक्टर की जुताई के बाद भी न्यूनतम समर्थन मूल्य में नाममात्र की वृद्धि, खेती का फायदा समाप्त कर रही है और किसान के लड़के कषि कार्य से विमुख होकर परदेस पलायन को अभिशप्त हैं। गरीब अन्नदाता किसान आज वास्तव में संकटग्रस्त है।

मैं वो कांटा हूं जिस पर सर रखकर/ जाने कितने गुलाब सोते हैं। आज मैं उसी कांटे यानी किसान का दर्द सुना रहा हूं, जिसे अन्नदाता कहा जाता है, जिसके दर्द की गाथा कहकर मुंशी प्रेमचंद अमर हो गए, जिसे गाकर अदम गोंडवी यादगार कवि हो गए, जिसका गुणगान देश के सभी राजनैतिक दल किया तो करते हैं लेकिन उसके लिए करते कुछ नहीं।

खरीफ की फसल की अगवानी में किसान मई माह के अंतिम सप्ताह से जून माह तक धान की रोपाई के लिए नर्सरी तैयार करने लगता है जो रोपाई हेतु एक माह में तैयार हो जाती है। हाइब्रिड प्रजाति 22-25 दिन में तैयार होती है। पहले 20-25 जून तक पूर्वांचल में बारिश प्रारंभ हो जाती थी, अब जुलाई के पहले सप्ताह से होती है। वर्षा का जल मिलते ही किसान धान रोपना प्रारंभ कर देता है। महिलाएं वर्षा और धूप से बेपरवाह, मधुर गीत गाती हुई रोपाई करती हैं। जिनके पास ट्यूबवेल या नहर का पानी है, वह बारिश की प्रतीक्षा नहीं करते।

इस वर्ष इंद्र देवता न जाने क्यूं रुष्ट हो गए हैं। अब तक हमारे क्षेत्र में मात्र एक बार 29 जून को अच्छी बारिश हुई है, तब से बादल आते हैं और कुछ बूंदें टपका कर चले जाते हैं जिनसे मिट्टी की धूल भी नहीं जाती। हमारे क्षेत्र में नहर नहीं है बस ट्यूबवेल का ही सहारा है। सरकारी ट्यूबवेल का जीवन काल औसतन 4-5 साल का होता है, इसके बाद निष्प्रयोज्य हो जाता है। निजी ट्यूबवेल ही चलते हैं जिनमें डीजल चालित 300-350 प्रति घंटा लेते हैं जो बहुत महंगा है, बिजली वाले सस्ते हैं लेकिन बिजली की उपलब्धता अनिवार्य होती है। आजकल बिजली 24 घंटे में मात्र 3-4 घंटे मिल रही है वह भी कट पिट कर और वोल्टेज ऊपर नीचे होता रहता है जिससे मोटर जलने का डर रहता है। पहले बिजली की स्थिति बेहतर थी लेकिन संसद के चुनाव समाप्त होते ही ऐसी स्थिति हो गई कि अखिलेश यादव की सरकार याद आ गई, जब बिजली आपूर्ति बाधित रहती थी। शासन ग्रामीण क्षेत्रों में 18-20 घंटे प्रतिदिन बिजली देने का प्रभावहीन आदेश देता रहता है। पिछली सरकार में बिजली मंत्री श्रीकांत शर्मा जी सक्रिय रहते थे, वर्तमान मंत्री शर्मा जी से कोई लेना देना नहीं है, पुराने आइएएस अधिकारी हैं, पत्रावली पर आदेश कर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेते हैं, बिजली मिले या न मिले, वह मस्त हैं। रही बात मुख्यमंत्री जी की, वर्तमान में योगी-शाह का 20-20 मैच चल रहा है जिसमें वह व्यस्त और पस्त हैं। मुश्किल से जो रोपाई हो भी जा रही है, पानी के अभाव में पौधे सूख रहे हैं और दीमक का प्रकोप बढ़ रहा है जो पौधों की जड़ काट कर पेड़ सुखा दे रहे हैं। किसान के 25 प्रतिशत खेत में फसल रोपी नहीं गई और रोपी फसल भी पानी की कमी या दीमक से नष्ट हो रही हैं। किसान अपना खेत बेबसी से टुकुर-टुकुर निहार रहा है और भाग्य को कोस रहा है।

मौसम विभाग ने इस वर्ष अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की थी लेकिन नेताओं के आश्वासनों की तरह उसकी भविष्य वाणी भी थोथी साबित हुई। इससे अच्छे तो घाघ और भड्डरी थे जिनकी कहावतें प्रायः सही साबित होती हैं। आज की स्थिति पर घाघ की एक कहावत देखें,-

"दिन को बद्दर, रात निबद्दर।पुरवा बहै झब्बर झब्बर।।/ घाघ कहै कुछ होनी होई। कुंआ क पानी धोबी धोई।।" (दिन में बादल, रात में निरभ्र आकाश हो, पुरवा हवा झूम कर बह रही हो, तो ऐसी स्थिति में अनावर्षण से तालाब सूख जाएंगे और धोबी को कुएं के जल से वस्त्र धुलना पड़ेगा।) आजकल हमारे क्षेत्र में ठीक यही स्थिति है। ताल तलैया सब सूखे पड़े हैं, मत्स्य पालक दुःखी हैं, जिन तालाबों से रोपाई और बाद में खरीफ व रबी की सिंचाई हो जाती थी, सूखे पड़े होने से अब वह भी नहीं हो सकेगी। महंगी खाद व कीटनाशक दवाएं, बढ़ती मजदूरी व ट्रैक्टर की जुताई के बाद भी न्यूनतम समर्थन मूल्य में नाममात्र की वृद्धि, खेती का फायदा समाप्त कर रही है और किसान के लड़के कषि कार्य से विमुख होकर परदेस पलायन को अभिशप्त हैं। गरीब अन्नदाता किसान आज वास्तव में संकटग्रस्त है।

सोशल फोरम

शिक्षित होने का अर्थ

प्रेमचंद देख रहे थे कि शिक्षा उदारवाद की जगह खुदगर्जी ला रही है। मध्य वर्ग, 'झूठे आडंबर और बनावट की जिंदगी का, इस व्यावसायिक और औद्योगिक प्रतियोगिता का इतना प्रेमी हो गया है कि उसकी बुद्धि में सरल जिंदगी का विचार आ ही नहीं सकता। हमारा तजरबा तो यह है कि साक्षर होकर आदमी काइयां, बदनीयत, कानूनी और आलसी हो जाता है।' उच्च शिक्षा व्यवस्था के प्रति कुछ ऐसा ही उग्र स्वर रवींद्रनाथ का भी था।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

दरअसल आज का विपुलसंख्यक मध्यवर्ग भारतीय विरासत का सब अच्छा छोड़ चुका है और पश्चिम का वह सब जो बुरा है, उसे अपना चुका है। एलीट लोग न सिर्फ सामाजिकता से निर्लिप्त हैं, बल्कि वे अन्याय देखकर सामान्यतः उत्तेजित नहीं होते। अब उनमें आधिपत्य-प्रेम ज्यादा है। वे आत्मसेवा में डूबे रहते हैं।

प्रेमचंद के उपन्यासों और कहानियों से हम जानते हैं कि मेहनत, सादगी और जनसक्रियता किस तरह आदमी को अधिक मानवीय बनाती है, जबकि आज के जमाने का धर्म, शिक्षा और भौतिक समृद्धि किस तरह आदमी से उसकी मनुष्यता छीन लेती है। प्रेमचंद का लेखन परिवार, राष्ट्र और वैश्विकता का सही अर्थ बताता है और स्पष्ट करता है कि साहित्य क्यों है। प्रेमचंद साहित्य को बड़े अर्थ में लेते हुए कहते हैं, 'वह उस विद्रोह का नाम है जो मनुष्य के हृदय में अन्याय, अनीति और कुरुचि से होता है।' इन दिनों न्याय, नीति और सुरुचि के बल में काफी ह्रास आया है। बड़बोलापन बढ़ा है। प्रेमचंद सार्वभौम पतन के दृश्य देखकर दृढ़तापूर्वक कहते हैं, 'सियासी (राजनीतिक) रहबरों ने जो काम खराब कर दिया है, उसे अदीबों (साहित्यकारों) को पूरा करना पड़ेगा।' यह कथन फिर से ताजा हो उठा है जब राजनीति धर्म, जाति और प्रांतीयता के डंडे के बिना चल नहीं पा रही है। साहित्य एक जगह है जहां लेखक हो या पाठक, वह इंसानियत को बचाकर रख सकता है और हारा हुआ सत्य सांस ले सकता है। यहां साहित्य को सांस्कृतिक-बौद्धिक निर्माणों की हजारों छोटी-छोटी दुनियाओं के रूप में देखना चाहिए। साहित्य राजमहल नहीं है, यह आवाज वालों की बस्ती है।

-फेसबुक वॉल से

समय बैकअप प्लान तैयार रखने का है

पिछले दिनों दिग्गज आइटी कंपनी माइक्रोसाफ्ट का सर्वर डाउन हुआ तो पूरी दुनिया में हाहाकार मच गया। स्थितियां इतनी बिगड़ गईं कि वहां के अनेक फर्म और संस्थान अपने आवश्यक कार्यों का निपटारा आफलाइन तरीके से करने लगे। बहरहाल, इन तथ्यों को अभी परखा जाना बाकी है। वैसे इस संदर्भ में बेहतर तो यही होगा कि इस संकट से प्रभावित सभी देश अपने-अपने स्तर पर अपने-अपने नुकसानों का सही-सही आकलन करें।

गौरतलब है कि इस आइटी संकट या आउटेज से दुनिया भर में न केवल साइबर आधारित कामकाज प्रभावित हुआ, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हवाई समेत तमाम तरह की परिवहन सेवाएं भी बुरी तरह से बाधित हुईं। अभी तक इस मामले में जो संकेत मिले हैं, उनके अनुसार माइक्रोसाफ्ट की सिक्योरिटी कंपनी क्राउड स्ट्राइक द्वारा सिस्टम अपडेट करने के दौरान यह वैश्विक संकट उत्पन्न हुआ। बताया जा रहा है कि सिस्टम अपडेट करने के क्रम में जिस प्रोग्राम का उपयोग किया गया, वह वैश्विक साइबर तंत्र के अनुरूप नहीं था, जिसके कारण सिस्टम हैंग हो गया और दुनिया भर में माइक्रोसाफ्ट से जुड़े सिस्टमों में कामकाज ठप हो गया।

चेतनादित्य आलोक
वरिष्ठ पत्रकार

यदि इस थ्योरी को सच मान लिया जाए तो जाहिर हो जाता है कि यह कोई साइबर हमला नहीं था, बल्कि दुनिया भर में माइक्रोसाफ्ट से जुड़े ग्राहकों को साइबर सुरक्षा प्रदान करने वाली कंपनी क्राउड स्ट्राइक की एक गलती का नतीजा था। एक अनुमान के अनुसार माइक्रोसाफ्ट की सिक्योरिटी कंपनी क्राउड स्ट्राइक, जो दुनिया भर में 30,000 से भी अधिक कंपनियों को साइबर सुरक्षा प्रदान कराती रही है, को केवल एक घंटे के भीतर 73,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। सोचिए कि एक घंटे के भीतर क्राउड स्ट्राइक जैसी कंपनी को जब इतना बड़ा नुकसान हो गया तो लगातार 15 घंटे तक चले इस आइटी संकट से बुरी तरह प्रभावित हुए दुनिया भर के लगभग 30 देशों को कितना अधिक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा होगा। बहरहाल, इस घटना से इतना तो स्पष्ट हो गया कि माइक्रोसाफ्ट से सेवाएं प्राप्त करने वाली तमाम कंपनियां ऐसे कठिन वक्त के लिए तैयार नहीं थीं।

इसके अलावा इस वैश्विक आइटी संकट ने इस बात पर भी सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि यदि भविष्य में फिर कभी ऐसा ही या इससे भी बड़ा कोई आइटी संकट आया, तो दुनिया भर के देशों में फैले डिजिटल मायाजाल का क्या होगा... हम कैसे बचेंगे और बचा पाएंगे। यह चिंता इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि ऐसा होना संभव है। विशेषज्ञों का भी यही मानना है कि प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में तकनीकी भूल-चूक की संभावनाएं हमेशा बनी रहती हैं वैसे इस आइटी संकट से दुनिया भर में मची तबाही ने साइबर अपराधियों के भी कान अवश्य खड़े कर दिए होंगे, जो हमेशा इसी ताक में बैठे रहते हैं कि कब उन्हें कोई अवसर मिले और वे अपनी साजिशों को अंजाम तक पहुंचा सकें। वे इस गड़बड़ी के कारणों और होने वाले नुकसानों को जानकर यदि ऐसा ही कुछ कर दिया तो क्या होगा। इन सारे सवालों का एक ही जवाब है- 'व्यापार सातत्य योजना' यानी 'बिजनेस कान्टिन्यूइटी प्लान' (बीसीपी)। यह बीसीपी एक 'बैकअप प्लान' होता है, जिसके अंतर्गत यह व्यवस्था पहले से ही बनाई रहती है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में वह कार्यों को सुचारू रख सके। इसके अतिरिक्त उस प्लान में जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए होते हैं। आश्चर्य तो इस बात का अधिक है कि माइक्रोसाफ्ट जैसी दिग्गज आइटी कंपनी ने संकट की घड़ी में अपनी कंपनी का बैकअप प्लान क्यों नहीं चलाया। बहरहाल, माइक्रोसाफ्ट से जुड़ा यह आइटी संकट चिंता और दुःख का विषय तो है ही, लेकिन यह वक्त नए विकल्पों पर कार्य करने तथा बैकअप प्लान तैयार रखने का भी है, ताकि भविष्य में यदि कभी ऐसा संकट आए तो दुनिया के देशों को बड़े आर्थिक नुकसानों से बचाया जा सके।

राजनीति में हुड़का

बहुत दिनों से राजनीति में हुड़का पर लिखने की योजना बना रहा हूं लेकिन विषय वस्तु कठिन और कलेजे को कोरने वाली है इसलिए गंभीरता से विचार कर रहा हूं कि यदि लिख मारूं तो न जाने कितने लोग रुष्ट हो जाएंगे। सेवाकाल में कमाऊ खाऊं प्रवृत्ति के मंत्री गण अपने विभाग में मेरी उपस्थिति से ही अपना रक्त चाप बढ़ा बैठते थे। एक महाशय ने तो मेरी तैनाती उनके विभाग में होते ही एक करीबी पत्रकार के सामने ही अपना मत्था पीट लिया था और तुरन्त मुख्यमंत्री के पास दूसरे पसंदीदा सचिव की तैनाती के लिए चले गए थे। उनका परेशान होना स्वाभाविक था क्योंकि कुछ ही दिन पहले उनके धन संग्रहण में रत गैर-सरकारी चेले को लगभग एक झटके में साठ लाख लगभग का चूना लगा चुका था और वे लाख कोशिश के बाद भी उन अधिकारियों के ट्रांसफर नहीं करवा पाए जिनके मामले में तकनीकी अड़ंगा लगा दिया था। अब यदि राजनीति में हुड़का पर लिखूंगा तो सोच रहा हूं कि न जाने कितने महानुभाव रुष्ट हो जाएंगे। तब तक आप हुड़के के इतिहास और यह कब, किसे और क्यों थमाया जाता है के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह एक पहाड़ी वाद्ययंत्र है और आपने देखा होगा कि दूरदर्शन में जब सारे वाद्ययंत्र अपने सुर बिखेर रहे होते हैं उस समय यह अचानक डम डम ढम ढम से अपने उपस्थिति दर्ज कराने में कुशल होता है और दोनों तरफ से बजाया जाता जाता है लेकिन ढोलकी की तरह दोनों हाथ से नहीं वरन् एक ही हाथ से, क्योंकि एक हाथ से तो इसे पकड़ कर रखना पड़ता है।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

एक नजर

279 रैंक प्राप्त कर सौमिल ने नाम किया रोशन

हसनपुर, अमृत विचार : मोहल्ला महल निवासी कृष्ण कुमार अग्रवाल के बड़े पुत्र राहुल अग्रवाल दिल्ली में सर्विस करते हैं। उनके पुत्र सौमिल अग्रवाल ने नीट की परीक्षा में प्रतिभाग किया था। उन्होंने नीट में 279 रैंक हासिल की है। सौमिल अग्रवाल के दादा कृष्ण कुमार अग्रवाल पोते की कामयाबी पर खुश हैं ।

हाईवे पर सड़क हादसों में सात कांवड़िये घायल

गजरौला, अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर अलग-अलग हादसों में सात कांवड़िये घायल हो गए। कांवड़ियों की बाइकें आपस में टकराने पर हादसे हुए। रविवार रात हाईवे पर बाइकों से जल भरने बृजघाट जाने वाले व वहां से लौटने वाले कांवड़ियों की भीड़ बढ़ गई थी। कांवड़यात्रा में शामिल युवाओं ने बाइकों से स्टंट भी किए। इस दौरान हाईवे पर कई जगह हादसे हुए। जिसमें डिडौली के सिरसा गांव निवासी विजयपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, वैभव कुमार, मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के लालबाग निवासी रौनक कुमार व लोकेश कुमार के अलावा मझौला निवासी शैंकी व आर्यन घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

बस की टक्कर से युवक की मौत, भांजा घायल

रुस्तमपुर खादर गांव के निकट हुई दुर्घटना, सूचना देने के एक घंटे बाद पहुंची पुलिस और एंबुलेंस

संवाददाता, हसनपुर/बुरावली

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में अलीगढ़ मार्ग पर रुस्तमपुर खादर गांव के निकट रविवार रात बाइक सवार युवकों को सामने से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि युवक का भांजा मामूली रूप से घायल हो गया। इससे नाराज ग्रामीणों ने मार्ग को जाम कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और रोडवेज बस को कब्जे में लिया।

रविवार रात जनपद संभल के गांव जहानपुर (गवां) निवासी 30 वर्षीय सोमवीर अपने भांजे किशनपाल के साथ बाइक से गजरौला आ रहा था। इस दौरान जैसे ही उसकी बाइक अलीगढ़ मार्ग पर रुस्तमपुर खादर गांव के निकट पहुंची तो हसनपुर की दिशा से आ रही रामपुर डिपो रोडवेज बस ने उसकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर से 30 वर्षीय सोमवीर सड़क पर दूर जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर राहगीरों एवं ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद कोतवाली पुलिस एवं 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई थी। लेकिन करीब एक घंटे के बाद पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक घायल सोमवीर ने दम तोड़ दिया। इससे नाराज ग्रामीणों ने मार्ग पर जाम लगा दिया। इस दौरान ग्रामीणों की पुलिस से नोकझोंक हुई। जब पुलिस मृतक के शव को ले जाने लगी तो मृतक का भांजा एंबुलेंस के आगे लेट गया। पुलिस ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन उसने किसी की बात नहीं मानी। इसके बाद पुलिस ने फोन से मृतक के परिजनों से उसकी बात कराई। इसके बाद वह एंबुलेंस के आगे से हट गया। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तब तक रोते-बिलखते परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। मृत युवक मेरठ में गोलगप्पे बनाने का काम करता था। वह घर से मेरठ जाने के लिए निकला था और अपने भांजे से बाइक से गजरौला छोड़ने की बात कही थी। गजरौला जाते समय हादसा हो गया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई होगी।

मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण। ● अमृत विचार

अज्ञात वाहन की टक्कर से फैक्ट्रीकर्मी घायल

डिडौली, अमृत विचार : हाईवे पर स्कूटी सवार फैक्ट्रीकर्मी को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह बुरी तरह से घायल हो गया और स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को एंबुलेंस से जोया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर टीएमयू को रेफर कर दिया। हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र के अमहेड़ा की ज्यारत के पास नेशनल हाईवे पर हुआ। मनोज पुत्र प्रेमपाल सिंह(45) निवासी बरखेड़ा राजपूत थाना डिडौली सोमवरा सुबह नौ बजे के करीब बुढ़नपुर स्थित एसी ब्रदर फैक्ट्री में स्कूटी से ड्यूटी को जा रहा था। रास्ते में अमहेड़ा की ज्यारत के पास पीछे से अज्ञात वाहन चालक ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर से मनोज का हाथ और टांग टूट गई। उसके सिर में भी चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसको जोया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजा। जहां से चिकित्सकों ने उसे टीएमयू हायर सेंटर रेफर कर दिया।

डिवाइडर पर चढ़ी बाइक, दो लोग घायल

डिडौली, अमृत विचार : कोतवाली डिडौली क्षेत्र में ढकिया चमन गांव के पास बाइक सवार दो युवक डिवाइडर से टकरा कर घायल हो गए। दोनों घायलों को जोया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सोमवार को गजरौला के मोहल्ला धनपुरी के निवासी लाल बहादुर पुत्र होराम सिंह और उसका छोटा भाई वीरेंद्र सिंह अपनी बाइक से आईएफटीएम में ड्यूटी करने जा रहे थे। रास्ते में ढकिया चमन गांव के पास उनकी बाइक डिवाइडर से टकराई और दोनों भाई गिरकर घायल हो गए। दोनों का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

सार संक्षेप

बैठक को संबोधित करते नगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल। ● अमृत विचार

व्यापारी वर्ग ही देश की रीढ़ : रमेश कलाल

हसनपुर, अमृत विचार : व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की बैठक में जिला अध्यक्ष रमेश कलाल ने कहा कि व्यापारी वर्ग देश की रीढ़ है। क्योंकि व्यापारी वर्ग सबसे अधिक टैक्स देता है जिसके कारण देश में विकास के कार्य होते हैं। रहरा बस स्टैंड के निकट व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के नगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर व्यापारियों की एक बैठक हुई। बैठक को संगठन के जिला अध्यक्ष रमेश कलाल ने संबोधित किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारी वर्ग सबसे अधिक टैक्स सरकार को जमा करता है इसलिए वह देश की रीढ़ कहलाता है। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन व्यापारी के साथ हर दुख सुख में साथ खड़ा है। जल्द ही सदस्य अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी पदाधिकारी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अधिक से अधिक संगठन के सदस्य बनाएं। बैठक में विक्रांत शर्मा, संजय सहदेव, तिलकराज चौहान, विकास, आयुष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

जंगल में भरे बाढ़ के पानी से किसान परेशान

मुबारिजपुर, अमृत विचार : हरिद्वार व बिजनौर बैराज से गंगा नदी में लगातार छोड़ा जा रहा पानी मैदानी इलाकों और जंगल में घुस गया है। जिससे हजारों बीघा फसलें जलमग्न हो गई हैं। ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के सलारा, मुबारिजपुर, जीवपुर, खाजेपुर, मरौरा, मलकपुर, काई मुस्तकम, मिर्जापु, सिरसा मंगटा, पौरारा, बिहारीपुर, विरामपुर, जल्लोपुर, देहरी गुर्जर सहित अन्य गांवों तटबंध के जंगल में पानी बढ़ने से लोग चिंतित हैं। लोगों ने बताया कि प्रति घंटा एक सेमी गंगा का पानी बढ़ रहा है। किसान पानी बढ़ने से पशुओं का चारा नहीं पा रहे हैं।

बकायेदारों से बिजली विभाग ने वसूले 12 लाख रुपये

अमरोहा, अमृत विचार : बिजली विभाग ने बड़े बकायेदारों के खिलाफ चलाये अभियान में 12 लाख रुपये की वसूली की और 10 से अधिक बिजली उपभोक्तओं के कनेक्शन काट दिए। सोमवार को विद्युत विभाग के एसडीओ जीडी प्रजापति ने बताया कि नगर में बड़े बकायेदारों से वसूली के लिए अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान बिजली विभाग की टीम ने 12 लाख रुपये की वसूली की है। उन्होंने बताया कि टीम ने कार्रवाई करते हुए एक दर्जन करीब उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। इस कार्रवाई से बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं में खलबली मच गई। बिजली विभाग की टीम ने सुबह ही नगर के मोहल्ला कुरैशी, बड़ा बाजार, जामा मस्जिद क्षेत्र में अभियान को चलाया गया था। उन्होंने बताया कि 50 हजार से अधिक वाले बकायेदारों को कार्रवाई से पहले नोटिस जारी कर दिया गया था। लेकिन इसके बाद भी उन्होंने बकाया बिल को जमा नहीं किया था। अंत में विभाग को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ी।

दो भाइयों ने कार में की तोड़फोड़, महिला को पीटा

अमरोहा, अमृत विचार : नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में खनन करके भूखंड में मिट्टी डाल रहे सगे भाइयों ने सड़क किनारे खड़ी कार में तोड़फोड़ कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट कर महिला को घायल कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नौगांवा कस्बा के मोहल्ला फखरपुरा में जावेद का परिवार रहता है। उसका आरोप है कि मोहल्ला शाहफरीद निवासी कासिम के भूखंड पर 10-12 ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी डाली जा रही थी। आरोपियों ने बिना किसी कारण सड़क किनारे खड़ी कार में तोड़फोड़ करके उसको पलट दिया। इसका विरोध जावेद की पत्नी ने किया तो फहीम और जुनैद ने घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। शोर मचने पर परिवार के लोगों ने हमलवरों को पकड़ने का प्रयास किया तो वह भाग गए। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में दो आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लेखपालों ने की स्थानांतरण की मांग

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : गांव नगलिया मेव में लेखपाल को बंधक बनाकर हुई मारपीट की घटना में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर लेखपाल संघ में रोष व्याप्त है। नाराज लेखपालों ने लेखपाल संघ के माध्यम से जिलाधिकारी को पत्र भेजकर सामूहिक स्थानांतरण की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी धनौरा तहसील क्षेत्र में राजनीतिक दबाव के कारण लेखपाल धनौरा तहसील क्षेत्र में कार्य करने में असमर्थ हैं।

लेखपाल संघ के अध्यक्ष विकास यादव ने बताया कि नौ दिन पहले गांव नगलिया मेव में लेखपाल तरेश राणा को बंधक बनाकर मारपीट की गई। लेखपाल की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज हुई लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। बल्कि राजनीतिक दबाव के कारण लेखपाल को ही निलंबित कर दिया गया। जिससे साफ जाहिर है कि राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण भूमाफिया को संरक्षण दिया जा रहा है। जिससे लेखपालों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करने में भी अड़चन आ रही है। वहीं, लेखपाल संघ का आरोप है कि मंडी धनौरा तहसील क्षेत्र में लेखपालों का निष्पक्ष कार्य करना कठिन है। जिसके चलते लेखपालों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर मांग की है कि उनका स्थानांतरण कर दिया जाए। मांग पत्र पर विकास यादव, सचिन कुमार, अनुज कुमार, दिनेश कुमार, रोहित यादव, मुजम्मिल खान, अंशु चौधरी, ललित कुमार, अनु सैनी, गुंजन रानी, नूतन, सनी कुमार, सुमित यादव, योगेश कुमार, मोहित चौधरी, विशाल सागर, अयूब अली, प्रमोद कुमार, सोनू, कविता, धनराज आदि के हस्ताक्षर थे।

एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे लेखपाल व संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● लेखपालों ने स्थानांतरण के लिए डीएम को भेजा पत्र

परिवहन निगम को आठ लाख का हुआ नुकसान

अमरोहा, अमृत विचार : कांवड यात्रा को लेकर प्रशासन ने नेशनल हाइवे और नौगांवा मार्ग पर रविवार एवं सोमवार को यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। रोडवेज बसों को मार्ग बदलकर चलाया गया। इससे परिवहन निगम को दो दिन में आठ लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

एआरएम मोहम्मद शफी ने बताया कि रोडवेज बसों का संचालन ठप रहने एवं बसों को मार्ग बदलकर चलाने से निगम को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार और सोमवार को पूरी तरह से यातायात को बंद कर करने से रोडवेज की बसों का संचालन ठप सा हो गया। जबकि कुछ बसों को मार्ग बदल कर चलाया गया। लेकिन बसों को सवारियां न मिलने के कारण खाली बसें मार्ग पर दौड़ती रही। उन्होंने कहा कि दो दिन में परिवहन निगम को आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। मंगलवार से रोडवेज की बसों को पुराने मार्ग से चलाया जायेगा।

बीडीओ को ज्ञापन सौंपते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

भुगतान न होने पर रोजगार सेवकों ने दिया ज्ञापन

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : सोमवार को ब्लॉक परिसर में ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष समिति के ब्लॉक अध्यक्ष चीनू सागर के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में रोजगार सेवकों ने भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन खंड विकास अधिकारी विजय सक्सेना को सौंपा।

रोजगार सेवकों ने मनरेगा मैटेरियल का भुगतान समय से न होने पर रोष व्यक्त किया। रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष चीनू सागर ने रोजगार सेवकों के साथ खंड विकास अधिकारी विजय सक्सेना से वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायतों में हुए मनरेगा आदि कार्यों का भुगतान किए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में कुबेर सिंह, मधाता सैनी, अमित सिंह, मोहित त्यागी, सुरेंद्र सिंह, दीपचंद सिंह, मान सिंह, मनोज कुमार रोजगार सेवक मौजूद रहे।

बाइक से गिरे बच्चे की ट्रक की चपेट में आने से मौत

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : थाना क्षेत्र में सोमवार शाम कुंदरकी-जलालपुर मार्ग पर चलती बाइक से गिरा बच्चा ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

पता चला है कि मुरादाबाद के जाहिद नगर करुला निवासी रसीद पुत्र दानिश अपने तीन वर्षीय बेटे मोहम्मद राजा को बाइक पर लेकर सैफनी की ओर से अपने घर मुरादाबाद को वापस जा रहा था। थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर खास में बाइक किसी कारण से फिसल गई। जिसके चलते बेटा मोहम्मद राजा और वह स्वयं सड़क पर गिर गए। तभी पीछे से आ ट्रक की चपेट में उसका बेटा आ गया। जिसके चलते उसके बेटे मोहम्मद राजा की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मृत बच्चे के पिता ने किसी भी कार्रवाई से इनकार कर दिया। पंचनामा भरने के बाद शव को मृतक के पिता को सौंप दिया गया। वहीं बच्चों की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया और सभी का रोते-रोते बुरा हाल हो गया।

कांवड़ खंडित होने पर कांवड़ियों ने किया हंगामा

गजरौला, अमृत विचार : अनूपशहर के मलकपुर गांव से कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार गया था। वह सोमवार रात जल भरकर वापस लौट रहे थे। गजरौला-हसनपुर मार्ग पर गलत दिशा से आ रही एक बाइक कांवड़ियों के जत्थे में घुस गई। जिसमें रोहित, विनोद व सागर घायल हो गए। उनके साथी कांवड़ियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। कांवड़ियों का आरोप था कि बाइक की टक्कर से कांवड़ खंडित हो गई है। गजरौला व हसनपुर थाने की पुलिस ने कांवड़ियों को शांत कराया। सीओ मंडी धनौरा व हसनपुर भी मौके पर पहुंच गए। कांवड़ियों को समझाकर कांवड़ की विधि विधान से पूजा कराई। जिसके बाद कांवड़िये रवाना हुए।

अपंजीकृत अस्पतालों का संचालन नहीं रुक रहा

संवाददाता, अमरोहा/रहरा

अमृत विचार : अपंजीकृत अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग मेहरबान है। जिले भर में कई अस्पताल बिना पंजीकरण के चल रहे हैं। वहीं, रहरा में भी कई झोलाछाप इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलकर मरीज की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

झोलाछापों के इलाज से आए दिन लोगों की मौतें हो रही हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस पर चुप्पी साधे हुए है। यदि रहरा की बात करें तो यहां दर्जन भर से अधिक अपंजीकृत अस्पताल हैं। इन अस्पताल संचालकों पर न तो बायोमेडिकल की एनओसी, फायर और न ही प्रदूषण की एनओसी है। अपंजीकृत अस्पतालों के संचालक आए दिन लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। इलाज के दौरान लोगों की मौतें हो रही हैं, लेकिन चिकित्साधिकारी चुप हैं।

महिला की मौत के बाद भी गांव पथरा में खुला झोलाछाप का क्लीनिक।

● अधिकारी अवैध अस्पतालों के संचालन की करते हैं अनदेखी

शिकायत के बाद क्षेत्र में कई अवैध अपंजीकृत अस्पताल सील भी हुए हैं। यदि ऐसा है तो मामले की जांच कर कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. सत्यपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमरोहा

सील होने के सप्ताह भर में खुल जाते हैं अस्पताल

रहरा, अमृत विचार : अपंजीकृत अस्पतालों में झोलाछापों के इलाज से कई लोगों की मौतें हो रही हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। कई अपंजीकृत अस्पताल तो ऐसे हैं जहां झोलाछाप द्वारा प्रसूताओं का ऑपरेशन तक कर दिया जाता है। कई बार ऑपरेशन के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी संबंधित अपंजीकृत अस्पताल को सील कर जाते हैं। लेकिन सप्ताह भर में ही अपंजीकृत अस्पतालों की ओटी की सील खुल जाती है।

झोलाछापों पर आशाएं मेहरबान

रहरा, अमृत विचार : यहां के अपंजीकृत अस्पतालों पर सीएचसी की आशाएं मेहरबान रहती हैं। जिससे यहां एक बड़ा खेल चल रहा है। रहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो महिला चिकित्सकों के साथ छह स्टाफ नर्स तथा 31 एएनएम की तैनाती है, लेकिन सीएचसी में तैनात आशाएं डिलीवरी के लिए आई महिलाओं को झोलाछापों से साठ गांठ कर अपंजीकृत अस्पतालों में ले जाती हैं।

महिला की मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग अनजान

रहरा, अमृत विचार : रविवार को झोलाछाप के इलाज से हुई महिला की मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग पूरे मामले से अनजान है। झोलाछाप पर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष है। ज्ञात हो कि रविवार सुबह गांव निवासी महिला सुंदर देवी को बुखार की शिकायत थी जिसके बाद वह गांव स्थित झोलाछाप मेडिकल संचालक से दवा लेकर आई थी जिसके बाद वह घर पहुंचते ही चक्कर खाकर गिर पड़ी और मौके पर उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के 24 घंटे बाद भी स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि पोस्टमार्टम में महिला की मौत का कारण बीमारी बताया गया है।

उपकेंद्र में काम करते विद्युत कर्मचारी। ● अमृत विचार

टाउन उपकेंद्र में 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित

संवाददाता, हसनपुर

● पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड से हो रही थी परेशानी

अमृत विचार : बिजली विभाग की टीम ने टेक्निकल इंजीनियरों की मौजूदगी में 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर बिजली घर में स्थापित किया गया।

सोमवार को टाउन के बिजली घर में अधिकारियों की देखरेख में कर्मचारी 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर को स्थापित करने के लिए जुट रहे। बिजली विभाग द्वारा पहले ही शहर की जनता को सूचित कर दिया था कि सुबह नौ बजे से लेकर रात्रि नौ बजे तक बिजली आपूर्ति को पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा। बिजली न मिल पाने के कारण लोगों के इनवर्टर बैटरी डाउन हो गये। टाउन के बिजली घर में पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा होने के कारण उपभोक्ताओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। जिसमें लो वोल्टेज की समस्या प्रमुख थी। साथ ही कुछ-कुछ देर में ट्रिपिंग होती रहती थी। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित होने के साथ ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी स्वयं समाधान हो जायेगा। अधिशासी अभियंता राजेश प्रताप ने बताया कि अब लोगों को निर्बाध बिजली मिलेगी।

तैयारी आज अमरोहा आएंगे आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत

चोटीपुरा कन्या गुरुकुल में तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत आज रजबपुर क्षेत्र के गांव चोटीपुरा स्थित दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में आयोजित कायक्रम में शामिल होंगे। संघ प्रमुख के आगमन की जानकारी मिलते ही प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है।

प्रशासन के अनुसार 30 जुलाई को सुबह 10 बजे आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत और संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली के कुलपति श्रीनिवास बरखेड़ी पहुंचेंगे। जहां पर कक्षा सात की 134 बेटियों संग उपनयन संस्कार के बाद दोनों अतिथि उनको आशीर्वाद देंगे। इसके बाद नूतन भवन का उद्घाटन और पौधरोपण करेंगे। दोपहर दो से शाम चार बजे तक संस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्याक्रम की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी हैं। संघ प्रमुख के आगमन की जानकारी के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार तिवारी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने महाविद्यालय में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और कालेज प्रशासन से कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली। संघ प्रमुख की सुरक्षा के लिए नोडल अधिकारी भी तैनात किया गया हैं। आरएसएस प्रमुख की अगुवाई के लिए एडीएम न्यायिक मायाशंकर यादव को नियुक्त किया गया है। महाविद्यालय में एडीएम वित्त सुरेन्द्र कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया हैं। दोनों ही अधिकारियों ने महाविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं।

कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते जिलाधिकारी राजेश त्यागी व अन्य अधिकरी।

महिला को मारपीट कर घर से निकाला

गजरौला, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

शहर के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी पूनम पाल की शादी मई 2022 में मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव सेरुवा निवासी दीपक पाल से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद ससुराल वालों ने दो लाख रुपये और कार की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को प्रताड़ित किया। पांच जुलाई को ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में आरोपी दीपक पाल, ससुर कमल सिंह, ननद रजनी समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

चोरी की झूठी सूचना देने पर आरोपी का चालान

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : घर से 45 लाख रुपये व जेवर चोरी होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की तो चोरी की सूचना झूठी निकली। घर में जेवरात व 18 लाख रुपये मिल गए। पुलिस ने मामले में झूठी सूचना देने वाले पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है।

सोमवार सुबह कुमराला गांव निवासी मोनू ने पुलिस को फोन करके सूचना दी थी कि उनके घर में 45 लाख रुपये नकदी समेत जेवरात चोरी हो गए हैं। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने संदूक खुलवाया तो उसके अंदर 18 लाख रुपये व जेवरात रखे मिल गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि चोरी का कोई मामला नहीं है। मोनू के पिता योगीराज ने जमीन बेची है, उसके 20 लाख रुपये घर में रखे थे। जिसमें कुछ रुपये खर्च हो गए। 18 लाख रुपये व जेवरात मोनू के घर से बरामद किए गए हैं। मोनू की पत्नी के मन में खोट था। जिससे चोरी की झूठी कहानी रची जा रही थी। घर में बिखरा सामान भी सबसे पहले मोनू की पत्नी ने देखा था। पुलिस ने मोनू पर रिपोर्ट दर्ज कर चालान किया है।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम SAYEEDA ALEEM KIDWAI से बदलकर SAYEEDA ALEEM QIDWAI रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। SAYEEDA ALEEM QIDWAI W/o SAIYED MOHAMMAD TAHIR R/o JIGAR COLONY मुरादाबाद।

सम्बन्ध-विच्छेद

मेरा पुत्र दानिश गलत संगत में पड़ गया है व आए दिन झगड़ा फसाद करता रहता है। जिस कारण मैंने दानिश से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों एवं किसी भी लेन-देन का दानिश स्वयं जिम्मेदार होगा। जमील पुत्र श्री चाँद निवासी ग्राम छितरिया जागीर थाना व तहसील टाण्डा जिला रामपुर (उ.प्र.)

सूचना

मैं रामचन्द्र अपनी चल-अचल सम्पत्ति होशोहवास में अपने गोद लिये पौत्र आशीष कुमार कम्बोज पुत्र हरभजन के नाम वसीयतनामा कर दिया है। मेरी सम्पत्ति वारिस आशीष होगा। मेरे पौत्र के अलावा परिवार के किसी भी सदस्य का कोई अधिकार नहीं होगा। रामचंद्र पुत्र मांगाराम, निकट फाजलपुर पुस्वाड़ा, तह. स्वार, रामपुर।

सम्बन्ध-विच्छेद

सूचित किया जाता है कि गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपने पुत्र शाजेब को अपनी चल व संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। अपने किसी भी फेले बेजा का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार से कोई लेना देना नहीं है। जरीफ अहमद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मोहल्ला बसावन गंज, अमरोहा।

एक नजर

बरेली कॉलेज में एमएड के 10 अगस्त तक होंगे प्रवेश

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में एमएड में सत्र 2024-26 में प्रवेश शुरू हो गए हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा शर्मा के मुताबिक रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परीक्षा में शामिल हुए या नहीं वह एमएड विभाग में प्रार्थना पत्र और सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर 10 अगस्त तक प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश के लिए छात्रों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता बीएड, इंटीग्रेटेड बीएड या बीएलएड उतीर्ण होना चाहिए।

पेटेंट प्रकाशित करने में रुविवि चौथे स्थान पर

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पिछले तीन साल में 92 पेटेंट प्रकाशित कर देश के विश्वविद्यालयों में चौथा स्थान प्राप्त किया है। एक ग्रुप के सर्वे में जुलाई में इसकी रैंकिंग जारी की। प्रकाशित पेटेंट विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कानून, साइबर कानून, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, व्यवसाय प्रबंधन, कृषि आदि संबंधित क्षेत्रों के हैं। विश्वविद्यालय के जो पेटेंट प्रकाशित हुए हैं उनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कानूनी निहितार्थों के बीच संबंध को समझने के लिए एक अध्ययन, ऑनलाइन स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में चुनौतियों से निपटने के लिए सर्वव्यापी कंप्यूटिंग का कार्यान्वयन, कृषि में जल प्रबंधन की वर्तमान चुनौतियों का प्रभावी ढंग से विश्लेषण करने के लिए एक अध्ययन, व्यापार पर कर कानूनों के प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण आदि हैं।

धामी ने किया 'वो 17 दिन' पुस्तक का विमोचन

देहरादून, अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन में 'वो 17 दिन' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों की कहानी पर आधारित है। सीएम धामी ने सिलक्यारा सुरंग को लेकर अनुभव साझा करते हुए कहा कि 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालना एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन से ही बचाव अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण हो पाया था। उन्होंने इस पुस्तक के लेखक राजीव रंजन सिंह को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सकारात्मकता और अनुभवों से भरी यह पुस्तक निश्चित ही पढ़ने योग्य है। इस दौरान भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष श्याम जाजू, पूर्व सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी आदि मौजूद रहे।

दुर्घटनाओं में छह कांवड़ियों की मौत

दो बाइकें भिड़ीं, चार की जान गई, कासगंज में वाहनों की चपेट में आकर दो कांवड़ियों ने दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, उझानी/कासगज

अमृत विचार : बदायूं में दो बाइकों की भिड़ंत में चार कांवड़ियों की जान चली गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कासगंज में दुर्घटनाओं में दो कांवड़ियों ने दम तोड़ दिया।

बदायूं के नेकपुर निवासी अंकित पुत्र नर सिंह जालंधरी सराय निवासी अपने दोस्त अनिल पुत्र हरनाम के साथ रविवार रात कछला गंगा घाट से जल लेकर बाइक से लौट रहे थे। उझानी के भूड़ वाली ज्यारत के पास उनकी बाइक की भिड़ंत दूसरे कांवड़ियों की बाइक से हो गई। अंकित, अनिल के अलावा दूसरी बाइक से आ रहे अलापुर के गांव केशवपुर निवासी अमरपाल, कुमित और अंकुर गंभीर घायल हो गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज में अंकित को मृत घोषित कर दिया जबकि अनिल ने रात में दम तोड़ दिया। अन्य तीनों को बरेली रेफर किया गया जहां अमरपाल और कुमित की भी मौत हो गई। अंकुर का इलाज चल रहा है। वहीं कासगंज में अग्रसेन द्वार के समीप पिकअप की टक्कर से मैनपुरी के कुरावली थाना क्षेत्र के सुजरई गांव निवासी पिंटू (21) पुत्र झम्मन की मौत हो गई। पिंटू साथियों के साथ लहरा गंगा घाट कांवड़ भरने जा रहा था। दूसरा हादसा सोरों कोतवाली क्षेत्र में हुआ। रविवार रात लहरा गंगा घाट कांवड़ भरने जा रहे मिरहची के गांव जिन्हेरा निवासी संजीव पुत्र सोवरन सिंह को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर चोटों से संजीव की भी मौत हो गई।

अमर पाल।

अनिल।

अंकित।

कुमित।

पिंटू।


संजीव।

ट्रक ने रौंदे दो कांवड़िया, मौत

आगरा, अमृत विचार : मध्य प्रदेश के शिवपुर के बैराड निवासी रविंद्र और जियानी साथियों के साथ सोरों से कांवड़ लेकर आ रहे थे। सैंया थाना क्षेत्र में हाईवे पर ट्रक ने रौंद दिया। दोनों कांवडियों की मौत हो गई। साथियों की मौत से गुस्साये कांवड़ियों ने हंगामा किया लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में कर लिया।

कांवड़ यात्रा के चलते फंसी रहीं रोडवेज की 36 बसें

हल्द्वानी, अमृत विचार : कांवड़ यात्रा के चलते उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों के संचालन में दिक्कतें आ रही हैं। उत्तर प्रदेश और दिल्ली रूट पर चलने वाली बसों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। कांवड़ यात्रा की वजह से लग रहे जाम में हल्द्वानी, काठगोदाम, बागेश्वर डिपो की करीब 36 बसें दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार और जयपुर में फंसी हैं। सावन माह में कांवड़ यात्रा की वजह से जगह-जगह जाम लग रहा है। करीब 36 से अधिक बसें जो दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, जयपुर को भेजी गई थीं वह जाम में फंसी हुईं हैं। बस चालकों का कहना है कि अमरोहा जिला प्रशासन पहले से कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं करता है। पुलिस और प्रशासन अपनी मर्जी से कहीं को भी बसें भेज देते हैं। चालक मजबूरी में बदले हुए मार्गों से बसों को ले जाते हैं। जाते समय कई बसों को गजरौला-गढ़गंगा होते हुए दिल्ली भेजा गया, लेकिन वापसी में रूट बदल गया। वापसी में बसों को दिल्ली, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बबराला, संभल, बिल्लारी, शाहाबाद, मिलक, केमरी, बिलासपुर होते हुए रुद्रपुर और हल्द्वानी भेजा गया। बसों ने करीब 100 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय की।

हार्ट अटैक से हुई थी मुख्य आरोपी की मौत

रुद्रपुर, अमृत विचार : 52.40 लाख गबन के मुख्य आरोपी की पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत की वजह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। रिपोर्ट के अनुसार मुख्य आरोपी की मौत हार्ट अटैक आने की वजह से हुई है।

17 जुलाई 2024 को आरएस कंपनी के स्वामी हरीश मुंजाल ने मुकदमा दर्ज कराया था कि फर्म का अनुबंध अशोक लीलेंड कंपनी से हुआ था। कार्यों का संचालन चेन्नई स्थित आरएस लॉजिस्टिक शाखा से शुरू हुआ। बताया कि महुलानी बर्डपुर नंबर तीन विर्दपुर सिद्धार्थनगर यूपी निवासी भास्कर प्रताप पांडेय लेनदेन का सारा कार्य देख रहे थे। आरोप था कि भास्कर ने साथियों के साथ मिलकर फर्जी रसीद बनाई और 52.40 लाख का रोड टैक्स चोरी कर गबन किया। उधर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने सोमवार को बताया कि 27 जुलाई को पुलिस टीम ने अयोध्या के आसपास इलाके से मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया था।

नेटवर्किंग कंपनी में लाखों कमाने का झांसा देकर 30 लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़ितों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की शिकायत

अमृत विचार : नेटवर्किंग कंपनी में लाखों रुपये कमाने का झांसा देकर ठगों न कई लोगों से 30 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ितों ने सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है।

थाना कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गार्डन निवासी आलोक रस्तोगी ने की शिकायत में बताया कि बिहार, बाराबंकी और लखनऊ के युवक एक नेटवर्किंग कंपनी का संचालन कर रहे हैं। वह सोशल मीडिया के माध्यम से कंपनी से जुड़े। कंपनी का ऑफिस अमेरिका में होना बताया गया था। आरोप है कि कंपनी से जुड़े लोगों ने कंपनी के 10 लेबल पार करने के बाद लाखों रुपये कमाने का झांसा दिया। जिसमें सभी को हर एक लेबल पर 12 लोगों को जोड़ना था। जिसका टारगेट एक लाख 88 हजार रुपये दिया गया था। आरोप है कि छह से अधिक लोगों से 30 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। ठगों ने मिलने वाले रुपयों को डॉलर के रूप में देने का वायदा किया था।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

पुलिसकर्मियों पर हमला निरीक्षक समेत दो घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शनिवार रात कार लूट मामले में संदिग्ध को पकड़ने गांव कुतुबपुर थरा गई थी टीम

अमृत विचार : थाना बिनावर क्षेत्र में मलगांव रेलवे क्रासिंग पर कार लूट के मामले में संदिग्धों को पकड़ने गई पुलिस की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। लाठी-डंडे चलाए और पथराव भी किया। हमलावरों में महिलाएं भी शामिल थीं।

घटना में थाना बिनावर के अपराध निरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। उनकी पिस्टल छीनने का प्रयास किया गया। बैकअप के लिए साथ गई टीम आगे बढ़ी तो हमलावर भाग निकले। पुलिस संदिग्ध को हिरासत में लेकर आई। अपराध निरीक्षक ने दो नामजद समेत 14 अज्ञात महिलाओं पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शनिवार रात हरियाणा के जिला कैथल के थाना भुल्ला क्षेत्र के गांव अजीमगढ़ निवासी तनवीर ने पुलिस को सूचना दी थी कि शनिवार देर शाम बदमाशों ने मलगांव रेलवे क्रासिंग के पास उनकी कार लूट ली। सूचना पर थाना बिनावर पुलिस और एसओजी भी आ गई। तनवीर को साथ ले जाकर बदमाशों की तलाश की।

पुलिस को जानकारी मिली कि गांव कुतुबपुर थरा में आकिल नाम का संदिग्ध व्यक्ति है। बिनावर थाने की पुलिस आकिल को पकड़ने के लिए गांव कुतुबपुरा थरा गई। आकिल के बारे में जानकारी करके उसे पूछताछ के लिए बुलाया। इसी दौरान मुख्तियार व 10-12 महिलाओं ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया।

टेस्ट में पास होने पर ही बच्चों का धर्म परिवर्तन कराता था पादरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सप्ताह में दो दिन लेता था बच्चों का टेस्ट

अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र के परवाना नगर में पैसों का लालच देकर बच्चों का धर्म परिवर्तन कराया जाता था। पादरी बच्चों को किताबें पढ़ने के लिए देता था और उसके बाद सप्ताह में दो बार टेस्ट लेता था। टेस्ट में पास होने के बाद ही बच्चे का धर्म परिवर्तन कराता था। पुलिस ने सोमवार को पादरी समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मंडल विहार निवासी गुलशन बहादुर ने रविवार को परवाना नगर में हिंदू बच्चों को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने मौके से धार्मिक पुस्तकें बरामद की थीं और आरोपी पादरी प्रेम जोनल, विनोद और नितिन को गिरफ्तार किया था। पुलिस जांच में आया कि गरीब बच्चों को पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जाता था। आरोपी बच्चों को सप्ताह में अपने धर्म से जुड़ी दो किताबें देकर पढ़ने को कहते थे। उसके बाद सप्ताह में दो बार टेस्ट लेते थे। टेस्ट में पास होने वाले बच्चों का धर्म परिवर्तन कराया जाता था। आरोप है कि एक दर्जन से अधिक बच्चों का ये लोग धर्म परिवर्तन करा चुके हैं।

> तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अभी तक कितने लोगों का धर्म परिवर्तन कराया है, इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद मुकदमे में और भी धाराएं जोड़ी जाएंगी।
>
> -राधेश्याम, थाना प्रभारी इज्जतनगर

25 मिनट में टेस्ट में कुछ पूछे गए सवाल

पुलिस को बच्चों के टेस्ट से जुड़े कुछ कागज मिले हैं। पुलिस के मुताबिक बच्चों का 25 मिनट का टेस्ट लिया जाता था। प्रश्नपत्र में राजाओं को कितने भागों में बांटा गया है, इजरायली, मिस्र, कनानी राजाओं के इतिहास के बारे में पूछा गया था। उसके बाद दूसरे इतिहास में किस राजा का शासन कब तक रहा इसके बारे में पूछा गया। राजा दाऊद, राजा सुलैमान, राजा शाऊल, राजा यहूदा के बारे में भी पूछा गया। उसके बाद पूछा गया है कि भजन संहिता किसकी पुस्तक है। इसके अलावा अन्य सवाल पूछे गए हैं। गुलशन कुमार ने बताया कि पादरी बच्चों को एक किताब देता था। उसका उच्चारण कराकर बच्चों का धर्म परिवर्तन कराता था।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

गाड़ियां हटाने को लेकर मारपीट, कई घायल

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : धार्मिक अनुष्ठान में आए लोगों की गाड़ियों को हटाने को लेकर पड़ोसी से विवाद हो गया। पीड़ित ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया। इसमें पीड़ित के परिजन घायल हो गये। मामले में पुलिस ने तहरीर के अनुसार मामला दर्ज कर लिया है।

सूर्या चौकी पुलिस को दी तहरीर में ग्राम बसई निवासी तरसेम सिंह ने बताया कि बीती 22 जुलाई की दोपहर 2 बजे वह अपने घर पर धार्मिक अनुष्ठान कराने में व्यस्त था, पाठ में कुछ बाहर के लोग भी आये थे। जिन्होंने अपनी गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी की थीं। गाड़ियां खड़ी करने पर जब उसके पड़ोसी राजाराम ने विरोध किया, तो उन्होंने वहां रास्ते से सभी गाड़ियां हटवा दीं। इसके बावजूद राजाराम नहीं माना और गालियां देते हुए अपने परिचितों राम किशोर, हुकुम सिंह, कोमल, अनीता, ज्योति के साथ लाठी डंडे व धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। इसमें उसे व उसकी माता परमजीत कौर घायल हो गए। शोर शराबा होने पर गांव के लोगों ने एकत्र होकर बीच बचाव किया। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। आरोप है कि उसी रात जब वह अपने घर में सो रहा था, तभी अचानक सैंटी, हिमांशु, सोनू, राजाराम, रामकिशोर, हुकुम सिंह, ज्योति, कुसुम, अनीता सहित कुछ अन्य लोगों ने घर में घुसकर दोबारा मारपीट व गाली गलौज की। जिसमें उसके पिता बलकार सिंह व भाई हरजीत सिंह को गंभीर चोटें आयी है। पुलिस से अपनी व अपने परिवार की जान को खतरा बताते हुए पीड़ित ने तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर अनुसार मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जमानत पर रिहा होने के बाद किया युवती पर हमला

रुद्रपुर, अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप में युवती पर चाकुओं से हमला करने के प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता का कहना था कि आरोपी के खिलाफ गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी और वह जेल भी गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद आरोपी ने जानलेवा हमला किया था। थाना ट्रांजिट कैंप जनपथ रोड निवासी व्यक्ति ने बताया कि कुछ माह पहले उसकी बेटी घर से लापता हो गई थी। प्रकरण में पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर बेटी को आरोपी युवक विक्की मंडल निवासी पिपलिया कॉलोनी थाना गजरौला पीलीभीत के कब्जे से बरामद किया था और आरोपी को जेल भेज दिया था। आरोप था कि जमानत पर रिहा होने के बाद आरोपी लगातार मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा था। जब मुकदमा वापस नहीं लिया तो सोती हुई बेटी पर उसने साथियों के साथ मिलकर चाकुओं से हमला कर घायल कर दिया था।

पिता ने बेची जमीन मौत के बाद मुकरी बेटी

हल्द्वानी, अमृत विचार : एक व्यक्ति ने जिससे जमीन खरीदी, उसकी कुछ माह बाद मौत हो गई। जिसके बाद मृतक की बेटी ने जमीन देने से इंकार कर दिया। इस मामले में पुलिस ने डीजीपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूरनपुर नैनवाल लामाचौड़ निवासी दिनेश चन्द्र नैनवाल पुत्र स्व. रमेश चन्द्र नैनवाल ने डीजीपी को भेजे पत्र में लिखा कि उन्होंने बमौरी तल्ली बन्दोबस्ती में यहीं के रहने वाले सुरेश चन्द्र भट्ट पुत्र भैरव दत्त भट्ट, विजन्त कुमार, सिद्धार्थ कुमार से 30 बीघा जमीन का सौदा किया था। सौदा होने के 6 माह बाद विक्रेता सुरेश चन्द्र भट्ट की बहन विमला शर्मा ने उक्त भूमि पर स्टे लगा दिया। वर्ष 2019 में सुरेश चन्द्र भट्ट की मृत्यु के बाद उनकी बेटी नेहा भट्ट ने उन्हें उक्त भूमि में घुसने नहीं दिया। नेहा ने यह कह दिया कि उसके पिता सुरेश ने भूमि आपको नहीं बेची है।

लोको पायलट के पद आधे से भी कम करने पर भड़की नरमू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कम होने के बाद भी रिक्त पड़े हैं कई स्वीकृत पद रिक्त, जल्द भरने की मांग

अमृत विचार : मालगाड़ियों के लोको पायलट के स्वीकृत पद दूसरी बार घटा दिए गए हैं। अब उनकी संख्या पहले की तुलना में आधे से भी कम रह गई है, इसके बावजूद सारे स्वीकृत पदों को भरा नहीं गया है। सोमवार को नरमू ने जंक्शन की लोको लॉबी पर इसके खिलाफ प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि इसका सीधा असर आने वाले समय में ट्रेनों के संचालन पर पड़ेगा। लोको पायलटों को भी ज्यादा ड्यूटी करनी पड़ेगी।

नरमू के प्रदर्शन के दौरान शाखा सचिव राजेश दुबे ने कहा कि बरेली में पहले लोको पायलट(गुड्स) के 105 पद स्वीकृत थे जिन्हें घटाकर 50 कर दिया गया था। अब रविवार को नया आदेश जारी कर इनकी संख्या 45 कर दी गई है। इनमें भी पांच पद रिक्त पड़े हैं, सिर्फ 40 पदों पर तैनाती है। इसी तरह सहायक लोको पायलटों के 103 स्वीकृत पदों को भी घटाकर 92 कर दिया गया है लेकिन तैनाती सिर्फ 82 की है।

बरेली का रनिंग स्टाफ कासगंज, मैलानी, रोजा, हरदुआगंज, मुरादाबाद, सीतापुर में भी ड्यूटी कर रहा है। रेल प्रशासन को इसका ध्यान रखते हुए दूसरे शेडों में कार्यरत उन कर्मचारियों को बरेली में तैनात करना चाहिए जो ट्रांसफर के इच्छुक हैं।

देश में मुस्लिमों पर ज्यादती लेकिन यूपी के मुख्यमंत्री बढ़िया : तौकीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कांवड़ यात्रा के लिए कर देते हैं रास्ते बंद लेकिन पांच मिनट की अजान से होती है दिक्कत

अमृत विचार : आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने मुसलमानों पर ज्यादती का आरोप लगाया है। एक बयान में मौलाना ने कहा है कि कांवड़ यात्रा के लिए महीने भर के लिए रास्ते बंद कर पूरी व्यवस्था बदल दी जाती है लेकिन मुसलमानों की पांच मिनट की अजान और 10 मिनट की नमाज से तकलीफ हो जाती है। दिलचस्प यह है कि इसी बयान में तौकीर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए उन्हें राजधर्म का पालन करने वाला भी बताया है।

सोशल मीडिया पर वायरल इस बयान में आईएमसी प्रमुख ने कहा है कि उन्हें इस बात से कोई दिक्कत नहीं कि कांवड़ यात्रियों को सुविधा दी जा रही है, दिक्कत यह है कि हमारे ऊपर पाबंदियां लगाई जा रही हैं। हम कोई नई परंपरा नहीं डालते लेकिन दूसरे लोग नई परंपरा को हवा देते हैं। हिंदू तुष्टीकरण के नाम पर धार्मिक कार्यों पर सरकारी पैसा खर्च किया जा रहा है, इसका विरोध हिंदुओं को भी करना चाहिए। राम मंदिर का निर्माण भी चंदे का पैसा खुर्दबुर्द कर सरकारी पैसे से कराया गया।

इसी बयान में तौकीर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की है। कहा है कि कुछ बातों को छोड़ दें तो मुख्यमंत्री राज धर्म का पालन कर रहे हैं। हालांकि उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि वह हिंदुओं के ही नहीं, हर तबके के मुख्यमंत्री हैं। दुकानों पर नेम प्लेट लगाने के आदेश पर तौकीर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी, लेकिन वह देखना चाहते हैं कि कितने मुसलमान इसके बाद भी नेम प्लेट लगा रहे हैं।

स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स करेगी बाघों की सुरक्षा

देहरादून, अमृत विचार : उत्तराखंड में बाघों की सुरक्षा अब स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स (विशेष बाघ सुरक्षा बल) करेगी। वन विभाग ने इस स्पेशल फोर्स के गठन की कार्रवाई शुरू कर दी है। जल्द ही यह फोर्स उत्तराखंड के जंगलों में वनराज की सुरक्षा करती दिखाई देगी।

प्रमुख वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक डॉ. समीर सिन्हा ने बताया कि वन्यजीव सलाहकार बोर्ड की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स बनाने के निर्देश दिए थे जिस पर फोर्स के गठन की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वन विभाग ने इस स्पेशल फोर्स के लिए 84 पद स्वीकृत किए हैं, जिनमें 3 पद प्रतिनियुक्ति पर होंगे और शेष 81 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए अध्याचन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेज दिया गया है। इस फोर्स में 22 महिलाएं एवं 4 पूर्व सैनिकों की भी भर्ती की जाएगी।

इलेक्ट्रीशियन निकला पचास लाख की चोरी का साजिशकर्ता

संवाददाता, रुद्रपुर

- पुलिस ने दबोचे तीन आरोपी, माल हुआ बरामद

अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में ज्वैलरी शोरूम में हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने इलेक्ट्रीशियन सहित तीन आरोपियों को पकड़ लिया है और निशानदेही पर चोरी हुए जेवरात भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

सोमवार को खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके और सीओ निहारिका तोमर ने बताया कि 27 जुलाई को तड़के फुलसुंगा मार्ग वनखंडी फेस एक कॉलोनी में अल्मोड़ा पहाड़ी सुनार ज्वैलरी शोरूम में लाखों की चोरी होने की सूचना मिली थी। प्रकरण में शोरूम संचालक प्रांजल रस्तोगी ने जेवरात का विवरण देते हुए 50 लाख से अधिक की चोरी होने का अनुमान लगाया था। सूचना मिलते ही पुलिस ने फॉरेंसिक व मैनुअल पूछताछ के आधार पर 24 घंटे में शोरूम में काम कर रहे इलेक्ट्रीशियन मोहित पाल निवासी स्वास्तिक इन्कलेव फुलसुंगा को गिरफ्तार कर लिया।

इसके अलावा आकाश सागर निवासी ग्राम भगवानपुर तिवारी थाना रामपुर कारखाना देवरिया यूपी व हाल निवासी फुलसुंगा ट्रांजिट कैंप और सूरज कश्यप निवासी पुरैनियां तला मिलक रामपुर व हाल निवासी रुद्राक्ष कॉलोनी ट्रांजिट कैंप को भी गिरफ्तार कर लिया। साथ ही और उनकी निशानदेही पर लकड़ी की टाल के समीप छिपाए गए 50 लाख के जेवरात भी बरामद कर लिए हैं।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रामपुर

पत्रांक- सी०एम०ओ० / वाक इन इन्टरव्यू / संविदा/2024-25/7666 दिनांक-29.07.2024

:- वाक इन इन्टरव्यू सूचना-:

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ०प्र० लखनऊ के पत्र सं0-179/ एस०पी०एम०यू० / एन०एच०एम०/ डिस्ट्रिक्ट वाक-इन/2023-24/4150 दिनांक 18.08.2023 के क्रम में जनपद रामपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ०प्र० में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत रिक्त पदो (संविदा) चिकित्सकों (एम०बी०बी०एस०) की नियुक्ति वाक-इन इन्टरव्यू के माध्यम से की जानी है जिसका विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र० सं०	कार्यक्रम का नाम	पदनाम	अर्ह शैक्षिक योग्यता	वाछित अनुभव (यदि आवश्यक हो)	रिक्त पदों की संख्या (आरक्षण सहित)	रिक्त पद के सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रू० प्रति माह)
1.	मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम	महिला चिकित्सा अधिकारी	एम०बी०बी०एस० एवं एम०सी०आई० / यू०पी० मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण	—	1 एस०सी०-1	65000 तैनाती के अनुसार
2.	एन०यू०एच०एम०	चिकित्सा अधिकारी	एम०बी०बी०एस० एवं एम०सी०आई०/ यू०पी० मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण	—	1 एस०सी०-1	80000+20000 मानदेय+पीबीआई
3.	यू०एच०डब्लू०सी०	चिकित्सा अधिकारी	एम०बी०बी०एस० एवं एम०सी०आई०/ यू०पी० मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण	—	3 एस०सी०-3	80000+20000 मानदेय+पीबीआई
4.	ब्लड बैंक	चिकित्सा अधिकारी	एम०बी०बी०एस० एवं एम०सी०आई०/ यू०पी० मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण	01 वर्ष का ब्लड बैंक में अनुभव	1 अना०-1	60000
5.	टैलीमेडिसिन	चिकित्सा अधिकारी	एम०बी०बी०एस० एवं एम०सी०आई०/ यू०पी० मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण	—	1 एस०सी०-1	100000

आवेदन हेतु निर्देशः-

1. उपरोक्त समस्त पदों पर वॉक-इन इन्टरव्यू के द्वारा चयन किया जायेगा जिस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी बिन्दु सं0-2 में वर्णित समस्त अभिलेखों की छाया प्रति दिनांक 14.08.2024 तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रामपुर कक्ष सं0-5 में जमा कर सकते हैं तथा साक्षात्कार हेतु दिनांक 16.08.2024 को प्रातः 10:00 बजे विकास भवन सिविल लाइन रामपुर में उपस्थित हों।
2. इच्छुक अभ्यर्थी वाक-इन इन्टरव्यू के समय नवीनतम बायोडाटा समस्त वाछित मूल अभिलेख, पंजीकरण, 2 नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण पत्रों की स्वंयप्रमाणित प्रतियों का एक सेट के साथ साक्षात्कार प्रतिभाग कर सकते हैं।
3. यह पद पूर्णताः नियत मानदेय पर संविदा शर्तों के अधीन हैं तथा इस पर स्थाईकरण का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
4. उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार के अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
5. कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर चयनित अभ्यर्थी की संविदा समाप्त की जा सकती है।
6. साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नही होगा।
7. इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
रामपुर।

सपा ने पीडीए को किया गुमराहः माया

लखनऊ, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक को गुमराह किया है। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में संविधान बचाने के नाम पर पीडीए को गुमराह कर उनका वोट ले लिया पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाने में उनकी उपेक्षा की गई। यह सोचने योग्य बात है। उन्होंने कहा, सपा में एक जाति विशेष को छोड़कर बाकी पीडीए के लिए कोई जगह नहीं है। ब्राह्मण समाज की तो कतई नहीं, क्योंकि सपा व भाजपा सरकार में जो इनका उत्पीड़न व उपेक्षा हुई वह छिपा नहीं है। वास्तव में इनका विकास व उत्थान केवल बसपा सरकार में ही हुआ है। इसलिए इन लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

सदन में गूंजा बिजली कटौती का मुद्दा, नोकझोंक

सपा विधायकों ने बिजली के मुद्दे पर विस में सरकार को घेरा, कहा-किसान बेहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नेता प्रतिपक्ष ने पूछा, प्रदेश में बिजली का उत्पादन कम हो गया या केंद्र से बिजली कम मिल रही

अमृत विचार : विधानसभा में सोमवार को मानसून सत्र के पहले दिन बिजली कटौती को लेकर सरकार पर जमकर हमले हुए। गलत बिल, उत्पीड़न और सिंचाई के लिए बिजली न मिलने के साथ विभाग के विजिलेंस को लेकर सदन में सरकार से तीखे सवाल पूछे गए। इस दौरान नारेबाजी और नोकझोंक भी हुई।

विधानसभा के मानसून सत्र में सपा विधायकों ने बिजली का मुद्दा उठाते हुए सदन में जमकर नारेबाजी भी की। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सरकार के सामने बिजली समस्या का मुद्दा उठाते हुए सवाल पूछा कि कि प्रदेश में बिजली का उत्पादन कम हो गया है या फिर केंद्र से बिजली कम मिल रही है। सपा विधायक आरके वर्मा ने सदन में कहा कि सरकार ने ग्रामीण मुख्यालय में बेहतर बिजली देने का वादा किया था, लेकिन महज 6 से 8 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। वहीं, जिला मुख्यालय में 10 से 12 घंटे तक बिजली की आपूर्ति हो रही है। बिजली कटौती की वजह से आज किसान बेहाल है। किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहा है। उन्होंने सदन में कहा कि जब दूल्हा दुल्हन को वरमाला डालने जाता है तो बिजली गुल हो जाती है। बच्चे पढ़ने बैठते हैं तो बिजली गुल हो जाती है।

बिजली कटौती होने की वजह से अस्पतालों में महंगी मशीने काम नहीं कर पा रही हैं। सपा विधायक आरके सिंह ने कहा कि बिजली विभाग के लोग रात में ही छापा मार कर वसूली कर रहे हैं।

बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त-आराधना मिश्रा

लखनऊ, अमृत विचार : कांग्रेस ने विधानसभा में सोमवार को विधवा पेंशन बढ़ाने, बिजली कटौती, किसानों की सिंचाई समस्या समेत विभिन्न मुददे उठाये। नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि बिजली कटौती के कारण प्रदेश के लोग त्रस्त हो रहे हैं। किसान फसल की समय से बुवाई व सिचाई नहीं कर पा रहे हैं। निर्बाध बिजली आपूर्ति का सरकार का दावा पूरी तरीके से झूठ का पुलिंदा है। बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सरकार के पिछले कार्यकाल में बिजली उत्पादन बढ़ाने पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया। इसका दुष्परिणाम यह है कि प्रदेश में भीषण गर्मी के दिनों में भीषण कटौती से प्रदेशवासी परेशान रहे। जब सबसे ज्यादा बिजली की जरूरत थी तब ऊंचाहार, ओबरा और ललितपुर बिजलीघर बाधित रहे। प्रदेश के बिजलीघरों में पांच हजार मेगावाट उत्पादन ही हो पा रहा है, जबकि जरूरत 30 हजार मेगावाट तक है। उन्होंने विधवा पेंशन बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह करने की मांग की।

सबसे ज्यादा बिजली आपूर्ति वाला राज्य है उप्रः शर्मा

लखनऊ, अमृत विचार : विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्ष पर प्रहार भी किया। कहा कि बिजली की बदहाली के पीछे पिछली सरकारों की ओर से बोए बबूल के कांटे हैं। बलिया में पैसे लेकर कार्य करने वालों को सस्पेंड करने का जिक्र करते हुए सपा नेताओं पर तंज भी कसा। बताया कि अबत की सर्वाधिक 30,618 मेगावॉट की बिजली की आपूर्ति प्रदेश में हो रही है। यह सपा सरकार के समय से ढाई गुना है। उप्र देश में किसानों को सबसे ज्यादा बिजली देने वाला प्रदेश बन चुका है।

महिला के साथ अमानवीय व्यवहार पर 17 लोगों को जेल

प्रतापगढ़, एजेंसी : जिले के हथिगवां क्षेत्र में पंचायत के तुगलकी फरमान पर महिला के चेहरे पर कालिख पोतने, बाल काटने और पेड़ से बांधने का मामले में पुलिस ने अमानवीय व्यवहार में शामिल प्रधान प्रतिनिधि अनुज मिश्र समेत 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर 25 नामजद और 25 अज्ञात पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। महिला को छुड़ाने गई पुलिस से मारपीट करने का भी केस दर्ज हुआ है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी ने घटना की निंदा की है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाहित महिला का इसी गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला के जेठ ने युवक के साथ महिला को पकड़ा था। महिला के खिलाफ कल रविवार को गांव में पंचायत बुलाई गई थी।

सीतापुरः समय पर वेंटीलेटर न मिलने से गई मरीज की जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ट्रामा सेंटर में डेढ़ घंटे रोकने के बाद दी गई वेंटीलेटर खाली न होने की जानकारी

अमृत विचार : लिवर की गंभीर बीमारी से ग्रस्त सीतापुर जिले के अधेड़ को समय से वेंटीलेटर नहीं मिला, जिससे उसकी जान चली गई। विवेकानंद अस्पताल से रेफर मरीज को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में डेढ़ घंटे इंतजार कराया गया। इसके बाद वेंटिलेटर खाली न होने की जानकारी देकर बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचते-पहुंचते काफी देर हो गई। पत्नी ने केजीएमयू के डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

सीतापुर जिले के सिधौली के पैसिया गांव निवासी मोतीलाल (45) क्रॉनिक लिवर डिजिज से ग्रस्त थे। हालत गंभीर होने पर रविवार रात करीब 12 बजे परिजन ने उन्हें निरालानगर के विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने पर सुबह 9 बजे डॉक्टर ने केजीएमयू रेफर कर दिया। परिजन मरीज को लेकर करीब 10:30 बजे केजीएमयू पहुंचे। परिजन का आरोप है कि ट्रॉमा में करीब डेढ़ घंटे इंतजार करने के बाद वेंटीलेटर खाली न होने की जानकारी देकर मरीज को बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

भारत-नेपाल सीमा पर 72 हजार के नकली नोट बरामद

रूपईडीहा, अमृत विचार : भारत नेपाल सीमा पर रूपईडीहा में सोमवार सुबह एक व्यक्ति को पुलिस ने जांच के लिए रोका तो उसके पास 72 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए। पुलिस ने आरोपी कैलाश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह ने पुलिस टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। जांच के दौरान एक युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास 72000 हजार रूपये भारतीय मिले। कुल 500/500 के 144 नोट की जांच की गई तो सभी रूपये नकली मिले।

भूमि अधिगृहीत करने से पहले मुआवजा राशि जमा करना आवश्यकः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- बरेली के याचियों की ओर से दायर भूमि के मुआवजे का मामला

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 3-एच(1) को स्पष्ट करते हुए कहा कि धारा 3-एच(1), जो यह अनिवार्य करती है कि राज्य सरकार कब्जा लेने से पहले मुआवजा राशि जमा करेगी, ऐसा प्रावधान नहीं है जो केंद्र सरकार को मुआवजा राशि के भुगतान में देरी करने और यह तर्क देने में सक्षम बनाता है कि मुआवजा कब्जा मिलने पर ही दिया जाएगा।

उक्त प्रावधान उन काश्तकारों के लाभ के लिए है, जिनकी भूमि अधिनियम के प्रावधानों के तहत अधिग्रहित की गई थी। यह मुआवजा दिए बिना भूमि पर कब्जा लेने के खिलाफ एक सुरक्षा है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने मोहम्मद शाहिद और 2 अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया, साथ ही कोर्ट ने एनएचएआई को सक्षम प्राधिकारी के पास मुआवजा जमा करने का निर्देश दिया, जो बाद में याचियों को राशि वितरित करेगा।

मामले के अनुसार बरेली स्थित याचियों की भूमि को राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत 28 जनवरी 2022 को अधिग्रहण के लिए अधिसूचित किया गया था, जिसके बाद धारा 3-डी के तहत 13 सितंबर 2022 को अधिसूचना जारी की गई। सक्षम प्राधिकारी ने प्रभावित व्यक्तियों को भुगतान के लिए 17 जुलाई 2023 को परियोजना निदेशक से मुआवजे का अनुरोध किया। उच्च अधिकारियों ने परियोजना निदेशक को अनुरोधित राशि को अग्रेषित करने के लिए अधिकृत नहीं किया, जिसके कारण याचियों को मुआवजा नहीं दिया गया। याचियों ने इसपर हाईकोर्ट का रुख किया।

सार-संक्षेप

कोर्ट के आदेश का अनुपालन न करने पर गोरखपुर के डीएम के खिलाफ वारंट जारी

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गोरखपुर के जिलाधिकारी श्रीकृष्ण करुणेश को आदेश का अनुपालन न करने, निर्देश के बाद भी कोर्ट में उपस्थित न होने, साथ ही कोई कारण न बताने पर सख्त रूप अपनाते हुए उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने वारंट का तामील मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट, गोरखपुर के माध्यम से करने का निर्देश दिया है, साथ में आदेश भी दिया है कि वह आगामी 9 अगस्त को कोर्ट में उपस्थित हो। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकलपीठ ने अशोक यादव की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने पूर्व में पारित अपने आदेश में अनुपालन का शपथ पत्र न प्रस्तुत करने पर उक्त अधिकारी को आदेश का अनुपालन दर्शाने वाला शपथ पत्र दाखिल करने या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

पत्रकार को जेल, सात ठिकानों पर पुलिस के छापे

कानपुर, अमृत विचार : कोतवाली थानाक्षेत्र में सिविल लाइंस में करीब एक हजार करोड़ कीमत की जमीन पर कब्जे के प्रयास के मामले में पुलिस ने सोमवार सुबह प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित को जेल भेज दिया। पुलिस ने पूर्व अध्यक्ष समेत अन्य नामजद आरोपियों के सात ठिकानों पर छापेमारी भी की। पुलिस उस डीवीआर को बरामद करने का प्रयास कर रही है जिसमें आरोपी जमीन पर कब्जा करने के दौरान सीसीटीवी में कैद हो गए थे। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह सिविल लाइंस हडर्ड स्कूल के पास स्थित नजूल की एक बेशकीमती जमीन को कब्जा करने के लिए मीडियाकर्मी अवनीश दीक्षित अपने साथियों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने पावर आफ अटार्नी उनके पास होने का दावा किया था। आरोपी वहां लोगों से बदसलूकी करने के साथ आरोपी सीसीटीवी से कनेक्टेड डीवीआर उखाड़ ले गए थे। इस मामले में लेखपाल विपिन कुमार और जमीन पर रहने वाले परिवार के सैमुएल सुखदेव सिंह की तहरीर पर दो एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने रविवार रात अवनीश दीक्षित को गिरफ्तार कर लिया था। सोमवार सुबह मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर जेल भेज दिया गया।

महाकुंभ के लिए परिवहन निगम चलाएगा 4500 बसें

लखनऊ, अमृत विचार : अगले वर्ष प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन निगम साढ़े सात हजार से अधिक बसों का संचालन करेगा। इसके लिए 1000 से अधिक नई डीजल बसें खरीदी जाएंगी और पुरानी बसों की मरम्मत कराकर रंग-रोगन शुरू कर दिया गया है। बसें भगवा रंग से रंगी जा रही हैं। प्रयागराज से 200 किलोमीटर की दूरी तक इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। महाकुंभ जाने और लौटने वाले यात्रियों को प्रत्येक 15 मिनट पर बसें उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर काम चल रहा है। राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि महाकुंभ 2025 में निगम की बसें जिला मुख्यालयों समेत 112 डिपो से संचालित होंगी। इसके अलावा कुंभ मेला क्षेत्र में 550 शटल बसें भी चलाई जाएंगी।

सरकारी स्कूलों से निकली हाईटेंशन लाइनें हटेंगी

लखनऊ, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइनें हटवाई जाएंगी। निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों से ऐसे स्कूलों की सूची मांगी है।विभाग ने माना है कि परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के भवनों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन बिजली लाइनें खतरनाक हैं। इन्हें हटाना जरूरी है। पहले भी इस तरह की प्रक्रिया शुरू हुई थी लेकिन बाद में रोक लग गई थी। निदेशक ने कहा कि ऐसे परिषदीय व मान्यता प्राप्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों जिनके ऊपर से हाई टेंशन लाइन जा रही है, उनको हटाने के सम्बन्ध में कार्यवाही जल्द शुरू की जाए।

धर्म दर्शन

एक ऊर्जा हैं महादेव

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

महादेव एक ऊर्जा हैं, जिसका न कोई आदि है और न उनका कोई अंत हैं। ध्यान का अंतिम क्षण जब मनुष्य को परम सुख का आनंद मिलता हैं उसी आनंद के परम सुख को ही शिव कहा जाता हैं। ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां शिव न हों। यह वह आकाश हैं, वह चेतना है, जहां सारा ज्ञान विद्यमान है। वे अजन्मे हैं और निर्गुण हैं। यह समाधि की वह अवस्था है, जहां कुछ भी नहीं है, केवल भीतरी चेतना का खाली आकाश है। वही शिव हैं।

वेद, उपनिषद, आगम, इतिहास, पुराण आदि सभी उनका बहुत महिमामंडन करते हैं। एको ही रुद्र, द्वितीयो नास्ति, न भूतो न भविष्यति। सर्वप्रथम शिव ने ही धरती पर जीवन के प्रचार-प्रसार का प्रयास किया। इसलिए उन्हें 'आदिदेव' भी कहा जाता है। देव से महादेव बनना आसान नहीं होता है, जो अमृत पीते हैं वो देव बनते हैं और जो राष्ट्र, समाज एवं प्रकृति की रक्षा के लिए विष को भी प्रेम से पी जाएं वो महादेव बन जाते हैं। बिना विष को पिए और विषमता को पचाए कोई भी महान नहीं बन सकता है। आज के समय में अमृत की चाह तो सबको है, पर विष की नहीं, लेकिन बिना विष को स्वीकारे कोई अमृत तक भी नहीं पहुंच सकता है। संघर्ष, दुःख, प्रतिकूलता, अभाव ये सब तुम्हें निखार रहे हैं। समस्या को स्वीकार करना ही समस्या का समाधान है। कोई भी समस्या तब तक ही है, जब तक आप उससे डरते हो और उसका सामना करने से बचते हो। मनुष्य के संकल्प के सामने बड़ी से बड़ी चुनौती भी छोटी हो जाती है। विषय सुखों से मुक्त होना और विषमता के विष को पीना ही महादेव बनना है। शिवजी के जीवन में विलास नहीं है, संन्यास है, भोग नहीं है, योग है, क्योंकि भगवान शिव के चित्त में काम नहीं राम है। संयम से जीवन जीने से आयु भी बढ़ती है और योग के साथ रहने से चित्त भी प्रसन्न रहता है। विषय आयु को तो नष्ट करता ही है साथ ही चित्त में अशांति और भोगों को पुनः प्राप्त करने की इच्छा भी उत्पन्न करता है। भोग ही रोग को जन्म देते हैं इसलिए भोगी बनकर नहीं योगी बनकर जीना सीखो। प्रत्येक स्थिति-परिस्थिति में प्रसन्न रहना भगवान शिव के जीवन से सीखना चाहिए। शिवजी ने भीतर से अपने आपको इतना शक्ति संपन्न, उच्च विचारयुक्त, धीर, गंभीर, सहनशील, धैर्यवान, मान-अपमान मुक्त बना रखा है कि संसार की कोई भी स्थितियां उन्हें विचलित नहीं कर पाती है।

आदियोगी शिव

नवनीता रॉय चौधरी
शिक्षिका, लखनऊ

सावन का महीना भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं में विशेष स्थान रखता है। इस महीने में भगवान शिव की उपासना का विशेष महत्व है। शिव जो अनंत और आदियोगी हैं, काशी के कण-कण में विराजमान हैं। काशी के विश्वनाथ मंदिर को बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक माना जाता है और सावन के महीने में यहां भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। जुलाई से अगस्त का महीना विविध त्योहारों से परिपूर्ण होता है। इस दौरान काली पूजा, एकादशी, नाग पंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाए जाते हैं। इन त्योहारों के बीच धरती हरी-भरी हो जाती है, जिससे वातावरण में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस समय भगवान शिव की आराधना विशेष फलदायी मानी जाती है। भगवान शिव को संतुष्टि और शांति का प्रतीक माना जाता है। उनके अनंत स्वरूप के कारण वे समस्त ब्रह्मांड में व्याप्त हैं। सावन मास को सर्वोत्तम मास कहा जाता है, क्योंकि इस महीने में भगवान शिव ने पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल जाने का निर्णय लिया था। वहां उनका स्वागत अभिषेक और जलाभिषेक से किया गया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार सावन मास में देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन किया गया था। इस मंथन के दौरान जो हलाहल विष निकला, उसे भगवान शिव ने अपने कंठ में समाहित कर लिया ताकि संसार की रक्षा हो सके। विष को कंठ में धारण करने के कारण उनका कंठ नीला हो गया और वे नीलकंठ महादेव कहलाए। विष के प्रभाव को कम करने के लिए देवी-देवताओं ने उन्हें जल अर्पित किया। यही कारण है कि सावन मास में शिवलिंग पर जल चढ़ाने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। भगवान शिव की महिमा का वर्णन एक प्रसिद्ध दोहे में मिलता हैः "करता करे ना कर सके,शिव करे सो हो। तीन लोक नौ खंड में,महाकाल से बड़ा न कोय।" इस दोहे में शिव की सर्वशक्ति मान्यता और अनंतता का गुणगान किया गया है। यह दोहा बताता है कि संसार में ऐसा कोई नहीं है, जो महाकाल से बड़ा हो। भगवान शिव की कृपा से ही सभी कार्य संपन्न होते हैं और वे ही सृष्टि के रक्षक हैं। सावन का महीना शिवभक्तों के लिए एक विशेष समय होता है,जब वे भगवान शिव की उपासना कर अपने जीवन को पवित्र और समृद्ध बना सकते हैं।

वर्ग पहेली-146

बाएं से दाएं

1. वह विज्ञान या शास्त्र जिसमें अयस्कों से धातु निर्माण होता है
3. जंगली जानवरों की माँद।
5. 1. झूठ बोलना,बरगलाना 2. भ्रम पैदा करने वाला कथन 3. अयथार्थ कथन।
8. बाल-बच्चोंवाला, गृहस्थ।

ऊपर से नीचे

2. 1. जैसा होना चाहिए उससे उलटा, विरुद्ध,प्रतिकूल, ख़िलाफ़, विपरीत क्रम 2. भिन्न।
3. 1. वह जो थल (स्थल) से उत्पन्न हो 2. गुलाब।
4. 1. दासी, लौंडी 2. परिचारिका, सेविका, नौकरानी।
6. 1. क्रोधित होना, उत्तेजित होना 2. बिगड़ना 3. घमंड में भरकर लड़ने के लिए ज़ोर की आवाज़ करना 2. उपद्रव करना, उत्पात करना।
7. 1. किसी तरह का दोष 2. देवों या पितरों का कोप 3. प्रेत का कोप, ऊपरी हवा।

वर्ग पहेली -145 का हल

1 डो	सा	■	2 अ	3 र	ज
■	■	4 बे	व	फ़ा	■
5 क	■	■	र	■	6 ले
र	■	■	स	■	स
7 म	नो	वे	द	ना	■
ज	■	■	न	■	8 फ़
ला	■	■	■	9 दो	ना

सुडोकू -59

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2	7			8		
6		5	4			2		
	9	1	2			3	4	
			8			1		
	3	4				7	6	
		9			5			
	2	8			7	9	3	
		7			9	6		1
		3			4	5		

सुडोकू -58 का हल

7	5	2	1	9	3	8	4	6
8	9	1	7	4	6	2	3	5
3	4	6	5	2	8	1	9	7
9	7	4	2	6	5	3	1	8
1	2	3	9	8	7	5	6	4
5	6	8	4	3	1	6	7	2
2	3	9	6	5	4	7	8	1
6	8	7	3	1	2	4	5	9
4	1	5	8	7	9	6	2	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 04 .44 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 10 .23 तक तत्पश्चात रोहिणी।

मेष — आज आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गम्भीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। पेट में गैस और जलन की शिकायत हो सकती है। आज गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। धन उधार लेने से बचें।

वृष — आज कार्यक्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण व ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखदायक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आज घूमने जाने की योजना बना सकते हैं। कीमती वस्तुओं की ख़रीदारी करेंगे। कानूनी मामलों में अनुकूलता होने की संभावना है।

मिथुन — आज विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों से आपको लाभ हो सकता है। दूसरों के कार्यभार को अपने ऊपर लादना भी आपके लिए उचित नहीं है। फर्जी और गलत उत्पादों की ख़रीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें।

कर्क — आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जायेंगे। कमीशन संबंधी कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और सन्तुष्ट रहेंगे। प्रेमी जन के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। कारोबार में ग्राहक आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

सिंह — आज कार्यक्षेत्र की आन्तरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। किसी पुरानी योजना को क्रियान्वित करना पड़ेगा। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा।

कन्या — आज कुछ समय स्वयं के लिए अवश्य निकालें। वे कार्य करें जो आप वास्तव में सिर्फ अपनी खुशी के लिए करना चाहते हैं। मेहनत का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। परिवार के किसी सदस्य का विवाह तय हो सकता है।

तुला — आज आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में सहकर्मियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। दूसरों के भरोसे अपना काम न छोड़ें। जीवनसाथी के व्यवहार को लेकर थोड़े असन्तुष्ट हो सकते हैं। निजी रिश्तों के बीच अहम की भावना न आने दें।

वृश्चिक — आज व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध करने के लिए दिन शुभ है। आज आपका मन काफी हर्षित रहेगा। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है।

धनु — आज कार्यक्षेत्र में परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी व भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

मकर — आज अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। प्रोफेशनल लाइफ में सबकुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। लव लाइफ काफी रोमांटिक रहेगी। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा।

कुंभ — आज वैवाहिक संबंधों में इगो के कारण रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। जिसे आपको बातचीत के माध्यम से शान्तिपूर्वक सुलझा लेना चाहिए। सर्वाइकल और कंधों में दर्द की शिकायत होगी। आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है।

मीन — आज व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। भाई-बहनों के साथ रिश्ते मधुर होंगे। किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय कार्य समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
प्यार के काबिल
सुबह : 08 .37
चुप
रात : 09 .44
हमारा दिल आपके पास है
सुबह : 10 .42
हैप्पी न्यू ईयर
रात : 08 .00

SONY PIX
घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़
सुबह : 08 .24
वेनम
शाम : 05 .21
रक्षाबंधन
दोपहर : 12 .02
बूस ली
रात : 08 .00
दिल है तुम्हारा
सुबह : 11 .13
भेड़िया
शाम : 06 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर दोपहर : 12 .02 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति दारू पीकर रात को घर देरी से पहुंचा, तो पत्नी हाथ में झाड़ू लेकर सामने खड़ी थी...!

पति- कितना काम करेगी तू...? ला ये झाड़ू मुझे दे दे, रात के दो बजे हैं, सोना नहीं है क्या...? कुछ तो अपना ख्याल कर पगली...!

ये सुनकर बेचारी पत्नी की आंखों में आंसू आ गए...!

डॉक्टर- तुम्हारी एक किडनी फेल हो गई है

संजू- पहले तो बहुत रोया, फिर आंसू पोंछकर बोला साहब ये भी बता दीजिए कि कितने नंबर से फेल हुई है?

डॉक्टर बहोश...

एक नजर

सेबी ने निवेशकों के लिए चैटबॉट सेवा पेश किया

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को निवेशकों के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित बातचीत मंच सेवा पेश किया। नियामक ने कहा कि चैटबॉट सेवा (सेबी का वर्चुअल असिस्टेंट) के बीटा संस्करण में कई उपयोगी विशेषताएं शामिल हैं। चैटबॉट इस समय प्रतिभूति बाजार की सामान्य जानकारी, ताजा मास्टर सर्कुलर, शिकायत निवारण प्रक्रिया आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने में सक्षम है। उपयोगकर्ताओं से मिले सुझावों के आधार पर चैटबॉट में अतिरिक्त सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। सेबी ने कहा कि चैटबॉट का बीटा संस्करण सेबी की निवेशक वेबसाइट और सारथी मोबाइल ऐप (एंड्रॉयड और आईओएस दोनों) पर उपलब्ध है।

मुरादाबाद मंडी

दालें : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

मेंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 950 फ्लैग-1090 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 850
रामपुर : शिवालिक-965 फ्लैग-1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120

सर्राफा

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	71,900
चांदी आभूषण	84,100

डिजिटल अर्थव्यवस्था 2026 तक जीडीपी का 20% होने का अनुमान

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए मुद्रा और वित्त पर रिपोर्ट की प्रस्तावना में आरबीआई गवर्नर दास ने कहा

मुंबई, एजेंसी

- **अभी डिजिटल अर्थव्यवस्था की जीडीपी में हिस्सेदारी 10%**
- **आरबीआई की रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है पेश**

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्ष 2026 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पांचवां हिस्सा (20%) बनने की ओर अग्रसर है। अभी डिजिटल अर्थव्यवस्था की जीडीपी में हिस्सेदारी 10 प्रतिशत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है।

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 'मुद्रा और वित्त पर रिपोर्ट' (आरसीएफ) की प्रस्तावना में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा है कि वित्तीय क्षेत्र में डिजिटलीकरण अगली पीढ़ी की बैंकिंग गतिविधियों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है और इससे किफायती लागत पर वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में सुधार आ रहा है। रिपोर्ट में भारत को डिजिटल क्रांति में सबसे आगे बताते हुए कहा गया है कि देश ने डिजिटल भुगतान में तेजी लाकर न केवल वित्तीय-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) को अपनाया है बल्कि बायोमीट्रिक पहचान, एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई), मोबाइल संपर्क, डिजिटल लॉकर और सहमति से डेटा साझा करने से 'इंडिया स्टैक' का आधार भी तैयार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डिजिटल क्रांति बैंकिंग बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ावा दे रही है, जिसमें प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और कर संग्रह दोनों शामिल हैं।

यूपीआई भुगतान में ले आई है क्रांति

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यूपीआई ने अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए खुदरा भुगतान से जुड़े अनुभव में क्रांति लाने का काम किया है जिससे लेनदेन तेज और सुविधाजनक हो गया है। डिजिटल मुद्रा क्षेत्र में रिजर्व बैंक ई-रुपये (सीबीडीसी) का पायलट परीक्षण चला रहा है। वित्तीय क्षेत्र में डिजिटलीकरण अगली पीढ़ी की बैंकिंग का मार्ग प्रशस्त कर रहा है, सस्ती लागत पर वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बेहतर हो रही है और लाभार्थियों को कम लागत पर प्रभावी रूप से लक्षित करके प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के प्रभाव को बढ़ा रहा है।

नेपाल 2023-24 में पहली बार शुद्ध बिजली निर्यातक बना

काठमांडू। नेपाल पहली बार शुद्ध बिजली निर्यातक बना है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में बिजली निर्यात से होने वाली आय भारत से बिजली आयात पर होने वाले खर्च से अधिक रही है।

भारत ने 2021 में नेपाल को अपने बाजार में बिजली बेचने की अनुमति दी थी। नेपाल भारतीय बाजार में 690 मेगावाट बिजली का निर्यात कर रहा है। नेपाल जून से नवंबर तक अपनी अधिशेष बिजली भारत को निर्यात करता है। दूसरी ओर वह शुष्क मौसम के दौरान भारत से बिजली आयात करता है। नेपाल बिजली प्राधिकरण (एनईए) के प्रवक्ता चंदन घोष ने कहा कि एनईए ने 2023-24 में भारत को 16.93 अरब रुपये की बिजली निर्यात की, जबकि हमने समान अवधि में उस देश से 16.81 अरब रुपये की बिजली आयात की। एनईए को इस लेनदेन से 12 करोड़ रुपये का लाभ हुआ।

उप्र में अंडा उत्पादन बढ़ा कम होगी बाहरी निर्भरता

अमृत विचार विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- **वर्ष 2023 में 505 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 589 करोड़ हुआ उत्पादन**
- **आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु के साथ 9वें नंबर पर उत्तर प्रदेश**

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में पशु पालन विभाग की कुक्कट विकास नीति से अंडा उत्पादन तेजी से बढ़ा है। बाहरी राज्यों से अंडा खरीद की निर्भरता जल्द खत्म होगी और अन्य राज्यों में अंडा भेजा जाएगा।

प्रदेश में सरकारी व निजी पोल्ट्री फार्म में वर्ष 2023 में 505 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 589 करोड़ उत्पादन हुआ है। विभाग ने एक वर्ष में कई गुना बढ़ोतरी होने पर वर्ष 2024 में 560 करोड़ अंडा उत्पादन का लक्ष्य रखा। इसमें अप्रैल से जुलाई तक 226 करोड़ (40%) उत्पादन करके पूर्ति की गई। पिछले वर्षों में इन चार माह में 20-25% उत्पादन होता था। ऐसे में मार्च तक लक्ष्य से कई गुना उत्पादन होने का अनुमान है। इससे रोजाना बाहरी राज्यों से 90 लाख अंडा नहीं खरीदना पड़ेगा, बल्कि प्रदेश खुद राज्यों को अंडे की बिक्री करेगा। सर्वाधिक अंडा उत्पादन करने वाले आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों में उत्तर प्रदेश 9वें नंबर पहुंच गया है।

एक नजर में स्थिति

सरकारी पोल्ट्री फार्म	700
निजी पोल्ट्री फार्म	1500
एक वर्ष में बढ़े पोल्ट्री फार्म	112

उत्पादन में ये जिले टॉप

आजमगढ़	43 .30 फीसद
बलिया	40 .74 फीसद
हाथरस	40 .72 फीसद
मुरादाबाद	40 .67 फीसद
कासगंज	40 .65 फीसद
लखनऊ	31 .60 फीसद

ये जिले अभी भी पीछे

अमेठी	13 .87 फीसद
सोनभद्र	19 .22 फीसद
मेरठ	20 .57 फीसद
बाराबंकी	21 .45 फीसद
वाराणसी	21 .65 फीसद

कुक्कट विकास नीति से अंडा उत्पादन में वृद्धि होने पर प्रदेश 9वें स्थान पर पहुंच गया है। नये पोल्ट्री फार्म लगने से वर्ष 2023 से लक्ष्य से अधिक उत्पादन हुआ। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इससे अधिक उत्पादन का अनुमान है। इसी तरह आगे वृद्धि होने से बाहरी राज्यों पर निर्भरता खत्म होगी।

- ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, उपनिदेशक, कुक्कट, पशुपालन विभाग।

बाहरी निवेश और ब्याज प्रतिपूर्ति से हुआ फायदा

कुक्कट विकास नीति के तहत पोल्ट्री फार्म संचालित करने पर सरकार ने बैंक से लिए गए ऋण पर सात फीसद ब्याज की प्रतिपूर्ति की। योजना के नियमों में संशोधन करके बाहरी राज्यों के निवेशकों को इकाई लगाने के लिए शामिल किया। एक वर्ष में 112 निवेशकों ने पोल्ट्री फार्म प्रदेश में संचालित किए, इससे अंडे के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई।

23 अंक की बढ़त से सेंसेक्स शीर्ष पर

मुंबई, एजेंसी

- **कारोबार के दौरान 575.71 अंक चढ़ा, तेजी नहीं रख सका कायम**

शेयर बाजारों में सोमवार को मामूली तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 23 अंक बढ़कर बंद हुआ। कारोबार के दौरान दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर चले गये थे लेकिन एफएमसीजी कंपनियों और आईटी के शेयरों में मुनाफावसूली से तेजी कायम नहीं रह सके। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इसी सप्ताह नीतिगत दर पर निर्णय से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 23.12 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 81,355.84 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक मजबूती के साथ खुला और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के कारण कारोबार के दौरान एक समय 575.71 अंक यानी 0.70 प्रतिशत बढ़कर 81,908.43 अंक पर चला गया था। बाद में निवेशकों ने उच्च स्तर पर मुनाफावसूली को तरजीह दी। इससे सूचकांक नीचे आया। सेंसेक्स के 16 शेयर लाभ में जबकि 14 नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 1.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की नाममात्र की बढ़त के साथ 24,836.10 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 164.9 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने उच्चतम स्तर 24,999.75 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो सबसे ज्यादा 2.77 प्रतिशत मजबूत हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट 1.42 प्रतिशत मजबूत हुआ। कंपनी इंडिया सीमेंट में 32.72 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने की घोषणा के बाद अल्ट्राटेक का शेयर चढ़ा।

भारत के पास डेढ़ करोड़ टन कोयला निर्यात की क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कोयला मंत्रालय के अनुसार आईआईएम के अध्ययन में खुलासा**

भारत के पास नेपाल और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों को 1.5 करोड़ टन कोयला निर्यात करने की क्षमता है। निर्यात को बढ़ावा, घरेलू उत्पादन में वृद्धि और आयात प्रतिस्थापन को सुविधाजनक बनाकर देश का लक्ष्य आत्मनिर्भरता हासिल करना, ऊर्जा सुरक्षा की मजबूती और कोयला क्षेत्र की वृद्धि का समर्थन देना है।

कोयला मंत्रालय ने कहा कि भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद के किए अध्ययन के अनुसार, पड़ोसी देशों को 1.5 करोड़ टन निर्यात की संभावना है। देश में बांग्लादेश को 80 लाख टन, म्यांमा को 30 लाख टन, नेपाल को 20 लाख टन और अन्य देशों को 20 लाख टन कोयला निर्यात करने की क्षमता है। कोयले के उत्पादन तथा निर्यात में बढ़ोतरी से आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। सरकार जीवाश्म ईंधन की बढ़ती मांग का लाभ उठाने के लिए कोयला निर्यात को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है।

राष्ट्रीय

एक नजर

ममता के अपमान पर विधानसभा में विशेष नोटिस

कोलकाता। प. बंगाल के मंत्री मानस भूनिया ने सोमवार को विधानसभा में विशेष नोटिस देते हुए कहा कि यह चिंता का विषय है कि 27 जुलाई को नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का माइक्रोफोन उस समय बंद कर दिया गया जब वह बोल रही थीं। ममता ने शनिवार को दावा किया था कि उनका अपमान किया गया। उन्हें नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में बोलने नहीं दिया गया। भाजपा विधायक शंकर घोष ने नोटिस पर कहा कि बैठक से बाहर आने के बाद बनर्जी ने कहा था, उस पर चर्चा नहीं की जा सकती।

बीएमडब्ल्यू की चपेट में आए व्यक्ति की मौत

मुंबई। वर्ली इलाके में 20 जुलाई को तेज गति से जा रही बीएमडब्ल्यू कार की चपेट में आने से घायल हुए 28 वर्षीय व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि हादसा खान अब्दुल गफ्फार खान रोड पर वर्ली सीफेस में हुआ था। तब विनोद लाड ठाणे स्थित ट्रांसपोर्ट कंपनी से घर लौट रहे थे। टक्कर के बाद उनके सिर पर गंभीर चोट लगी। वह अपने चचेरे भाई किशोर लाड के साथ रहते थे।

यूजीसी-नेट रद करने के मामले में विचार नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने प्रश्न पत्र कथित रूप से लीक होने के आधार पर यूजीसी-नेट रद करने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने कहा कि याचिका को खारिज करने का फैसला उसके गुण-दोष को लेकर सुनाया गया निर्णय नहीं है।

कोचिंग में छात्रों की मौत का मामला लोकसभा में गूंजा

भाजपा, कांग्रेस, सपा तथा निर्दलीय सदस्यों ने जताई नाराजगी, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

- **बांसुरी स्वराज ने लापरवाही के लिए दिल्ली सरकार को ठहराया दोषी**
- **शशि थरूर, अखिलेश यादव, पप्पू यादव ने सदन में रखी अपनी बात**

नई दिल्ली,एजेंसी

तीन अभ्यर्थियों की मौत के बाद प्रदर्शन कर विद्यार्थियों के बीच पहुंचे उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

दिल्ली के राजेन्द्र नगर में कोचिंग में दो छात्राओं और एक छात्र की मौत का मामला सोमवार को लोकसभा में उठा। सदस्यों ने इसकी विस्तृत जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

भाजपा की बांसुरी स्वराज ने शून्यकाल शुरू होते ही कहा कि ये बच्चे भविष्य बनाने आये थे, लेकिन दिल्ली सरकार की लापरवाही से जान चली गई। एक दशक से आप सरकार दिल्ली में है लेकिन लोगों के लिए कोई काम नहीं कर रही है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि घटना बहुत गंभीर है। नियमों की घोर लापरवाही हुई है। मामले की जांच होनी चाहिए ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि कोचिंग में सुरक्षा की अनदेखी गंभीर है। सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि इस मामले में जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई हो रही है? हम उत्तर प्रदेश से देख रहे हैं कि अवैध इमारत बनने पर बुलडोजर चले हैं क्या यहां भी चलेगा। कांग्रेस के हिबी ईडन ने कहा कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कोचिंग के व्यवसायीकरण पर चिंता जताया है।

प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों से मिले उपराज्यपाल

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने तीन अभ्यर्थियों की मौत के मामले में विरोध-प्रदर्शन कर रहे छात्रों से बात की। प्रदर्शनकारी छात्रों ने उपराज्यपाल के समक्ष अपनी शिकायतें रखीं। उपराज्यपाल ने मामले में कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। नारेबाजी तेज होने पर उपराज्यपाल संबोधित किए बिना ही लौट गए। हालांकि, उन्होंने छात्रों से कहा कि मैं आपके साथ हूं। उन्होंने जिम्मेदार को बख्शे नहीं जाने का आश्वासन दिया।

झारखंड में राष्ट्रपति शासन और नीट परीक्षा समाप्त करने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- **लोकसभा में सदन के शून्यकाल के दौरान कई मुद्दे सदस्यों ने उठाए**

लोकसभा में सोमवार को भाजपा के सांसद ने झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की, वहीं कांग्रेस सदस्य ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' को समाप्त करने की मांग की। सदन में शून्यकाल में अन्य कई मुद्दे भी सदस्यों द्वारा उठाए गए।

भाजपा के निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि 27 जुलाई को झारखंड के पांकुड़ में कुछ आदिवासी छात्र आंदोलन करना चाह रहे थे लेकिन पुलिस ने छात्रावासों में छात्रों को 'बर्बरतापूर्ण' पीटा। पुलिस की पिटाई के बाद दो छात्र मरणासन्न हैं और 11 गंभीर हालत में अस्पतालों में हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बांग्लादेशियों को बसाने के लिए आदिवासियों को बर्बाद कर रही है। झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।

तमिलनाडु से कांग्रेस सदस्य एस जोतिमणि ने राज्य में एक साल में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे 80 विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या का दावा करते हुए कहा कि 'नीट' सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए।

अयोध्या में जमीन खरीद में गड़बड़ी का आरोप

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की फैजाबाद लोकसभा सीट से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने अयोध्या में जमीन की खरीद में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग निचले सदन में उठाई। प्रसाद ने भाजपा पर अयोध्या के नाम पर राजनीति और व्यापार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने के बाद अयोध्या में भाजपा के लोगों ने सस्ते दर पर जमीन खरीदकर ऊंचे दामों में बेचा।

जंगल में पेड़ से लोहे की जंजीर से बंधी मिली महिला

मुंबई। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के एक जंगल में 50 वर्षीय महिला लोहे की जंजीर से पेड़ से बंधी मिली। उसके पास से अमेरिकी पासपोर्ट की फोटोकॉपी के साथ तमिलनाडु के पते वाला आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज मिले हैं। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि शनिवार शाम को मुंबई से करीब 450 किमी दूर सोनुरली गांव में चरवाहे ने महिला की चीखने की आवाज सुनी और उसे जंजीरों में जकड़ा हुआ देखकर पुलिस को सूचना दी। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से बेहतर उपचार के लिए गोवा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। उसका उपचार करने वाले चिकित्सकों ने बताया कि महिला मानसिक समस्याओं से ग्रस्त है। हमें उसके पास से मेडिकल पर्चा मिला है। उसकी पहचान तमिलनाडु की ललिता काई के तौर पर हुई है।

- **अमेरिकी पासपोर्ट की फोटो कॉपी बरामद**

कोर्ट ने अजित पवार गुट से मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार के गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) मानने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के फैसले के खिलाफ शरद पवार खेमे की याचिका पर उपमुख्यमंत्री (अजित पवार) और उनके 40 विधायकों से जवाब तलब किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा ने शरद पवार गुट के अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर गौर किया कि विधानसभा के बचे हुए संक्षिप्त कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए याचिका पर तत्काल सुनवाई की जरूरत है।

सोरेन की जमानत बरकरार ईडी की याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देने के झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने न्यायालय के इस फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कानून के शासन को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि उन्हें झूठे बहाने से जेल भेजा गया, जिसका उद्देश्य उनकी और उनके परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करना था। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसे कैद किया गया, जैसे मैं राज्य की संपत्ति लेकर भाग गया हूं... सोरेन परिवार पर व्यवस्थित तरीके से आरोप लगाए गए। इससे पहले, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय का 28 जून का आदेश अत्यंत तर्कपूर्ण था।

धन शोधन मामला

सुप्रीम कोर्ट की सात पीठ इस सप्ताह दोपहर दो बजे लगाएंगी लोक अदालत : सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- **लंबित मामलों में कमी लाने के लिए तीन अगस्त तक लगेगी विशेष लोक अदालत**

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट की पहली सात पीठ मंगलवार से शुक्रवार तक दोपहर दो बजे विशेष लोक अदालत में सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए सूचीबद्ध मामलों पर सुनवाई करेंगी। शीर्ष अदालत लंबित मुकदमों में कमी लाने के प्रयास के तौर पर तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत लगा रही है।

सीजेआई ने मुकदमों की सुनवाई शुरू होने पर कहा कि आज से शुक्रवार तक हम लोक अदालत लगाएंगे और पहली सात पीठ मुकदमों पर सुनवाई करेंगी। अगर वकीलों के पास ऐसे मामले हैं जो लोक अदालत में जा सकते हैं तो कृपया उन्हें लाइए। सीजेआई ने नागरिकों से आग्रह किया था कि अगर उनके मामले शीर्ष अदालत में लंबित हैं तो वे अपने विवादों का सौहार्दपूर्ण और तेजी से निपटारा करने के लिए विशेष लोक अदालत में भाग लें। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड वीडियो संदेश में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट 29 जुलाई से तीन अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन कर रहा है। यह उन गतिविधियों का हिस्सा है जिसे न्यायालय अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने का आयोजित कर रहा है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि न्यायाधीश बड़े पैमाने पर मामले लंबित होने को लेकर चिंतित हैं।

असम लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष को 14 साल की सजा

गुवाहाटी। असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष राकेश पॉल को विशेष अदालत ने राज्य में कृषि विकास अधिकारियों की भर्ती से जुड़े 'पैसे लेकर नौकरी देने' के मामले में सोमवार को 14 साल की सजा सुनाई।

विशेष न्यायाधीश दीपांकर ठाकुरिया ने आदेश में एपीएससी के दो अन्य पूर्व सदस्यों बसंत कुमार डोले और समेदुर रहमान को 10 साल और 29 अन्य को चार साल की सजा सुनायी। पॉल और दो अन्य पूर्व सदस्यों को धोखाधड़ी के मामले में सात साल के कठोर कारावास, जालसाजी के लिए सात और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 10 साल की सजा सुनाई गई।

पैसे लेकर नौकरी देने का मामला

सोपोर में विस्फोट चार लोगों की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सोमवार को कबाड़ी की दुकान में विस्फोट हो गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना बारामूला जिले के सोपोर कस्बे के शेर कॉलोनी में हुई। अधिकारियों ने बताया घटना के दौरान कुछ लोग ट्रक से कबाड़ उतार रहे थे तभी विस्फोट हुआ। दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने बाद में दम तोड़ा। मृतकों में नजीर अहमद नादरू, आजीम अशरफ मीर, आदिल राशिद भट और मोहम्मद अजहर शामिल हैं।

आरक्षण: हाईकोर्ट के निर्णय पर रोक से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आरक्षण 50 से बढ़ाकर 65 फीसदी करने वाले कानूनों को पटना हाईकोर्ट ने किया था रद**

सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया, जिसके तहत बिहार में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी करने वाले संशोधित आरक्षण कानूनों को रद कर दिया गया था।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ बिहार सरकार की ओर से दायर 10 याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई। शीर्ष अदालत ने याचिकाओं पर नोटिस भी जारी नहीं किया। उसने याचिकाओं को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए कहा कि इन्हें सितंबर में सुनवाई के लिये सूचीबद्ध किया जाएगा। राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने पीठ से उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया। दीवान ने छत्तीसगढ़ के मामले का जिक्र किया और कहा कि उस मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

पुल ढहने की घटनाओं पर बिहार सरकार से जवाब-तलब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में कई पुलों के ढहने की घटनाओं के मद्देनजर राज्य में सभी मौजूदा और निर्माणाधीन पुलों का उच्चतम स्तर का संरचनात्मक ऑडिट कराने की मांग वाली याचिका पर सोमवार को बिहार सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ब्रजेश सिंह द्वारा दायर याचिका पर नीतीश सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को जवाब दाखिल करने का आदेश पारित किया। सिंह ने याचिका में बिहार सरकार को पुलों की निगरानी के लिए उचित और प्रभावी नीति या तंत्र बनाने का निर्देश देने की मांग की है।

मप्र : पति ने पत्नी को वीडियो कॉल कर फंदा लगाया, घटना मोबाइल में कैद

इंदौर। इंदौर में एक व्यक्ति ने पारिवारिक कलह में पत्नी को वीडियो कॉल कर कथित तौर पर फंदा लगा लिया। उसकी पत्नी ने इस घटना को मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह ने बताया कि परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के निवासी मनोज निर्मल (30) का अपनी पत्नी से विवाद था और अनबन के चलते वह इन दिनों मायके में रह रही थी। एक निजी कंपनी में 'कूरियर डिलीवरी' का काम करने वाले निर्मल ने अपनी पत्नी को वीडियो कॉल किया और छत के पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। निर्मल की पत्नी ने घटना को मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया जिसे पुलिस ने उससे बरामद कर लिया है। उन्होंने निर्मल की पत्नी के नाम का खुलासा किए बगैर बताया कि आत्महत्या के मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

पेरिस ओलंपिक 2024

चौथे दिन भारत के मुकाबले

निशानेबाजी : ट्रैप पुरुष क्वालीफिकेशन : पृथ्वीराज तोंडइमन – दोपहर 12 :30 बजे

ट्रैप महिला क्वालीफिकेशन : श्रेयसी सिंह और राजेश्वरी कुमारी – दोपहर 12 :30 बजे

10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच : भारत (मनु भाकर और सरबजोत सिंह) बनाम कोरिया – एक बजे

हॉकी : पुरुष पूल बी मैच : भारत बनाम आयरलैंड – शाम 4 :45 बजे

तीरंदाजी : महिला व्यक्तिगत 1/32 एलिमिनेशन राउंड : अंकिता भकत (शाम 5 :15 बजे) और भजन कौर (शाम 5 :30 बजे)

पुरुष व्यक्तिगत 1/32 एलिमिनेशन राउंड : धीरज बोम्मादेवरा (रात 10 :45 बजे)

बैडमिंटन : पुरुष युगल (ग्रुप चरण) : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम अल्फियन फजर और मुहम्मद रियान अर्दियांतो (इंडोनेशिया) – शाम 5 :30 बजे

महिला युगल (ग्रुप चरण) : अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो बनाम सेतयाना मपासा और एंजेला यू (ऑस्ट्रेलिया) – शाम 6 :20 बजे

मुक्केबाजी : पुरुषों का 51 किग्रा राउंड ऑफ 16 : अमित पंघाल बनाम पैट्रिक चिन्येम्बा (जाम्बिया) – शाम 7 :15 बजे

महिलाओं का 57 किग्रा राउंड ऑफ 32 : जैस्मीन लेम्बोरिया बनाम नेस्टी पेटेसियो (फिलिपींस) – रात 9 :25 बजे

महिलाओं का 54 किग्रा राउंड ऑफ 16 : प्रीति पवार बनाम येनी मार्सेला एरियास (कोलंबिया) – देर रात 1 :20 बजे (31 जुलाई)

मनु-सरबजोत ने कांस्य पदक की जगाई उम्मीद

10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम का शानदार प्रदर्शन, 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में रमिता-अर्जुन पदक से चूके

पेरिस, एजेंसी

- भारतीय टीम मंगलवार को कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेगी
- रमिता को फाइनल में सातवां और अर्जुन को चौथा स्थान मिला

मनु भाकर और सरबजोत सिंह की भारतीय जोड़ी ने पेरिस ओलंपिक में सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई कर लिया। वहीं 10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल में रमिता जिंदल और पुरुष फाइनल में अर्जुन बबूता पदक जीतने से चूक गईं।

क्वालीफाईंग राउंड के पहले सेट में मनु और सरबजोत ने 193 अंक, दूसरे सेट में 195 अंक और तीसरे सेट में 192 अंक अर्जित किये। दोनों ने कुल 580 अंक के साथ तीसरे नंबर पर रहे। अब भारतीय मिश्रित टीम मंगलवार को कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेगी। इस स्पर्धा में भारत की रमिता जिंदल आठ महिलाओं के साथ हुई स्पर्धा में एक समय चौथे स्थान पर थीं। लेकिन लय बरकरार रखने में विफल रही और 145.3 अंक सातवें स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की बान ह्योजिन ने महिलाओं की 10 मीटर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में 251.8 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। यह वर्ष 1992 के बाद से दक्षिण कोरिया की किसी एथलीट के लिए इस स्पर्धा में पहला स्वर्ण और ओलंपिक ग्रीष्मकालीन खेलों के इतिहास में दक्षिण कोरिया की टीम द्वारा जीता गया 100वां स्वर्ण पदक है। चीन की 17 वर्षीय हुआंग युटिंग को मिला तथा कांस्य पदक स्विट्जरलैंड की ऑड्रे गोगनियाट ने जीता।

भारत के स्टार निशानेबाज अर्जुन बबूता सोमवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में पुरुषों के 10 मीटर के एयर राइफल के फाइनल मुकाबले में पदक से चूक गए। अर्जुन बबूता 208.4 का स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में चीन के लिहाओ शेंग ने 252.2 के स्कोर के साथ ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक और मौजूदा विश्व चैंपियन स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन ने 251.4 स्कोर करते हुए रजत और क्रोएशिया के मिरान मैरिसिक ने (230.0) तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता। अर्जुन ने 10.7 के साथ शुरुआत करते हुए फाइनल में जल्द ही बढ़त बना ली। उन्होंने अपने पहले 10 शॉट्स में 105.0 का स्कोर किया और लिहाओ शेंग (105.8) और क्रोएशिया के मिरान मैरिसिक (105.1) के बाद तीसरे स्थान पर रहे। लेकिन उनके 13वें शॉट पर 9.9 और उनके 20वें और अंतिम शॉट पर 9.5 के स्कोर ने उन्हें पदक की दौड़ से बाहर कर दिया।

मनु भाकर और सरबजोत सिंह

रमिता जिंदल

अर्जुन बबूता

बैडमिंटनः लक्ष्य सेन ने कैरेगी को हराया

पेरिस। ओलंपिक में पदार्पण कर रहे भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने धीमी शुरुआत से उबरकर सोमवार को पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के ग्रुप एल में बेल्जियम के जूलियन कैरेगी को सीधे गेम में हरा दिया। लक्ष्य ने ग्रुप के अपने पहले मैच में रविवार को केविन कोर्डन को हराया था लेकिन गुआटेमाला के खिलाड़ी के कोहनी की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटने के बाद उनके सभी नतीजों को डिलीट कर दिया गया। इस तरह ग्रुप एल में अब सिर्फ तीन खिलाड़ियों के बीच चुनौती की है जबकि पहले चार खिलाड़ी दावेदारी पेश कर रहे थे। भारत के दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने दुनिया के 52वें नंबर के खिलाड़ी कैरेगी को 43 मिनट में 21-19, 21-14 से शिकस्त दी। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य अब अपने अंतिम ग्रुप मैच में 31 जुलाई को इंडोनेशिया के दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे।

पुरुष तीरंदाजी टीम क्वार्टरफाइनल में हारी

पेरिस, एजेंसी

धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम सोमवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में तुर्किए के साथ हुये क्वार्टरफाइनल में मुकाबले में 6-2 से हार बाहर हो गई। लेस इनवैलिड्स में पहले दो सेटों में भारतीय तिकड़ी 57-53 और 55-52 से हार गई थी। जबकि तीसरा सेट भी तुर्किए के पक्ष में जाता दिख रहा था, लेकिन बर्किम टुमर ने आखिर में सात का शॉट लगाते हुए यह सेट अपने नाम कर लिया। भारतीय तीरंदाजों को तुर्किए की तिकड़ी मेटे गाजोज, बर्किम टुमर और अब्दुल्ला यिलदिरमिस ने हराया। अंतिम सेट में जाधव ने दो 10 का स्कोर किया लेकिन दो बार के विश्व कप कांस्य पदक विजेता बोम्मदेवरा ने अंतिम प्रयास में केवल सात का स्कोर कर सके। तुर्किए ने चौथा सेट 58-54 से जीत लिया।

पदक तालिका

देश				कुल
चीन	5	2	2	9
द. कोरिया	5	2	1	8
ऑस्ट्रेलिया	4	3	0	7
जापान	4	2	3	9
फ्रांस	3	6	3	12
अमेरिका	3	6	3	12
ब्रिटेन	2	3	3	8
जर्मनी	2	0	0	2
इटली	1	2	3	6
कजाखिस्तान	1	0	2	3
बेल्जियम	1	0	1	2
हांगकांग	1	0	0	1
भारत	0	0	1	1

धीरज बोम्मदेवरा।

प्रवीण जाधव।

तरुणदीप राय।

पोनप्पा और क्रास्टो की दूसरी हार

पेरिस, एजेंसी

भारत की अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी पेरिस ओलंपिक बैडमिंटन महिला युगल में सोमवार को जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा से हारकर लगातार दूसरी हार के साथ बाहर होने की कगार पर पहुंच गई हैं। भारतीय जोड़ी को 48 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 21-11, 21-12 से पराजय का सामना करना पड़ा। इससे पहले कल भारत की यह जोड़ी ग्रुप सी में दक्षिण कोरियाई किम सो यियोंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से 18-21 10-21 से हार गई थी।

दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी पोनप्पा और क्रास्टो फिलहाल ग्रुप में जापान और कोरिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। पोनप्पा ने मुकाबले के बाद कहा, यह हार निराशाजनक है। हमें एक और मैच खेलना है और उम्मीद है कि वह जीत सकेंगे। अब आखिरी ग्रुप मैच में पोनप्पा और क्रास्टो का सामना आस्ट्रेलिया की सेतियाना मोपासा और एंजेला यू से होगा।

खेल डायरी

बैडमिंटनः चिराग-सात्विक क्वार्टरफाइनल में

पेरिस। भारत के चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक 2024 बैडमिंटन स्पर्धा में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। चिराग-सात्विकसाईराज की जोड़ी का मुकाबला जर्मनी के मार्क लैम्सफस और मार्विन सीडेल से होना था। लैम्सफस चोट के कारण इस जोड़ी को ओलंपिक से हटना पड़ा, जिसके कारण मैच रद हो गया। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने अपने अभियान की शुरुआत 40वीं रैंकिंग वाले फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबर को 21-17, 21-14 से हराकर की थी। वहीं, कोरवी और लाबर को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान से हार मिली। सात्विक-चिराग का अगला ग्रुप सी मुकाबला मंगलवार को इंडोनेशियाई जोड़ी से होगा।

टेनिसः नोवाक जोकोविच ने राफेल नडाल को हराया

पेरिस। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक 2024 में सोमवार को पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में स्पेन के राफेल नडाल को 6-1, 6-4 से हरा दिया। सोमवार को खेले गये इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच ने 39 मिनट में पहला सेट आसानी से जीत लिया। नडाल ने दूसरे सेट में अपना प्रदर्शन बेहतर किया। लेकिन पहली सर्व पर अधिक अंक अर्जित करने और ज्यादा ब्रेक प्वाइंट हासिल करने के बावजूद नडाल सेट हार गए। उल्लेखनीय है कि 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल ने कोर्ट पर 117 मैचों में से सिर्फ पांच हारे हैं। इनमें से तीन बार उन्हें 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने हराया। जोकोविच ने अब पुरुष एकल टेनिस में नडाल के खिलाफ अपने 60 मैचों में से 31 जीते हैं। जोकोविच ने बीजिंग 2008 में कांस्य पदक जीता था।

2025 में एशिया कप की मेजबानी करेगा भारत

कुआलालंपुर, एजेंसी

- टी20 प्रारूप में खेला जाएगा टूर्नामेंट, बांग्लादेश 2027 में करेगा आयोजन

भारत 2025 में टी20 प्रारूप में पुरुष एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अगले सत्र की मेजबानी करेगा, जो 2026 में देश में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले होगा। एशियाई क्रिकेट परिषद ने रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण (आईईओआई) में इसकी घोषणा की। एशिया कप को हमेशा वैश्विक आयोजन की तैयारियों के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और उसी प्रारूप में खेला जाता है जिसमें विश्व कप आयोजित किया जाएगा।

एशिया कप के 2023 सत्र की मेजबानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाईब्रिड मॉडल पर की थी। भारत ने तब पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था और इसके ज्यादातर मैच श्रीलंका में खेले गये थे। बांग्लादेश 2027 में एकदिवसीय प्रारूप में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा क्योंकि 2027 में दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय विश्व कप खेला जाना है। भारत में टी20 प्रारूप और बांग्लादेश में 50 ओवर के प्रारूप में खेले जाने वाले एशिया कप में 13-13 मैच होंगे। एसीसी ने कहा, गैर टेस्ट देश क्वालीफाइंग प्रतियोगिता से इसमें अपनी जगह बनायेगा।

हरमनप्रीत के गोल से अर्जेंटीना को ड्रॉ पर रोका

पेरिस, एजेंसी

- 59वें मिनट में मिले अहम पेनल्टी कॉर्नर को कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदला
- मंगलवार को आयरलैंड व इसके बाद बेल्जियम और आस्ट्रेलिया जैसी टीमों से सामना होगा

आखिरी सीटी बजने से एक मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर भारत ने पेरिस ओलंपिक पुरूष हॉकी स्पर्धा में पूल बी के मैच में रियो ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। भारत को इस मैच में मिले दसवें पेनल्टी कॉर्नर पर यह पहला गोल आया जो सारी कहानी खुद कहता है। पिछले मैच में भी 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर हरमनप्रीत के गोल की बदौलत ही भारत ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया था।

तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम पूरे मैच में रंगत में नहीं दिखी। पेनल्टी कॉर्नर बेहद कमजोर रहा और मनप्रीत सिंह तथा हार्दिक सिंह जैसे अनुभवी मिडफील्डर मैच में कहीं दिखे ही नहीं। इसके अलावा अहम मौकों पर फॉरवर्ड पंक्ति ने कई गलतियां की और मौके गंवाये। अर्जेंटीना ने 22वें मिनट में लुकास मार्तिनेज के गोल के दम पर बढ़त बना ली और उसके बाद भारतीय टीम बराबरी के गोल के लिये तरसती रही। भारतीयों ने सर्कल के भीतर कई बार हमले बोले लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर सैंतियागो तोमास ने जबर्दस्त मुस्तैदी से भारत का हर वार नाकाम कर दिया। लेकिन भारत को 59वें मिनट में अहम पेनल्टी कॉर्नर मिला। भारतीय टीम पेनल्टी स्ट्रोक की मांग कर रही थी लेकिन रेफरल के बाद कार्नर दिया गया। हरमनप्रीत ने इस पर गोल करके स्टेडियम में मौजूद भारतीय दर्शकों को निराश लौटने से बचा लिया। अब भारत को मंगलवार को आयरलैंड से खेलना है, जिसके बाद बेल्जियम और आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीमों से सामना होगा। ऐसे में कोच क्रेग फुल्टोन को कमजोर कड़ियों को कसना होगा।

गोल करने के बाद जश्न मनाते भारतीय हॉकी खिलाड़ी। ● एजेंसी

खेलो इंडिया तंत्र की देन हैं मनु भाकर : मांडविया

नई दिल्ली, एजेंसी

- खेल मंत्री बोले परियोजना के तहत खिलाड़ियों को मिलती है बेहतर सुविधा

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी मनु भाकर सरकार के खेलो इंडिया अभियान के तंत्र की देन हैं। भाकर ने रविवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था।

मांडविया ने एजेंसी से कहा, जब वह (खेलों से पहले) प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी से मिलीं, तो उन्होंने उन्हें बताया कि खेलो इंडिया की पहल ने उनके जैसे कई खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में मदद की है। भाकर ने अपने करियर में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक सहित कई अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं। उन्होंने खेलो इंडिया खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता है। मांडविया ने कहा, खेलो इंडिया के दो महत्वपूर्ण हिस्से हैं, कीर्ति परियोजना के माध्यम से हम कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों के बीच प्रतिभा की पहचान कर रहे हैं और उन्हें उचित माहौल, प्रशिक्षण, छात्रावास सुविधाएं दे रहे हैं और खर्चों का ख्याल रख रहे हैं।

श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत

पालेकल, एजेंसी

- मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:00 बजे शुरू होगा
- तीन मैचों की टी20 शृंखला में भारत ने 2-0 से बढ़त बनाई

नए कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम किसी भी तरह से ढिलाई नहीं बरतेगी और मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका की कमजोरियों का फायदा उठाकर तीन मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप करने के लिए मैदान पर उतरेगी। भारत पहले दोनों मैच जीतकर शृंखला अपने नाम कर चुका है लेकिन उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। भारत ने रविवार को बारिश से प्रभावित दूसरा मैच सात विकेट से जीता था।

श्रीलंका के लिए सबसे बड़ी चिंता उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन है। दूसरी तरफ भारत ने अभी तक विश्व चैंपियन की तरह ही प्रदर्शन किया है। भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक श्रीलंका के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया है। भारतीय कप्तान ने अभी तक 58 और 26 रन की पारियां खेलकर आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। भारत ने दूसरे मैच में बल्लेबाजी क्रम में थोड़ा बदलाव किया था। उसने चोटिल उप कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की जगह संजू सैमसन को टीम में रखा था। यह देखना होगा कि गिल तीसरे मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं क्योंकि बारिश के कारण सैमसन को जब एक घंटे के इंतजार के बाद मौका मिला तो वह खाता खोले बिना आउट हो गए थे। श्रीलंका की तरफ से बल्लेबाजी में पथुम निसांका (111 रन) और कुसल परेरा (73) ने ही उपयोगी योगदान दे पाए हैं लेकिन उसकी सबसे बड़ी समस्या बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है।

अभ्यास सत्र में भाग लेंगे रोहित और कोहली

कोलंबो। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सहित अन्य खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ दो अगस्त से शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की शृंखला से पहले यहां अभ्यास सत्र में भाग लेंगे। रोहित, कोहली और पहली बार टीम में शामिल किए गए हर्षित राणा सहित वनडे टीम मैं शामिल खिलाड़ी रविवार को यहां पहुंचे। टी20 के अंतिम मैच के बाद वनडे टीम में शामिल खिलाडी रोहित के नेतृत्व वाली टीम से जुड़ेंगे। रोहित, कोहली और कुलदीप यादव टी20 विश्व कप में भारत की जीत के बाद पहली बार मैदान पर उतरेंगे। श्रीलंका के खिलाफ वनडे शृंखला से श्रेयस अय्यर भी राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे।

मैंने भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेल लिया: बोपन्ना

पेरिस। अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने ओलंपिक के पुरुष युगल के पहले दौर में हार का सामना करने के बाद कहा कि उन्होंने भारत के अपना आखिरी मैच खेल लिया है। बोपन्ना देश के लिए अपने करियर का अंत और बेहतर तरीके से करना चाहते थे लेकिन उन्हें इस बात पर गर्व है कि उन्होंने 22 साल के अपने करियर में कई शानदार सफलता हासिल की। बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी की पुरुष युगल जोड़ी यहां दुधिया रोशनी में रविवार रात को खेले गए मैच में एडवर्ड रोजर वासेलिन और गेल मोनफिल्स की फ्रांसीसी जोड़ी से 5-7, 2-6 से हार गयी। इस जोड़ी की हार के साथ ही टेनिस में 1996 के बाद भारत के लिए ओलंपिक पदक का सूखा बरकरार रहा। दिग्गज लिएंडर पेस ने अटलांटा ओलंपिक के पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता था।

ओलंपिक के लिए खिलाड़ी उत्साहित

पेरिस, एजेंसी

- ओलंपिक में क्रिकेट: एक नए युग की शुरुआत विषय पर चर्चा के लिए फ्रांस पहुंचे राहुल द्रविड़
- पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा- महाकुंभ में प्रतिस्पर्धा को लेकर ड्रेसिंग रूप में गंभीर बात सुनी

क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने के धुर समर्थक रहे दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि क्रिकेटर इन खेलों का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े खेल महाकुंभ में प्रतिस्पर्धा करने को लेकर ड्रेसिंग रूम में गंभीर बातचीत सुनी है।

क्रिकेट को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है। द्रविड़ इस संबंध में ओलंपिक में क्रिकेटः एक नए युग की शुरुआत विषय पर पैनल चर्चा में भाग लेने के लिए फ्रांस की राजधानी में हैं। पूर्व भारतीय कप्तान और कोच द्रविड़ ने कहा, मैंने इस संबंध में ड्रेसिंग रूम में गंभीर बातचीत सुनी है। लोग 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप और 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के साथ 2028 के ओलंपिक खेलों के बारे में भी चर्चा कर रहे हैं। मैंने उन्हें यह कहते सुना है कि 2028 में ओलंपिक है। उन्होंने कहा, क्रिकेटर भी स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं, पोडियम पर खड़े होना चाहते हैं, और खेल गांव, एक बड़े खेल आयोजन का हिस्सा बनना चाहते हैं, और इतने सारे खिलाड़ियों के साथ बातचीत करना चाहते हैं।

द्रविड़ ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि जब अगला ओलंपिक करीब होगा तो क्रिकेटर इसके लिए तैयारी कर रहे होंगे। वे इसे गंभीरता से लेंगे और खिलाड़ी वहां पहुंचने के लिए जी-जान से मेहनत करेंगे। यहां इंडिया हाउस में चर्चा के दौरान इस महान बल्लेबाज के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सीईओ ज्योफ एलार्डिस भी मौजूद थे। द्रविड़ ने उम्मीद जताई के चार साल बाद होने वाले ओलंपिक खेलों में भारत महिला और पुरुष दोनों वर्ग में स्वर्ण पदक जीतेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

एक नजर

पाकिस्तान में सुरक्षा बल से हुई झड़प में तीन की मौत

ग्वादर। पाकिस्तान में ग्वादर के विभिन्न इलाकों में रविवार को बलूचिस्तान यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) के विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा कर्मियों के साथ झड़प में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि तलार चौकी पर सुरक्षा बलों द्वारा एक काफिले को रोके जाने के बाद सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प शुरू हो गयी जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी और कई घायल हो गए।

जापान में भीषण लू की चेतावनी जारी

तोक्यो। जापान के 47 प्रान्तों में से 38 प्रांत के लिये भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की गयी है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि सोमवार को कुछ क्षेत्रों में भीषण लू चलने के आसार हैं। उच्च दबाव प्रणाली के कारण मुख्य रूप से पूर्वी और पश्चिमी जापान में धूप और गर्म मौसम बना रहेगा, तथा कुमागाया, कोफू और हमामात्सू शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार है।

नाव में लगी आग, 14 मछुआरों को बचाया गया

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया के समुद्री सुरक्षा इकाइयों ने देश के पूर्वी तटीय प्रांत मोनास्टिर के पास 14 मछुआरों को बचाया, जिनकी नाव में आग लग गई थी। ट्यूनिस अफ्रीक प्रेस (टीएपी) ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। टीएपी ने कहा सूसे बंदरगाह पर नियंत्रण टॉवर को शुक्रवार को एक संकट संकेत मिला कि एक मछली पकड़ने वाली नाव में आग लग गई है, जिसमें 14 मछुआरे सवार थे।

बांग्लादेश में आज रखा जाएगा राष्ट्रव्यापी शोक

ढाका। बांग्लादेश की सरकार ने सोमवार को पहली बार स्वीकार किया कि आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ छात्रों के हिंसक प्रदर्शन के दौरान देशभर में 150 लोगों की मौत हुई है। इन हिंसक प्रदर्शनों में पुलिसकर्मियों सहित काफी संख्या में लोग घायल हुए हैं और अहम सरकारी प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में हसीना की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद कैबिनेट सचिव महबूब हुसैन ने मीडिया को बताया कि सरकार ने फैसला किया है कि कल देशव्यापी शोक रखा जाएगा... लोगों से (हिंसा के दौरान हुई) मौतों पर शोक व्यक्त करने के लिए काले बैज पहनने का आग्रह किया गया है।

शहीदों को श्रद्धांजलि

कारगिल युद्ध के 25 साल पूरे होने पर जबलपुर के सिग्नल्स कोर की डेयरडेविल टीम ने सोमवार को एक अलग ही अंदाज में सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। सात मोटरसाइकिलों पर 10,800 फीट की ऊंचाई पर पांच किमी की दूरी तय करके 31 योद्धाओं का मानव पिरामिड बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। ● एजेंसी

कैलिफोर्निया युवा आयोग में दो भारतीय नेताओं की नियुक्ति

वाशिंगटन। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने भारतीय-अमेरिकी मूल के नेताओं राज भूटोरिया और अवंती रामराज को अपने युवा सशक्तीकरण आयोग में नियुक्त किया है। औपचारिक रूप से 2023 में स्थापित कैलिफोर्निया युवा आयोग नागरिकों, विशेष रूप से अलग-थलग एवं वंचित युवाओं के लिए सहभागिता के सार्थक अवसर प्रदान करता है। भूटोरिया 2023 से स्नैपर कंपनी में चीफ आफ स्टाफ हैं। वह इससे पहले 2022 से 2023 तक 'एक्सेंचर' में रणनीति विश्लेषक और 2019 से 2021 तक वित्तीय अर्थशास्त्र संस्थान में शोधकर्ता थे। गवर्नर कार्यालय ने कहा रामराज सांता क्लारा में 2024 से अप्रयुक्त चिकित्सा पुनर्वितरण पहल में प्रशिक्षु हैं।

राजनीति में एआई के इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ी

मस्क ने हैरिस का फर्जी वीडियो किया साझा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● कमला हैरिस की प्रचार टीम ने कहा- एलन मस्क एवं डोनाल्ड ट्रंप नकली, हेरफेर कर झूठ फैला रहे

छेड़छाड़ वीडियों में कमला कह रही- बाइडेन बूढ़े हो गए है

अरबपति उद्योगपति एलन मस्क ने छेड़छाड़ किया हुआ एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है जिसमें अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार कमला हैरिस की आवाज की नकल की गई है और वे बातें कही गई हैं जो उपराष्ट्रपति ने कभी नहीं कही हैं।

इस वीडियो के कारण चुनाव में कृत्रिम मेधा (एआई) की गुमराह करने की ताकत को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। इस वीडियो ने तब लोगों का ध्यान आकर्षित किया जब मस्क ने इसे शुक्रवार शाम को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया कि इसे मूल रूप से पैरोडी के रूप में जारी किया गया था। इस वीडियो में हैरिस के कुछ असल दृश्य जोड़े गए है। मस्क द्वारा साझा किए वीडियो को 12 करोड़ 30 लाख लोग देख चुके हैं।

गूगल पर राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का संदेह

वाशिंगटन। अमेरिका के अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने सर्च इंजन गूगल पर अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का संदेह जताया है। मस्क ने एक्स पर कहा वाह गूगल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में खोज पर प्रतिबंध लगा दिया है! चुनाव में हस्तक्षेप? उन्होंने एक स्क्रीनशॉट संलग्न करते हुए दिखाया कि जब सर्च बार में राष्ट्रपति डोनाल्ड टाइप किया जाता है, तो ब्राउजर के सुझाव राष्ट्रपति डोनाल्ड डक और राष्ट्रपति डोनाल्ड रेगन होते हैं।

क्वाड की बैठक से चीन को कड़ा संदेश

साझा बयान में कहा- किसी भी देश को दूसरे देश पर हावी नहीं होना चाहिए, आतंकवाद की निंदा की

तोक्यो, एजेंसी

चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) समूह के सदस्य देशों ने चीन को स्पष्ट संदेश देते हुए स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत को लेकर अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की सोमवार को पुनः पुष्टि की तथा एक ऐसा क्षेत्र बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया, जहां कोई भी देश दूसरे देश पर हावी न हो और प्रत्येक राष्ट्र हर प्रकार के दबाव से मुक्त हो।

यहां हुई बैठक में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने स्वतंत्र एवं नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने और राष्ट्रों की स्वतंत्रता, मानवाधिकारों, लोकतांत्रिक मूल्यों, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का सम्मान करने का भी आह्वान किया। बैठक में भारत के विदेश मंत्री जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने हिस्सा लिया। चारों विदेश मंत्रियों ने चीन का सीधे तौर पर नाम लिए बिना पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की और किसी भी ऐसी एकतरफा कार्रवाई के प्रति क्वाड के कड़े विरोध को दोहराया जिसके जरिए बल या दबाव से यथास्थिति को बदलने की कोशिश की जाती है। बयान में मंत्रियों ने कहा क्षेत्रीय शांति, स्थिरता एवं समृद्धि में योगदान देने में सभी देशों की भूमिका है।



तोक्यो में क्वाड देश के विदेश मंत्रियों के साथ उपस्थित जयशंकर। ● एजेंसी

● बैठक में अमेरिका, भारत, जापान व आस्ट्रेलिया ने वैश्विक सुरक्षा को लेकर किया मंथन

चीन के समुद्री मिलिशिया पोतों के खतरनाक इस्तेमाल का भी जिक्र : मंत्रियों ने दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती गतिविधियों, खासकर तट रक्षक और समुद्री मिलिशिया पोतों के खतरनाक इस्तेमाल का भी जिक्र किया। संयुक्त बयान में कहा गया कअ हम विवादित क्षेत्रों के सैन्यीकरण और दक्षिण चीन सागर में बलपूर्वक और डराने वाली गतिविधियों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। इसमें कहा गया है हम तटरक्षक और समुद्री मिलिशिया पोतों के खतरनाक इस्तेमाल, विभिन्न प्रकार के खतरनाक युद्धाभ्यासों के बढ़ते उपयोग और अन्य देशों की अपतटीय संसाधन दोहन गतिविधियों को बाधित करने के प्रयासों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। मंत्रियों ने दक्षिण व पूर्वी चीन सागर सहित नियम-आधारित वैश्विक समुद्री व्यवस्था के समक्ष चुनौतियों का समाधान करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून, समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) में प्रतिबिंबित कानून के पालन के महत्व पर बल दिया।

मुंबई और पठानकोट सहित आतंकवादी हमलों की निंदा : विदेश मंत्रियों ने कहा हम 26 नवंबर 2008 को हुए मुंबई हमलों और पठानकोट हमलों सहित आतंकवादी हमलों की फिर से कड़ी निंदा करते हैं और इन हमलों में शामिल रहे लोगों को बिना देरी के न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान करते हैं।

भारत-चीन सीमा विवाद में तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं

तोक्यो। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-चीन सीमा विवाद में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से इनकार करते हुए कहा कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच मुद्दे का समाधान उन्हीं दोनों को निकालना है। जयशंकर ने कहा भारत और चीन के बीच वास्तविक मुद्दे को सुलझाने के लिए हम अन्य देशों की ओर नहीं देख रहे हैं। क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए जयशंकर ने यह भी कहा कि चीन के साथ भारत के संबंध अच्छे नहीं हैं। हमारे बीच एक समस्या है, या मैं कहना चाहूंगा कि भारत और चीन के बीच एक मुद्दा है। मुझे लगता है कि हम दोनों को इस पर बात करनी चाहिए और समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने इस महीने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ दो बार हुई अपनी बैठक को याद करते हुए कहा जाहिर है, दुनिया के अन्य देशों की भी इस मामले में रुचि होगी, क्योंकि हम दो बड़े देश हैं और हमारे संबंधों की स्थिति का बाकी दुनिया पर प्रभाव पड़ता है।

बौखलाए चीन ने कृत्रिम रूप से तनाव पैदा करने का लगाया आरोप

बीजिंग। चीन ने सोमवार को अमेरिका और भारत समेत चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) समूह के देशों पर एशिया प्रशांत क्षेत्र में अन्य देशों के विकास को रोकने के लिए कृत्रिम रूप से तनाव पैदा करने और टकराव भड़काने का आरोप लगाया। बीजिंग का यह बयान तब आया है जब कुछ घंटों पहले अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया वाले क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने तोक्यो में एक बैठक में स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत को लेकर अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की तथा एक ऐसा क्षेत्र बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया, जहां कोई भी देश दूसरे देश पर हावी न हो और प्रत्येक राष्ट्र हर प्रकार के दबाव से मुक्त हो। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि यह एशिया-प्रशांत में शांति एवं विकास और स्थिरता की वैश्विक प्रवृत्ति के खिलाफ है।

रूसी सेना ने भारतीय युवक को यूक्रेन युद्ध में भेजा, मौत

चंडीगढ़, एजेंसी

● हरियाणा का रहने वाला था युवक लड़ने को अग्रिम मोर्चे पर भेजा था

● मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने रवि मौन की मौत की पुष्टि की

रूस में काम के लिए गए हरियाणा के एक 22 वर्षीय युवक को सेना में भर्ती कर लिया गया और उसे यूक्रेन युद्ध में लड़ने के लिए भेज दिया गया। युद्ध में भारतीय युवक की मौत हो गई। युवक के परिवार ने दावा किया है कि रूसी सेना ने यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ने के लिए अग्रिम मोर्चे पर उसे भेजा था। युवक के भाई अजय मौन ने बताया कि मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने रवि मौन की मौत की पुष्टि की है। रवि हरियाणा के कैथल जिले के मटौर गांव के निवासी थे।

अजय ने दावा किया कि रवि 13 जनवरी को परिवहन संबंधी नौकरी के लिए रूस गए थे, लेकिन उन्हें सेना में भर्ती कर लिया गया। अजय ने अपने भाई के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए दूतावास को 21 जुलाई को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा दूतावास ने हमें बताया कि उनकी मौत हो गई है। परिवार ने कहा कि दूतावास ने शव की पहचान के लिए उनसे डीएनए परीक्षण रिपोर्ट भेजने के लिए भी कहा। अजय ने कहा रवि 13 जनवरी को रूस गए थे। एक एजेंट ने उन्हें परिवहन संबंधी नौकरी के लिए रूस भेजा था लेकिन उन्हें रूसी सेना में शामिल कर लिया गया। रूस ने उसकी सेना में शामिल भारतीय नागरिकों को नौकरी से शीघ्र मुक्त करने और उनकी वापसी सुनिश्चित करने की भारत की मांग मानने पर कुछ ही दिन पहले सहमति जताई थी।

जेल भेजने की दी थी धमकी

अजय मौन ने आरोप लगाया कि रूसी सेना ने उनके भाई से कहा था कि वह यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ने के लिए अग्रिम मोर्चे पर जाएं या फिर 10 साल जेल की सजा भुगतें। उन्होंने कहा कि रवि को खाई खोदने का प्रशिक्षण दिया गया था और बाद में उन्हें अग्रिम मोर्चे पर भेज दिया गया। अजय ने कहा हम 12 मार्च तक उनके संपर्क में थे और वह बहुत परेशान थे।

शव लाने का किया अनुरोध

अजय मौन ने अपने भाई के शव को वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा हमारे पास उनके शव को वापस लाने के लिए पर्याप्त धन नहीं है। परिवार ने एक एकड़ जमीन बेचकर उन्हें रूस भेजने के लिए 11.50 लाख रुपये खर्च किए थे।

हैरिस 44 लाख भारतीय-अमेरिकियों के लिए आशा और प्रतिनिधित्व का प्रतीक : भुटोरिया

वाशिंगटन, एजेंसी

डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चंदा इकट्ठा करने वाले अजय भुटोरिया ने कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अमेरिका में 44 लाख से अधिक भारतीय-अमेरिकियों के लिए आशा और प्रतिनिधित्व का प्रतीक हैं। हैरिस के राष्ट्रपति प्रचार अभियान का जमीनी स्तर पर उत्साह परिणाम दे रहा है।

हैरिस (59) अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार हैं। उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के इस दौड़ से हटने के बाद पिछले सप्ताह राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा की थी। हालांकि, अभी डेमोक्रेटिक पार्टी ने उन्हें अपना आधिकारिक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

हैरिस में चुनाव जीतने की क्षमता: सलमान रुश्दी

न्यूयॉर्क। मुंबई में जन्मे लेखक सलमान रुश्दी ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस का समर्थन करते हुए कहा है कि उपराष्ट्रपति हैरिस ही वह व्यक्ति हैं जो पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को देश को सत्तावाद की ओर ले जाने से रोक सकती हैं। रुश्दी ने रविवार को एक डिजिटल कार्यक्रम साउथ एशियन मेन फॉर हैरिस के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैरिस के प्रति अपना समर्थन जताया।

पूर्व उपराष्ट्रपति अल गोर ने हैरिस का समर्थन किया

वाशिंगटन। पूर्व उपराष्ट्रपति अल गोर ने जलवायु संबंधी मुद्दों के पक्ष में तेल और गैस अधिकारियों के खिलाफ खड़े होने के हैरिस के लंबे रिकॉर्ड का हवाला देते हुए उम्मीदवार के रूप में उनका समर्थन किया है।

मादुरो ने जीता वेनेजुएला का राष्ट्रपति चुनाव, अनियमितता का लगा आरोप

कारकस, एजेंसी

● राष्ट्रीय चुनाव परिषद के अध्यक्ष एल्विस ने जारी किया परिणाम

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने 51.2 प्रतिशत वोट के साथ तीसरी बार राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल कर ली है। राष्ट्रीय चुनाव परिषद के अध्यक्ष एल्विस एमोरोसो ने सोमवार को पत्रकारों और पर्यवेक्षकों से कहा 80 प्रतिशत आंकड़ों के साथ, हमने पहले मतदान का परिणाम जारी किया।

करीब 59 प्रतिशत की भागीदारी दर के साथ ग्रेट पैट्रियटिक पोल से निकोलस मादुरो मोरोस को 51.20 प्रतिशत के साथ 5,150,092 वोट मिले जबकि यूनिटी काउंसिल से उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज को 44.2 प्रतिशत के साथ 4,445,978 वोट मिले। मादुरो के लिए आगामी राष्ट्रपति कार्यकाल लगातार तीसरा होगा। वह 2013 से बोलिवेरियन गणराज्य का नेतृत्व कर रहे हैं। वहीं विपक्षी नेता नतीजों का विरोध करने की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने तोक्यो में कहा कि उनके देश को गंभीर चिंता है कि घोषित किए गए नतीजे वेनेजुएला के लोगों की इच्छा या वोटों को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं।

जिनपिंग से मिलीं मेलोनी तीन नए प्लान पर हस्ताक्षर

बीजिंग। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी चीनी दौरे पर हैं। उन्होंने राष्ट्रपति सी जिनपिंग से मुलाकात की। मेलोनी के इस यात्रा से चीन और इटली के बीच के संबंधों को फिर से सुधरता हुआ देखा जा सकता है। मेलोनी ने चीन के प्रधानमंत्री ली कीआंग के साथ भी बैठक की। उन्होंने इस बैठक में चीन के साथ तीन नए प्लान पर दस्तखत किए हैं। इटली और चीन के बीच जिस प्लान पर दस्तखत हुए हैं उसमें इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, और रिन्यूएबल जैसे इंडस्ट्रियल सेक्टर शामिल है। मेलोनी ने कहा है कि हमें बहुत काम करना है, और मुझे विश्वास है कि यह काम सिर्फ वैश्विक स्तर पर नहीं बल्कि बहुपक्षीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण है।

बॉलीवुड हलचल

जाह्नवी कपूर की उलझ का म्यूजिक एल्बम रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का एल्बम रिलीज कर दिया है। फिल्म उलझ के म्यूजिक एल्बम में छह गाने हैं जिन्हें बेहद प्रतिभाशाली शाश्वत सचदेव ने निर्मित और संगीतबद्ध किया है। जुबिन नौटियाल, नेहा कक्कड़ और शाश्वत सचदेव ने आवाज़ दी है। जाह्नवी कपूर ने कहा, मैं उलझ को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह एल्बम प्यार का एक श्रम है, और मैं अपने प्रशंसकों को हमारे द्वारा बनाए गए जादू का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। प्रत्येक गीत एक कहानी कहता है, और प्रत्येक गीत विशेष है! गुलशन देवैया ने कहा उलझ पर काम करना एक यादगार अनुभव रहा है। सभी कलाकारों और प्रोडक्शन टीम के बीच सहयोग अद्भुत रहा है, और अंतिम उत्पाद कुछ ऐसा है जिससे हम सभी बहुत खुश हैं।

फिल्म केडी द डेविल से संजय दत्त का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त के जन्मदिन पर फिल्म केडी द डेविल से उनका फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। संजय दत्त आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं।संजय दत्त के जन्मदिन के खास मौके पर फिल्म केडी द डेविल से उनका फर्स्ट लुक रिलीज किया गया है। इस फिल्म में संजय दत्त देव के किरदार में नजर आयेंगे। केडी-द डेविल के निर्देशक प्रेम ने कहा,फिल्म जगत में संजय दत्त की महानता को कौन नहीं जानता? उन्होंने कई प्रभावशाली भूमिकाएं निभाई हैं। उनके मुन्नाभाई को आज भी बहुत सराहा जाता है, मैं बहुत आभारी और धन्य महसूस करता हूं कि वो यह फिल्म करने के लिए राजी हुए और उनके साथ काम करना एक खुशी की बात थी। वहीं संजय दत्त ने कहा,मैं केडी-द डेविल का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। प्रेम सर ने जिस तरह से फिल्म की दुनिया की कल्पना की है, वह मुझे बहुत पसंद आया। यह एक ऐतिहासिक एक्शन और पैन इंडिया फिल्म है।

एकता कपूर की फिल्म बिन्नी एंड फैमिली का पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर की आने वाली फिल्म बिन्नी एंड फैमिली का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म से वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन डेब्यू करने जा रही है। उनकी डेब्यू फिल्म का पोस्टर रिलीज हो गया है। बिन्नी एंड फैमिली हर जेनरेशन की कहानी है। इस फिल्म में पुराने जमाने के संस्कार और मॉडर्न जमाने के विचार के बीच के कॉम्प्लिकेशन को दिखाया गया है। इस फिल्म में पंकज कपूर, राजेश कुमार, हिमानी शिवपुरी और चारु शंकर भी हैं। यह फिल्म 30 अगस्त को रिलीज होगी।

मौसम यूरोपीय संघ के कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा ने जारी किया वैश्विक औसत ताप का आंकड़ा

21 जुलाई रहा दुनिया का सबसे गर्म दिन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : गर्मी इतिहास के पुराने सारे रिकार्ड तोड़ने में तुली है। इस बार पृथ्वी का सबसे गर्म दिन 21 जुलाई को रिकार्ड किया गया है। यूरोपीय संघ के कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा ने यह जानकारी दी है।

कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा ने इस बार गर्मी के नए आंकड़े जारी किए हैं। यह संस्था 1940 से पृथ्वी के जलवायु पैटर्न पर नज़र रख रही है। इस संस्था को सी3एस के नाम से भी जाना जाता है। सी3एस के मुताबिक 21 जुलाई कम से कम 20वीं सदी की शुरुआत के बाद से पृथ्वी पर सबसे गर्म दिन का नया रिकॉर्ड है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले 13 महीनों के तापमान और उससे भी पीछे के तापमान के बीच खासा अंतर रहा है।



21 जुलाई के वैश्विक तापमान का मानचित्र। ● अमृत विचार

बढ़ी बात यह है कि औद्योगिक स्तर पर तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। ज्ञात रहे 2015 के पेरिस समझौते के अनुसार वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस में स्थिर रखना था । मगर नया आंकड़ा बताता है कि वैश्विक ताप इसे पार कर चुका है, जो चिंताजनक है। अब नया अंतिम लक्ष्य इस सदी में तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस नीचे रखना है, जो इस सदी के अंत तक निर्धारित है। यह बढ़ी चुनौती है। यदि इस आंकड़े पर अंकुश नही लगा पाएंगे तो यह बेहद खतरनाक होगा, जो वैष्विक जलवायु में बुरा प्रभाव छोड़ेगा।

वैश्विक औसत तापमान 17.09 डिग्री तक पहुंचा

नैनीताल : सी3एस के जारी आंकड़े के अनुसार इस वर्ष 21 जुलाई को औसत वैश्विक सतही तापमान 17 .09 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जबकि जुलाई 2023 में पृथ्वी ने लगातार चार दिनों तक पृथ्वी पर सबसे गर्म दिन का रिकॉर्ड बनाया, जो 17 .08 रिकार्ड किया गया था। यानी सिर्फ एक वर्ष के अंतराल में .01 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है, जो वास्तव में अधिक है। 17 .08 की दर पिछले कुछ वर्षों में स्थिर बनी रही थी। इससे पूर्व 2016 में वैश्विक औसत तापमाम 16 .8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था।